CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 17°C
सेंसेक्स 76,617.44
23,332.35
सोना 93,720
चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 3 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 233 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अस्पताल में भर्ती**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**जैकब डफी आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून

## विपक्ष के विरोध के बीच वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन करने वाले वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 को पेश किया और कहा कि यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से दान की गई संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के लिए है, ताकि मुस्लिम समाज के गरीबों एवं महिलाओं की तकदीर बदली जा सके।

सदन में प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के उपरान्त अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का नाम वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 तथा मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024 को सदन के विचार एवं पारित करने के लिए रखने को पुकारा। सदन में उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से आरएसपी के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने विधेयक के मसौदे पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी संयुक्त संसदीय समिति को विधेयक के पाठ को बदलने का हक नहीं है। अलबत्ता सरकार और मंत्री यह काम कर सकते हैं। इस पर गृह मंत्री श्री शाह ने स्पष्ट किया कि संयुक्त संसदीय समिति ने जिस मसौदे को स्वीकृति दी है, उसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति दिलाने के बाद ही संसद में लाया गया है। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर



**यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं**

**मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों में दखल नहीं दिया जाएगा: अमित शाह**

### वक्फ प्रबंधन समिति में 22 में से 10 लोग मुस्लिम समाज से होंगे: रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसमें वक्फ़ प्रबंधन समिति में 22 लोगों में से 10 मुस्लिम समाज के लोग, दो पूर्व न्यायाधीश, एडवोकेट, मुस्लिम महिलाएं, दो गैर मुस्लिम सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संशोधन विधेयक में देश के कानूनों को जगह देकर ट्रिब्यूनल में लंबित हज़ारों केसों को निस्तारित करने का रास्ता खोजा है

# विपक्ष ने कहा सरासर गलत

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को सरकार की संविधान विरोधी नीति का परिणाम बताया और कहा कि इस विधेयक को लाकर भाजपा देश में भ्रम फैला रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है।

- **वक्फ विधेयक संविधान पर हमला, सरकार फैला रही है भ्रम**
- **समाज को बांटने का काम कर रही है भाजपा: गोगोई**

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू द्वारा सदन में विधेयक को चर्चा करके पारित करने के लिए प्रस्ताव पर बहस शुरू करते हुए कहा कि विपक्ष भी चाहता है कि कानून में आवश्यक संशोधन हो, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। देश का संविधान हर व्यक्ति को बराबरी, मौलिक अधिकारों की रक्षा, संघीय ढांचे की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित करने की बात करता है, लेकिन सरकार का वक्फ विधेयक संविधान पर आक्रमण है और भ्रम फैलाकर समाज को विभाजित कर वोट बैंक की हिफाजत करना है। उनका कहना था कि सरकार यह कहते हुए भ्रम फैला रही है कि विधेयक पर व्यापक रूप से चर्चा हुई है जबकि सरकार इस पर मनमानी करती रही और सदन में व्यापक चर्चा की बात कर भ्रम फैला रही है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक को लेकर जो बैठकें हुई है उन बैठकों के मिनट्स सरकार सदन में रखेगी, तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यह विधेयक अल्पसंख्यक मंत्रालय नहीं बल्कि किसी और मंत्रालय ने तैयार किया है, इसलिए इसमें अल्पसंख्यकों के हितों के कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वक्फ कर सकता है, लेकिन सरकार इस कानून के जरिए एक व्यक्ति के अधिकार को छीनने का काम कर रही है।

## कुणाल कामरा को तीसरा समन, पांच अप्रैल को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को दो समन भेज चुकी है। इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था 'एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड'। कामरा ने लिखा आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं। कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था।

## संसद ने ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और व्यक्तियों के अधिकारों तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभापति जंगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है और इस मौके पर यह सदन इस रोग से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सदन ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## पिछड़ा वर्ग के समूहों ने दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया शुरू

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ राष्ट्रीय समिति के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समूहों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और केंद्र सरकार से 42 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करके लागू करने की मांग की। तेलंगाना विधानसभा ने पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित कर दिया है, जिसके तहत शिक्षा, रोजगार और राजनीति में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

## पुर्तगाल व स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी सात अप्रैल को चार दिन की पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी, जिससे दोनों यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत तथा व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति सात से दस अप्रैल तक इन दोनों देशों की यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सूसा के निमंत्रण पर 7 और 8 अप्रैल तक पुर्तगाल की यात्रा पर रहेंगी। यह यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

## हाईकोर्ट ने पूर्व एमयूडीए प्रमुख को दी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के पूर्व आयुक्त डीबी नटेशा को जारी ईडी के समन को रद्द करने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने हालांकि, स्पष्ट किया कि यह आदेश मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को कथित अवैध भूमि आवंटन की चल रही जांच में बाधा नहीं डालेगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि इस तरह की रोक की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाती।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेवंत रेड्डी के 'कोई उपचुनाव नहीं होगा' वाले बयान पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर से सदन में दिए गए इस बयान पर कार्रवाई कि अगर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे, पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सदन में मुख्यमंत्री के इस बयान के लिए उनकी खिंचाई की। पीठ ने कहा कि यदि यह सदन में कहा जाता है, तो आपके माननीय मुख्यमंत्री 10वीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं। रामलीला मैदान में राजनेताओं द्वारा कही गई बात सदन में कही गई बात से अलग है। पीठ ने कहा कि जब राजनेता विधानसभा में कुछ कहते हैं, तो उसमें कुछ पवित्रता होती है।

- **तेलंगाना सीएम ने अपने बयान में कहा था अगर बीआरएस के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे**

वास्तव में निर्णय/ निर्णयों में कहा गया है कि जब हम कानूनों की व्याख्या करते हैं, तो सदन में भाषण देने वाले माननीय मंत्री के बयान का उपयोग उस कानून की व्याख्या के लिए किया जा सकता है। विधायी कार्यवाही पर न्यायिक जांच से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत प्रतिरक्षा का हवाला देते हुए बीआरएस से कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 पार्टी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी, इस पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। श्री रेड्डी ने 27 मार्च को कथित तौर पर यह बयान राज्य विधानसभा में 2025-26 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए दिया।

# एलओसी पर सेना ने पांच घुसपैठिए किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई।

एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा कि एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। सेना ने कहा कि हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के डीजीएसएमओ समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

- **पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की**

# देश में आने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर: राय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने देश में प्रवेश, निवास और यात्रा से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल तथा पारदर्शी बनाने और विदेशियों तथा आप्रवासन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने वाले आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक 2025 को विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इसके साथ ही इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले की पारित कर चुकी है। विपक्षी सदस्यों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिगर्मन किया। श्री राय ने कहा कि पुराने कानून के कमजोर और बिखरे हुए होने के कारण संबंधित कानूनों को समाहित करके नया कानून बनाना जरूरी हो गया था। यह विधेयक देश की आंतरिक सुरक्षा तथा अर्थतंत्र को मजबूती देगा और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए मजबूत नींव रखने के लिए लाया गया है। यह विधेयक देश देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त विदेशियों को देश से बाहर निकालने तथा उनके देश में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए लाया गया है।

- **आप्रवास विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी**

# नक्सल विरोधी अभियान: मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली धराशायी

भोपाल, वार्ता

**केन्द्र एवं मध्य** प्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्य प्रदेश- महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के केबी डिवीजन की भोरमदेव एरिया कमेटी के दो हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरुद्ध लगातार आक्रामक कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार- गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की सूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। बुधवार सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्रवाई में दो वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गई। इनके कब्जे से एक एसएलआर राइफल तथा एक अन्य राइफल, भरी मैगजीन, एक वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

## ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को 42 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डाक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे आर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# बिहार में पुल ढहने के मामले में जांच के लिए दायर याचिका पटना हाईकोर्ट स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में कई पुलों के ढहने की घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग वाली जनहित याचिका को बुधवार को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

याचिका में यह गुहार लगाई है कि एक साथ कई पुलों के ढहने की घटनाओं की संपूर्ण संरचनात्मक ऑडिट और कमजोर पुलों का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने बिहार सरकार के जवाबी हलफनामे में दिए गए विवरणों की समीक्षा करने के बाद मामले को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि हमने जवाबी हलफनामे को देखा है और हम इसे पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर रहे हैं। हलफनामे में निरीक्षण और किए जा रहे उपायों का विवरण है। याचिकाकर्ता के वकील ने कार्यवाही के दौरान इस बात पर जोर दिया कि बिना किसी तीसरे पक्ष के निरीक्षण के कई पुल ढह गए थे। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति कुमार ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तीन निर्माणाधीन पुल ढह गए।

## भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध: सीजेआई खन्ना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा कि भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने इन संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयरलैंड तथा भारत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों पर ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं। इसके अतिरिक्त यह सिद्धांत कि भारत राज्यों का संघ है, आयरिश संविधान से लिया गया था। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 आयरिश संविधान के अनुच्छेद 5 से समानता रखता है। मुख्य न्यायाधीश ने अदालती कार्यवाही के दौरान कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आयरलैंड के शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जेरार्ड होगन हमारे साथ हैं।

## महादेव सट्टा एप मामले में बघेल पर प्राथमिकी दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने महादेव सट्टा एप मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 21 आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले में श्री बघेल को आरोपी बनाया गया है। वह छह नंबर के आरोपी बनाए गए हैं। प्राथमिकी के बाद सीबीआई इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने हाल ही में देशभर में श्री भूपेश बघेल समेत तमाम आरोपियों के 60 जगहों पर छापेमारी की थी। कई राजनेता, नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी। इनमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापे मारे गए थे।

# हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो युवतियों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के जीरो प्वाइंट पर मंगलवार रात 12 बजे सीमेंट की पाइप से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार हरियाणा के रोहतक की मॉडल टाउन निवासी सिमरन (18) और शिवानी (25) की मौत हो गई। वहीं युवतियों के दो दोस्त राहुल और संजू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों दोस्त 31 मार्च की सुबह नैनीताल गए थे।



पुलिस के अनुसार, कार सवार चारों दोस्त नैनीताल से वापस हरियाणा जा रहे थे। काशीपुर के रास्ते मुरादाबाद पहुंचे थे। जैसे ही उनकी कार मूंढापांडे क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक कार को 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। इसके बाद कार निर्यात फर्म की दीवार से टकरा गई। कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल युवकों का उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने बताया -शेष पृष्ठ दो पर

- **दो युवक घायल, कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी**
- **आशंका: कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी**

# लोन नहीं मिलने पर बैंक से लूटा 17 किलो सोना

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक के** दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया कि लूट का मुख्य आरोपी विजय कुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपये का सोना लूटा। पुलिस ने कहा कि आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज मनी हाइस्ट से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रू और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की, ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके। इसके बाद गैंग ने खिड़की से बैंक में एंट्री ली। साइलेंट हाइड्रोलिक आयरन कटर और गैस-कटिंग टूल्स का इस्तेमाल करके बैंक के लॉकर तोड़े। किसी ने भी फोन का इस्तेमाल नहीं किया।

- **मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान, छह आरोपी गिरफ्तार**

# रेस्टोरेंट पर ग्रामीणों का हंगामा

## देह व्यापार का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झालू मार्ग स्थित गांव रुखड़ियो के पास एक देव स्थल के निकट रेस्टोरेंट में देह व्यापार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने रेस्टोरेंट पर पहुंच कर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत किया। ग्रामीण ने कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नहटौर के झालू मार्ग स्थित गांव रूखड़ियो के देव स्थल के निकट एक रेस्टोरेंट पर बुधवार को दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर रेस्टोरेंट में देह व्यापार करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों के हंगामा को देखकर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम प्रधान व ब्लाक प्रमुख भी मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि रेस्टोरेंट में कुछ लड़के व लड़कियां भी मिली, जिन्हें जाने दिया गया।

हंगामा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली। ग्राम प्रधान मनीराम, राजेंद्र, जयपाल, शेर सिंह, महिपाल, घनश्याम, ओमपाल, कांति प्रसाद, आदेश कुमार, दीपक कुमार आदि ने बताया कि रेस्टोरेंट में देह व्यापार किया जा रहा है, जिससे माहौल खराब हो रहा है। यह रेस्टोरेंट देव स्थल के पास खुला है। ग्रामीणों ने इस पर पूर्णतया रोक लगाए जाने की मांग की। इसके बाद ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीण थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस से शिकायत की।

कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# रोली चंदन का टीका लगा कर विद्यार्थियों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पित्तनहेडी में शासन के आदेश अनुसार नए सत्र के प्रारंभ के मौके पर विद्यालय में प्रवेश लेने आए विद्यार्थियों का अलग ही अंदाज में विद्यालय स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। ऐसा विचित्र स्वागत पाकर नन्हे मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि गांव में एक दिन पूर्व ही नवीन प्रवेश हेतु ढोल से मुनादी कराई गई। फलत:विद्यालय में प्रात: काल 8:00 बजे से ही नवीन प्रवेश लेने वाले बच्चे आ चुके थे। विद्यालय के बच्चों ने उन पर पुष्प वर्षा की तथा तालियों से स्वागत किया। नेहा मैडम द्वारा रोली चंदन का टीका लगाया। प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाई और बच्चों ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। ऐसा विचित्र स्वागत पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे व नामांकन कराकर बहुत प्रसन्नचित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को निशुल्क स्टेशनरी तथा एमडीएम में खीर भी वितरित की गई। कार्यक्रम में नेहा सैनी सुमन रेखा मेघनाथ व एमसी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दिशा में जया व पायल रही प्रथम



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस के बीबीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित किया गया। जिसमें छात्रा जया सिंह पुत्री विनय कुमार एवं छात्रा पायल सैनी पुत्री प्रीतम सैनी ने 70.57% अंक पाकर संयुक्त रूप से इंस्टीट्यूट मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा फबीहा शमशी पुत्री नदीम शमशी 69.86% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहीं। छात्रा सानिया पुत्री मतीर अहमद 69.57% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। संस्थान महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक गौरव सिंह, विभागाध्यक्ष ब्रजनेश सिसौदिया, डा. एकता मलिक, नाजिश, राजेश कुमार, निधि चौहान, डा. समीर अहमद आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाँए दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी छात्र/छात्राओं को अधिक से अधिक प्रयत्न कर कामयावी की ऊचाईयों को छुने के लिए प्रेरित किया गया।

### प्रशासनिक भवन का उद्घाटन



**धामपुर।** भारत स्वरूप अकेडमी में नये प्रशासनिक भवन व भारत स्वरूप अकेडमी जिनके नाम पर यह स्कूल है। उनकी मूर्तियों का अनावरण किया गया। कार्यक्रम समारोह के मुख्य अतिथि डा. सोमपाल सिंह एवं डा. वीके मौर्य, विद्यालय के संस्थापक पुखराज सिंह, चौयरमेन डा. लोकवीर सिंह, प्रधानाचार्य परीक्षित कुमार द्वारा कार्यक्रम शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, शिव तांडव राधा कृष्णा की मनमोहक छाँकियों आदि को विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। अन्त में विद्यालय के संस्थापक पुखराज सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये अभिभावकों, अध्यापकों छात्र-छात्राओं एवं दूरद. राज से आये समस्त अतिथिगण का उत्साहवर्धन किया।

### माता भगवती का गुणगान



**शेरकोट।** माता रानी के नवरात्रों के अवसर पर फलहारी भोजन का आयोजन किया गया। मौहल्ला वीरथला निवासी महिला डोली रस्तौगी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने जोत प्रज्वलित कर ढोलक की थाप के साथ मधुर भजन कीर्तन किया। महिलाओं ने माता भगवती का गुणगान कर फलहारी भोजन का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रीता रस्तौगी, रेशू रस्तौगी, उमा रुहेला, अंजू चौहान, उर्मिला गहलौत सहित 40 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं। इस आयोजन में महिलाओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। डोली रस्तौगी ने बताया कि यह आयोजन नवरात्रों के त्यौहार के अवसर पर आयोजित किया गया जाता है, जो माता रानी की भक्ति और पूजा का प्रतीक है।

### बी.बी.ए. पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस के बी.बी.ए. पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मंदीप चिकारा ने बताया कि एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित परिणाम में बी.बी.ए. पंचम सेमेस्टर में नियासा तोमर ने प्रथम, कनिष्का राठी ने द्वितीय तथा तनु सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कॉलेज के प्राचार्य डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। कॉलेज संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. एससी जैन, सहायक प्रवक्ता डा. दुष्यन्त कुमार जैन, नीरज अपरवाल, प्रियंका राजन अग्रवाल, रोहित राजपूत एवं नूतन चौधरी, मेहर चन्द ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खाद्य विभाग की टीम के आने की सूचना पर शटर गिराकर भागे व्यापारी

## कई व्यापारियों की दुकानें शाम तक रही बंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** खाद्य विभाग की टीम के आने की सूचना पर कई किराना व्यापारी व मिठाई विक्रेता अपनी दुकानों के शटर गिरा कर भूमिगत हो गए। नवरात्र में कुट्टू आटे आदि के सेंपलिंग के लिए टीम आने की सूचना पर हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष नवरात्रों के मौके पर कुट्टू का आटा खाने से जिले भर में सैकड़ों की संख्या में लोग बीमार हो गए थे। इसके दृष्टिगत खाद्य विभाग इस वर्ष सतर्कता बरत रही है और कुट्टू के आटे की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नहटौर नगर में खाद्य विभाग की टीम आने की सूचना फैल गई। जिसको लेकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया और किराना व्यापारी अपनी दुकानों के शटर गिरकर भूमिगत हो गए। खाद्य विभाग की टीम की सैंपलिंग भरने की सूचना पर कुछ मिठाई विक्रेता भी अपनी दुकानों को बंद कर करके भूमिगत हो गए।

बताया जाता है खाद्य विभाग की टीम ने होली पर्व पर अभियान चलाते हुए पांच व्यापारों की सैंपलिंग की थी। सेंपलिंग के डर से ही व्यापारी भूमिगत रहे। बुधवार की शाम तक कई व्यापारियों की दुकान बंद रही।

# दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण

## मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिक परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। मेधावी छात्र -छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा प्रधानाचार्य विनीत कुमार ने की। जबकि संबद्ध प्राइमरी विभाग का परीक्षाफल प्राइमरी प्रभारी विजय वर्मा ने घोषित किया। प्रधानाचार्य के अनुसार जूनियर वर्ग में कक्षा छह की छात्रा जिया रुहेला 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप रही। वहीं सीनियर वर्ग में कक्षा नौ की छात्रा निमिशा पाल 80 प्रतिशत, कक्षा 11 कला वर्ग की लियना 86 प्रतिशत तथा विज्ञान वर्ग की आयशा ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। प्राइमरी वर्ग में कक्षा दो के अभय 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टोपर रहे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनीत कुमार ने अपने प्रेरणादायक सम्बोधन में छात्र छात्राओं को कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। बल्कि यह एक ऐसा पथ है, जो व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास में सहायक होता है।

# सेवानिवृत होने पर दी विदाई



## पालिका कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नगर पालिका परिषद के सफाई नायक व सफाईकर्मी को पालिका कार्यालय में सेवानिवृत होने पर नम आंखों से फूलमालाओं व शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में सफाई नायक हरकेश सिंह व सफाईकर्मी राजू को 31 मार्च को उनकी सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी गयी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी व लिपिक ताहिर हुसैन ने दोनों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने जो अपनी सेवा कार्यकाल में पालिका में अच्छा कार्य किया है। उसको भुलाया नहीं जा सकता है। इन दोनों की कमी पालिका को खलती रहेगी। अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने सेवानिवृत हुए कर्मचारी के कार्यों की सरहाना करते हुए कहा कि इन्होंने अपनी कार्यकाल में अच्छा काम किया है, जो सरहानी है।

इस मौके पर सेवानिवृत दोनों कर्मियों ने कहा कि उनके कार्यकाल में उन्हें जो अधिकारी व कर्मचारियों का सहयोग मिला है, उसे जिन्दगी भर नहीं भुलाया जा सकता और भविष्य में भी यदि मैं पालिका के किसी काम आ सका, तो वह सेवा करने को हमेशा तैयार रहेंगे। अन्य पालिका कर्मचारी की ओर से भी उन्होंने स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ-साथ फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया। विदाई समारोह में कर्मचारियों ने बैण्ड बाजे के साथ विदाई दी। इस मौके पर ताहिर हुसैन, पूर्व लिपिक हरिराज सिंह, फईम अहमद सहित आदि मौजूद रहे।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला शेखान निवासी अनीस पुत्र आदिल अपने साथी के ग्राम मंसूर सराय की ओर जा रहा था। सामने से आ रहा लोडर की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें अनीस पुत्र आदिल व उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस व आम जनता के सहयोग से दोनों को स्थानीय सीएचसी में लाया गया जहां से आदिल की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर किया गया है।



# प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

## आरएसएम पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** बिजनौर मार्ग स्थित आरएसएम पब्लिक स्कूल असदपुर धमरौली मे प्रधानाचार्य कोमल सिंह यादव ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया।

नर्सरी कक्षा में आशीष, अफनान, गर्व यादव, कक्षा एलकेजी में तैमूर अली, अनमोल, तेजल, कक्षा यूकेजी में मीत सैनी, निव्या, रितिका, कक्षा एक में देवांश शर्मा, ओवेश, रुद्र, युग यादव, हर्ष, कक्षा दो हनी यादव, रूही यादव, रिया सैनी, कक्षा तीन में यशी, वंशिका यादव, गायत्री, कक्षा चार में कंचन, अनमोल, अनिकेत, कक्षा पांच मे प्रीत कौर, जिया, गौरव कुमार, कक्षा छ: में परिधि, काजल यादव, उमंग यादव कक्षा सात में रिया, वंशिका, मनीष यादव, कक्षा आठ में अवनी शर्मा, गुनिका पाल, जारा ने क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि क्राइम इंस्पेक्टर नरेश पाल यादव ने प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया व सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि हमें कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा दी, जिससे की हमारा आना वाला कल सुनहरा होगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश यादव, शोभा यादव, सोमवीर त्यागी, शबनम, मोनिका, नेहा, हर्ष शर्मा, मंजू व अभिभावक आदि मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा.....

किसी नियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जेपीसी ने विधेयक में कई संशोधन किए हैं। कांग्रेस के जमाने में कमेटियां ठप्पा होतीं थीं। हमारे समय में कमेटियां विचार करके जरूरी परिवर्तन करतीं हैं। इसके बाद अध्यक्ष श्री बिरला ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज करके विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान की। श्री रिजिजू ने विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी ने इस विधेयक के बारे में अभूतपूर्व परिश्रम किया है। करीब 97 लाख, 27 हजार 772 सुझावों, अपीलों, ज्ञापनों एवं सिफारिशों का निस्तारण किया है। सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, अलग-अलग संगठनों, धार्मिक समुदायों, शोधकर्ताओं आदि ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जो लोग इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, इसके तथ्यों के बारे में जानकर उनका दिल बदलेगा और वे सब समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंध का मामला है और इससे किसी धर्म के कार्यकलाप में कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी धार्मिक कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, यह कोई मंदिर, मस्जिद का विषय नहीं है। यह शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंध मुतव्वली करता है और यह विधेयक उसी प्रबंध से संबंधित है। संसदीय कार्य मंत्री ने इस संबंध में केरल और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय के तीन निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि तीनों ही निर्णयों में न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम वक्फ या हिन्दू मंदिरों की संपत्तियों के प्रबंध का काम स्वाभाविक रूप से सेक्युलर (गैरधार्मिक प्रकृति का काम) है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में 'आप यह तर्क बंद करें, कि मुसलमानों (की संपत्ति) के मामले में गैर-मुस्लिम को क्यों जोड़ा जा रहा है।' मंत्री ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर वोट बैंक की निरर्थक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय की दिल्ली में 123 संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया था। श्री रिजिजू ने कहा कि आपको तो इसका फायदा हुआ नहीं, आप चुनाव हार गए। फिर ऐसा काम क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस विधेयक पर चर्चा करनी चाहिए और इसको लेकर कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। यह विधेयक किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि मुसलमानों के हित में है और तमाम मुसलमान चाहते हैं कि वक्फ की संपत्तियों का कायदे से प्रबंध हो। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू नेकहा कि यह कहा जा रहा है कि सेना एवं रेलवे के बाद वक्फ़ के पास सबसे ज़्यादा ज़मीन है, तो यह समझना चाहिए कि रेलवे की जमीन पर पटरी बिछी है और उस पर देश की जनता चलती है। इसलिए रेलवे की ज़मीन देश की ज़मीन है। इसी तरह से सेना की जमीन भी देश की जमीन है, लेकिन वक्फ़ की संपत्ति निजी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज़्यादा वक्फ़ संपत्ति भारत में है, लेकिन हमारा गरीब मुसलमान परेशान क्यों हैं।

### हाईवे पर...

कि कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी। इससे आशंका जताई जा रही कि कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी।मूंढापांडे पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार रात करीब 12 बजे हुए हादसे के बाद दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हाईवे के दोनों छोर पर वाहनों की कई किलोमीटर तक कतार लग गई। मौके पर पहुंची कटघर और मूंढापांडे थानों की पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को हाईवे से हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। नैनीताल से लौट रहे युवक-युवतियों की कार जैसे ही जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे सीमेंट के पाइप से लदे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों के पहिये थमते चले गए। वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई थी। सूचना पाकर कटघर, मूंढापांडे और हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे कार और ट्रक को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे के बाद कार सवार दो युवक और दो युवतियां क्षतिग्रस्त कार में ही फंस गए। ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। हादसा देखकर दौड़े आसपास के लोग अभी कार सवारों को निकालने की कोशिश कर ही रहे थे कि कार में आग लग गई। जैसे-तैसे दोनों युवक तो कार से बाहर निकल आए, लेकिन युवतियां कार में ही फंसी रह गईं। लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। बाद में युवतियों को कार से निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों सिमरन व शिवानी को को मृत घोषित कर दिया।

## सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिया ने कहा कि पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया है।

श्री सिधिया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब प्रधानमंत्री ने इसे पहला अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 54 मंत्रालय के बजट आवंटन 27 हजार करोड़ रुपये का था जो वर्तमान में 91 हजार करोड रुपये प्रति वर्ष हो चुका है जो साढे तीन गुणा अधिक है। उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड़ की लागत से चलाए जा रहे हैं। इन राज्यों के 4500 गांव को 4जी नेटवर्क से जोड़ा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**चैत्रीय नवरात्र**

**षष्ठम कात्यायनी**



नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। चार भुजाओं वाली मां कात्यायनी सिंह पर सवार हैं। उन्होंने एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में कमल का फूल लेकर सुशोभित हैं। साथ ही दूसरे दोनों हाथों में वरमुद्रा और अभयमुद्रा में हैं।



डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा ( बिजनौर )

# हिस्ट्रीशीटर तरूण सहित छह को सश्रम कारावास

## न्यायालय ने अर्थदण्ड भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एससी/एसटी एक्ट ने हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश तरूण उर्फ छोटे सहित छह अभियुक्तों को सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड भी लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नहटौर में वादी अमित कुमार पुत्र खेम सिंह ने तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण महक सिंह उर्फ बड़े जाट आदि छह नामजद एवं तीन अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा जातिसू. चक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ गाली-गलौज की गई। साथ ही जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर तमंचे से फायरिंग की गई। थाना नहटौर में तीस जून 2019 को मुक. दमा अपराध संख्या 192/19 धारा 147, 504, 323 एवं 506 आईपीसी एवं तीन (1) (द) (घ), एससी/एसटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय एससी/एसटी एक्ट ने आज हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर बदमाश तरूण उर्फ छोटे पुत्र जोगेन्द्र सिंह, नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा निवासी महक सिंह, परवेन्द्र सिंह व टिंकू पुत्रगण रणधीर सिंह, व ललित पुत्र फकीरचंद एवं शहर कोतवाली के ग्राम अगरी निवासी योगेश उर्फ चीनू पुत्र अरूण सिंह को विभिन्न धाराओं में एक से चार वर्ष के सश्रम कारावास एवं दस-दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। बताया जाता है कि आरोपी काफी दबंग है।

# मानियावाला के साजिद व जुनैद को तीन-तीन वर्ष का कारावास

## छह हजार रुपये को अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एसपीएल/ईसी एक्ट ने मानियावाला के साजिद व जुनैद को तीन-तीन वर्ष के कारावास एवं छह हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला निवासी अनवार अहमद पुत्र निन्हा शाह ने थाना अफजलगढ़ में तहरीर दी थी कि पांच नामजद अभियुक्तों के द्वारा एक राय होकर निर्माण कार्य के विवाद में उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। इस मामले में साजिद व जुनैद सहित कलाम बिहारी, जिशान व रफीउल्लाह को नामजद किया गया था। पुलिस ने धारा 323, 324, 307, 504, 506 व 147 आईपीसी में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में विवेचना शिवाला कलां पुलिस के द्वारा की गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। इस मामले में आज न्यायालय एसपीएल/ईसी एक्ट ने साजिद पुत्र निन्हा शाह एवं उसके पुत्र जुनैद को तीन-तीन वर्ष के कारावास एवं छह हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# सैक्स करने के लिए पीली बांध पर जा रहे प्रेमी युगल

## खतरनाक जंगली जानवरों से भी नहीं डर रहे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रेहड़ थाना क्षेत्र में स्थित पीली बांध को अय्याशी का अड्डा बना लिया गया है। प्रेमी युगल गर्मी के मौसम में यहां पर सैक्स करने के लिए जा रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़, शेरकोट व जसपुर क्षेत्र के प्रेमी युगल बड़ी संख्या में पीली बांध क्षेत्र में घूमते हुए देखे जा सकते हैं। दोपहर व शाम के समय यहां पर प्रेमी युगलों को घूमते हुए देखा जा सकता है। यह खतरों से खेलते हुए जंगली जानवरों की मौजूदगी के बावजूद आगे बढ़ जाते हैं। सूनसान जगह पर मौका पाकर यह सैक्स भी करते है। अक्सर यहां पर कंडोम पड़े हुए देखे जाते हैं।

वैसे तो पीली बांध को परिवारों के घूमने के लिए अच्छी जगह समझा जाता है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी पीली बांध क्षेत्र को चिन्हित किया गया था। लेकिन प्रेमी युगल यहां का माहौल खराब कर रहे हैं। प्रेमी युगल को सरेआम अश्लील हरकतें करते हुए देख कर सभ्य परिवारों के सदस्यों पर बुरा असर पड़ता है। यहां पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। साथ ही नापाक हरकत करने वाले प्रेमी युगलों पर शिकंजा कसने व उनकी निगरानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अक्सर यहां पर शराबियों को भी गला तर करते हुए देखा जा सकता है। यहां पर कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

# छात्रों के स्कूल से घर न पहुंचने पर चिंतित हुए अभिभावक

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के एक स्कूल के बच्चे रोजाना की भांति घर समय पर नहीं पहुंचने पर चिंतित हो उठे। स्कूल की ओर से दोपहर के समय एक मैसेज ग्रुप में भेजा गया। लेकिन उसके अनुरूप भी बच्चे घर नहीं पहुंचे। शहजाद अहमद, दीपक कुमार, गुलफाम, बंटी, इमरान आदि ने बताया कि बच्चों के घर नहीं पहुंचने पर स्कूल में कॉल की गई, लेकिन कॉल रिसिव नहीं होने पर चिंता बढ़ गई। स्कूल जाने पर पता चला कि गेस्ट के देरी से आने के कारण छात्रों को भी स्कूल में रोक रखा था। करीब चार बजे बच्चों को स्कूल से भेजा गया। छोटी कक्षाओं के बच्चे परेशान रहे। तालियों की गड़गड़ाहट के लिए बच्चों को करीब एक घंटे तक फील्ड में खड़ा रखा गया। एक बच्चे को चक्कर आने पर उसे छाया में करना पड़ा। स्कूल प्रशासन की मनमानी को छात्रों को झेलना पड़ा। अभिभावक प्रिसिंपल को फोन करते रहे, लेकिन उनका फोन रिसिव तक नहीं किया गया है।

# बुंदकी में विपिन की मौत



**बुंदकी।** क्षेत्र में लगातार हादसे हो रहे हैं। तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाने वाले दूसरों को अपना शिकार बना रहे हैं। ग्राम कांठपुर, थाना मण्डावली निवासी विपिन (40 वर्ष) अपने पिता चंद्रपाल जोशी के साथ बाइक से ग्राम रायपुर आ रहे थे। इस बीच थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम जोगीरम्पुरी व कनकपुर के बीच नदी की पुलिया पर विप. रीत दिशा से जा रहे बाइक संख्या यूपी 20 एएम 0463 के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे विपिन व चंदपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समीपुर में पहुंचाया गया। लेकिन गंभीर रूप से घायल विपिन की मौत हो गई।

## एक नजर

### खडंजा निर्माण से राहत

**बूंदकी।** सिंचाई विभाग के द्वारा नहर की पटरी पर खडंजा का निर्माण कराए जाने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बूंदकी शुगर मिल में गन्ना लेकर जाने वाले किसानों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। ग्राम प्रधान महीपाल सिंह, घसीटा सिंह चौहान, शराफत अली, सुभाष चौहान, कुंवर शरद कुमार सिंह, भोपाल प्रजापति, गन्ना समिति अध्यक्ष डालचंद चौहान आदि ने खुशी जताई है।

### बिजनौर में पुलिस का फ्लैग मार्च



**बिजनौर।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद मुख्यालय पर एएसपी नगर के नेतृत्व में पुलिस फोर्स के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस फोर्स के द्वारा मुख्य बाजार सहित सिविल लाइन में फ्लैग मार्च किया गया।

### दुर्गा मंदिर में शिवालय की प्राण प्रतिष्ठा



**स्योहारा।** रेलवे स्टेशन पर स्थित दुर्गा माता मंदिर का पुन: निर्माण कराया गया। मंदिर में डा. मनोज वर्मा व डा. लिपीसेन वर्मा ने शिवालय की प्राण प्रतिष्ठा कराई। पंडित राकेश शर्मा ने विधिवत पूजन कर शिवलिंग व शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस दौरान धर्मनंदा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. मनोज वर्मा ने बताया कि यह ट्रस्ट समाज की सेवा के लिए बनाया गया है। जिसमें डा. मनोज वर्मा, डा. लिपिसैन वर्मा, राजीव वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख रश्मि वर्मा, मनोज भटनागर, संजय जैन, मुकेश रस्तौगी, डा. महेंद्र, कुलदीप, देशबंधु, पियुष रस्तौगी, डा. अजय राणा, प्राशांत रस्तौगी, विशाल चौहान, बिट्टू रस्तौगी, रजत रस्तौगी, अनिल कुशवाहा, अन्नू विश्नोई, शौर्य वर्मा, यश चौहान आदि मौजूद रहे।

# डॉ. शकील हाशमी को वोट न देने की कीमत चुका रहा अवाम

## चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में जन समस्याओं का समाधान नहीं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पिछले विधानसभा चुनाव में चांदपुर क्षेत्र से बसपा के साफ-सुथरी छवि के ईमानदार प्रत्याशी रहे डॉ. शकील हाशमी को वोट न देने की कीमत अवाम को चुकानी पड़ रही है। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में सपा के पक्ष में लहर चलने की वजह से जनपद में कई ऐसे प्रत्याशी चुनाव हार गए थे, जो अवाम के लिए बहुत कुछ करते और हर समय उपलब्ध रहते। साथ ही वह अपनी सम्पत्तियां बचाने एवं सिर्फ अपने ही समर्थकों की भलाई करने तक सीमित नहीं रहते। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा ने डॉ. शकील हाशमी को टिकट दिया था। उनकी जीत के मजबूत समीकरण थे। लेकिन सपा के पक्ष में लहर चलने की वजह से मुस्लिम समाज ने ही उन्हें वोट नहीं दिए थे। वह चुनाव हार गए थे। लेकिन उनके चुनाव हारने की कीमत अवाम को अब चुकानी पड़ रही है। अवाम की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। समस्याएं सुनने के नाम पर सिर्फ नौटंकी हो रही है। चांदपुर क्षेत्र की जनता सबसे ज्यादा परेशान है। चांदपुर क्षेत्र के ग्रामों का सबसे ज्यादा बुरा हाल है। यहां पर विकास कार्यों की सबसे ज्यादा जरूरत थी। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में कई मार्गों की हालत इतनी ज्यादा खस्ता है कि उन पर वाहन दौड़ाना तो बहुत दूर की बात, धीरे-धीरे चलाना भी खतरे से खाली नहीं रहता है। चांदपुर क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर अवाम से न तो पूछा जाता है और न ही प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाते है। अवाम खुद को लाचार व मजबूर समझ रहा है। वैसे भी मौजूदा दौर में भाजपा को वोट न देने वाले मतदाताओं की कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। उन्हें तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अपना जनप्रतिनिधि होता, तो कम से कम वह उसके सामने दर्द तो बयां कर सकते थे। लेकिन अब न तो कोई दर्द सुनने वाला है और न ही दर्द दूर करने वाला है। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र का अवाम जिस तरह से पिछले विधानसभा चुनाव में धोखा खा चुका है, उससे सबक जरूर लेगा।

# दूसरों को फंसाने के लिए निपेन्द्र ने अपने हाथ में मार ली गोली

## पुलिस की जांच में खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दूसरों को फंसाने के लिए अपनी बाजू में गोली मारने वाले निपेन्द्र को चांदपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक अप्रैल को चांदपुर थाने में दया विहार कॉलोनी निवासी निपेन्द्र पुत्र विजयपाल सिंह ने तहरीर दी थी कि 31 मार्च को रुपए के लेने-देन को लेकर दो अज्ञात युवकों द्वारा उसे जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 126 (2) व 109 (1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने जब वादी निपेन्द्र से पूछताछ की, तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि उसने गांव के ही विपिन कुमार पुत्र बलवीर सिंह से कुछ रुपए उधार ले रखे थे।

विपिन रुपयों की वापसी के लिए निपेन्द्र से बार-बार तकाजा कर रहा था। जिसको देखते हुए निपेन्द्र ने विपिन को झूठे मुकदमे में फंसाने का षडयंत्र रचा, ताकि वह रुपए न दे। इसी षडयंत्र को अंजाम देने के उद्देश्य से निपेन्द्र ने तमंचे का इंतेजाम कर अपनी दाहिनी बाजू पर गोली मार ली और तमंचे को उसने कुछ ही दूरी पर झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने अभियोग में धारा 109 (1) व 126 (2) बीएनएस को हटा दिया। साथ ही धारा 229 बीएनएस व 3/25 आयुद्ध अधिनियम की बढ़ोतरी की गई। आयुद्ध ने निपेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। उससे तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया है।

# नूरपुर में इकबाल व सरफराज अरेस्ट

**बिजनौर।** वादी अंकित कुमार पुत्र मुन्ने सिंह निवासी ग्राम पंडिया ने चार मार्च को नूरपुर थाने में तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा उसकी दुकान से कीमती सामान चोरी कर लिया गया। नूरपुर पुलिस ने धारा 305 (क) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। इस बीच 21 मार्च को थाना नूरपुर में मौहल्ला बंजारान निवासी मौहम्मद इसरार पुत्र रहमतुल्ला ने तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्त के द्वारा उसकी दुकान के गल्ले से तीस हजार रुपए चोरी कर लिए गए। पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त इकबाल पुत्र मकबूल निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर दहाना एवं सरफराज पुत्र शहजाद निवासी ग्राम गांवड़ी पनियाला का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से दोनों अभियोगों की तीस हजार रुपए की नकदी भी बरामद की गई है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने ग्राम ताजपुर में एक दुकान में छत के रास्ते से घुस कर सामान चोरी किया था। दोनों अभियुक्तों का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

# आतिशबाजी निर्माण व विक्रय स्थलों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज जनपद के समस्त प्रभारी अग्निशमन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत आतिशबाजी निर्माण एवं विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया।

यह निरीक्षण अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से किया गया, जिससे कि आग लगने की किसी भी संभावित घटना को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान करीब 30 लाइसेंस धारकों को एक्सप्लोसिव एक्ट/रूल्स के नियमों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्हें विशेष सावधानी बरतने और सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया गया।



सुरक्षा उपायों के तहत सभी आतिशबाजी विक्रय स्थलों पर अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पर्याप्त मात्रा में रेत, मिट्टी, बालू एवं पानी के ड्रम रखने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही अग्निशमन संबंधी किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# नींदड़ू में दबंगों की खुलेआम गुंडागर्दी, तमंचे से फायरिंग

## कासमी का दांत टूटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नींदड़ू में दबंगों ने खुलेआम गुण्डागर्दी करते हुए तमंचे से फायरिंग की। उन्होंने एक महिला पर जानलेवा हमला कर उसका दांत भी तोड़ दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर थाने में ग्राम नींदड़ू खास के मौहल्ला सादात निवासी जाकिर अली पुत्र साजिद अली ने तहरीर देकर बताया कि ग्राम निवासी गुलजार अहमद, इजहार, अहसाम व जिशान पुत्रगण जुल्फकार अली उर्फ छुट्टन बहुत ही झगड़ालू, दबंग व गुण्डे किस्म के व्यक्ति है। यह उनसे रंजिश रखते है। पूर्व में कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। कल दोपहर लगभग डेढ़ बजे जाकिर अली जब अपने घर में बैठा हुआ था, तो गुलजार अहमद, इजहार, अहसान व जिशान अपने हाथों में लाठी-डण्डे एवं धारदार हथियार लेकर जबरन घर में घुस गए। इन्होंने गालियां देते हुए बिना वजह उसके ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया। उसे बेरहमी से पीटा। जिससे उसके शरीर में काफी गुम चोटें आ गई। शोर सुनकर उनकी बहन कासमी भी आ गई। आरोपियों ने कासमी के ऊपर भी जानलेवा हमला बोल दिया। इजहार ने उनकी बहन के ऊपर जोर से डंडा मारा। जिससे उनकी बहन कासमी का दांत टूट गया तथा शरीर पर कई गुम चोटें आई। गुलजार ने तमंचा निकाल कर दो फायर किए। शोर सुनकर समी, तालिब व जिशान सहित अन्य लोग आ गए। जिन्होंने उन्हें बामुश्किल बचाया। वरना हमलावर गुण्डे उन्हें जान से मार देते।

# धामपुर में खुलकर हो रहा नशे का कारोबार

## नई सराय में नशेड़ियों की तादाद में रिकार्ड इजाफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वैसे तो पूरे जनपद में नशे का कारोबार खुलकर हो रहा है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही न होने की वजह से इसको बढ़ावा मिल रहा है। लेकिन नशे का सबसे बड़ा कारोबार धामपुर में हो रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में पुलिस प्रशासन के द्वारा नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसका फायदा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले उठा रहे है। पूर्व में तत्कालीन एसपी दिनेश कुमार के द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने एवं नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसने के लिए आपरेशन सवेरा के नाम से अभियान चलाया गया था। लेकिन उनके जाने के बाद पुलिस ने इस अभियान को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिसका फायदा नशे के कारोबारी उठा रहे हैं। खासतौर पर धामपुर, शेरकोट एवं स्योहारा क्षेत्र में नशे का कारोबार जम कर हो रहा है। धामपुर के मौहल्ला नई सराय में नशेड़ियों की तादाद में रिकार्ड इजाफा हुआ है। यह मौहल्ला धामपुर में थाने के सामने है। फिर भी नशेड़ियों पर लगाम नहीं कस पा रही है। नशा खरीदने के लिए नशेड़ियों के द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता है। नशेड़ियों से उनके अभिभावकों सहित पूरा मौहल्ला परेशान है।

# दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग

## सपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में मेवाड़ के राजा राणा सांगा पर दिए गए बयान के विरोध में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने 26 मार्च 2025 को आगरा स्थित रामजीलाल सुमन के आवास पर तोड़फोड़ आदि की। इस संबंध में आज विधायक नगीना मनोज पारस के कैंप कार्यालय नगीना से एक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एसडीएम कोर्ट नगीना में पहुंचकर राज्यपाल उत्तर प्रदेश राज भवन लखनऊ को उपजिलाधिकारी नगीना की अनुपस्थिति में क्षेत्राधिकारी नगीना को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उत्तर प्रदेश में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए सशक्त कदम उठाए जाने की मांग की गई। साथ ही राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की सुरक्षा बढ़ाई जाने की भी मांग की गई। इस मौके पर उक्त प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाने की भी मांग की गई।



इस धरना प्रदर्शन में धर्मेंद्र पारस, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीदी माहेगीर, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी उ.प्र. जयप्रकाश सिंह चंदेल, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एससी/ एसटी प्रकोष्ठ उ.प्र. भूरे सिंह, नगर अध्यक्ष नगीना समाजवादी पार्टी काजी सुहैल इकबाल, मास्टर धर्मवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, मौहम्मद हबीब अहमद, मास्टर किशनपाल, मास्टर खूब सिंह, नत्थू सिंह, महावीर पाल सिंह, अशोक कुमार, कैलाश सिंह, छोटन सिंह, डॉ. चतर सिंह, कोमल सिंह, अतुल कुमार, पासवान सिंह, रामचंद्र सिंह, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. सुरेश सिंह, राजपाल सिंह, विजयपाल प्रधान, अरविंद कुमार, अवनीश मालवा, तिलक राम सिंह ग्राम प्रधान मंसूरी, चौधरी दीपक कुमार, महावीर पाल, सुक्के सिंह, मौहम्मद इन्तखाब, वसीम अहमद, मौहम्मद असगर, मौहम्मद जुवैस, जगराम सिंह, गोपाल सिंह, अनिल कुमार, आदि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# भात देने आ रही महिला की हादसे में मौत

## नाराज परिजनों ने मुरादाबाद मार्ग पर बीच सड़क ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुरादाबाद जनपद के कांठ थाना क्षेत्र से छिपरी जा रहे ट्रैक्टर ट्राली सवार एक दलित महिला को पीछे से तेज गति से आ रहे एक अन्य ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई। महिला की मृत्यु के बाद परिजनों तथा रिश्तेदारों ने बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। 1 घंटे बाद आक्रोशित परिजनों को आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। इस दौरान मुरादाबाद तथा धामपुर दिशा की तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई।



जानकारी के अनुसार कांठ निवासी लगभग 60 वर्षीय ओमवती पत्नी मुन्ना सिंह ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर दो दर्जन रिश्तेदारों के साथ धामपुर क्षेत्र के गांव छिपरी जा रहे थे। बताते हैं कि जब यह लोग मुरादाबाद मार्ग पर गांव हैजरी के पास पहुंचे तो चालक ने सड़क किनारे ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर दी। ओमवती शौचालय जाने के बाद वापस ट्रैक्टर ट्राली में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए एक अन्य ट्रैक्टर चालक ने ओमवती को जोरदार टक्कर मार दी। ओमवती की मौके पर ही मृत्यु हो गई। नाराज रिश्तेदारों एवं परिजनों ने बीच सड़क पर अपनी ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर पुलिस क्षेत्रधिकारी सर्वम सिंह धामपुर तथा स्योहारा थाने की पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। करीब १ घंटे तक लगे जाम के चलते वाहनों की भारी भीड़ लग गई। बाद में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाने पर जाम खोल दिया। जाम लगसे से यात्रियों को भारी परेशानी रही।

# हाजी शमशाद फरीदी ने शीतल जल के लिए रखवाए फ्रिजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** शीतल जल सेवा के लिए बड़े शिव मंदिर, गुरुद्वारा परिसर में ग्राम पंचायत ताजपुर की ओर से ग्राम प्रधान श्रीमती फरहाना फरीदी के पति अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी ने बगैर किसी भेदभाव के गर्मी शुरू होते ही शिव मंदिर व गुरुद्वारे पर पानी का फ्रिजर रखवा कर लोगों का दिल जीत लिया है। वहीं हिन्दू समाज में उनके इस काम की सराहना हो रही है। वह ग्राम पंचायत में लगातार विकास करा रहे हैं। उन्होंने मंदिरों व गुरुद्वारे के साथ साथ मस्जिदों के आस पास चौराहों पर भी बहुत जल्दी पानी के फ्रिजर लगायें जायेंगे।

इस मौके पर हाजी शमशाद फरीदी, अरमान अहमद, ग्राम सदस्य अर्जुन गिरी, शाहरुख फरीदी,



अफजाल अहमद, हाजी सुलेमान फरीदी आदि मौजूद रहे।

# घर में बंधक बना कर युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** शादी समारोह में शामिल होने गए एक युवक को कुछ दबंगों ने अपने घर में बंधक बनाकर लाठी डंडों जमकर पीटा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके जाकर युवक को छुड़ाया।

नांगल थाना क्षेत्र के गांव तिसोतरा निवासी मुमताज पत्नी मुशर्रफ ने नांगल पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को वह अपने पति मुशर्रफ, सास शफीकन, ससुर मोहम्मद शमी, पुत्र अहसान के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गांव दिनौडा आए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दिनौडा निवासी नसीम पुत्र कालू और उसके पुत्र वसीम, तरमीम, आलम और प्रार्थिनी (मुमताज) के देवर नईम और उसकी पत्नी समरजहां ने उसके पति मुशर्रफ को अपने घर में बंधक बनाकर सरियों और लाठी



डंडों से जमकर पीटा, जिससे उसका पति खून से लहूलुहान हो गया और बेहोश हो गया। इस घटना की सूचना प्रार्थिनी के पुत्र अहसान ने डायल 112 को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने उसके पति को बंधनमुक्त किया। भी आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। इस मामले पर नांगल पुलिस ने पीड़ित से तहरीर मिलने के बाद घायल को इलाज के लिए भेज दिया।

# हाजी लियाकत ठेकेदार सम्मानित

## सामाजिक संस्था अल्हम्द एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी ने दिया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ईदगाह कमेटी के सरपरस्त को सामाजिक संस्था द्वारा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया।

समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित ईदगाह कमेटी के सरपरस्त हाजी लियाकत ठेकेदार को ईदगाह के बेहतरीन रखरखाव और ईदगाह में कराए विकास कार्यों को लेकर स्थानीय सामाजिक संस्था अल्हम्द एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से ईद उल फितर के मौके पर पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। ईदगाह मानियावाला के इमाम मौलाना नईम अहमद व मौलाना मौहम्मद असलम ने कमेटी के सरपरस्त हाजी लियाकत ठेकेदार को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। इस मौके पर हाजी लियाकत ठेकेदार ने कहा कि ईदगाह में कई दशकों से कोई विकास कार्य नहीं हुए थे। कमेटी द्वारा बहुत कम वक्त में ही ईदगाह की बाउंड्री दुरुस्त कर दी गई



है तथा आरसीसी की सड़कें बनवा दी गई हैं। जल्दी ही वुजू खाना की तामीर का काम शुरू किया जाएगा। जो भी जरूरी काम होंगे वह भी ईदगाह में बहुत जल्द मुकम्मल कर दिए जाएंगे।

इस मौके पर अल्हम्द एजुक. ेशनल वेलफेयर सोसाइटी के सदर कारी मौहम्मद कासिम, फरीद अहमद अंसारी, हाजी जमीर अहमद सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हाथों पर काली पट्टी बांध कर किया कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर अटेवा के आव्हान पर एनपीएस एवं यूपीएस के विरोध में देश व्यापी अभियान के तहत सभी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया एवं ब्लैक डे मनाया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर अटेबा के आव्हान पर एनपीएस एवं यूपीएस के विरोध में देश व्यापी अभियान के तहत सभी सीएचसी कर्मचारियों ने मंगलवार को ब्लैक डे के रूप में मनाते हुए हाथ में में काली पट्टी बांधकर कार्य किया एवं सरकार से सैनिकों सहित देश के सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

इस अवसर पर चीफ फार्मेशिस्ट प्यारेलाल, फार्मेशिस्ट अभय कुमार चौहान, अनमोल सिंह, मगन सिंह आदि करीब आधा दर्जन लोग शामिल रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

## स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के रैली को किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** विकास खण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर गढ़ी में अभिभावक, शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'स्कूल चलो अभियान' को सफल बनाने के उद्देश्य से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

बुधवार को प्रधान अध्यापक विपिन शर्मा के कुशल संचालन में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान जोगिंदर सिंह एवं पत्रकार संजीव मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अलका अग्रवाल ने शासन द्वारा गतिमान विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए कई योजना चला रही है। जिससे कोई भी छात्र आगे की शिक्षा भी नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकता है।

उन्होंने कहा हमारे विद्यालयों में आज प्राइवेइट विद्यालयों की अपेक्षा अधिक योग्य शिक्षक सेवा दे रहें हैं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा पांच की छात्रा जिया पुत्री वीर सिंह का अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छह में चयन होने पर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में 'स्कूल चलो अभियान' को सफल बनाने के उद्देश्य से एक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



बैठक का संचालन करते हुए प्रधान अध्यापक विपिन कुमार शर्मा ने सभी अभिभावकों व विद्यालय प्रबंध समिति के सभी सदस्यों को विद्यालय से सेवित क्षेत्र में 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन करने में सहयोग देने का आह्वान किया। साथ ही शैक्षिक सत्र 2024 -25 का परीक्षा फल परिणाम घोषित किया गया। सभी अतिथिगण के द्वारा बच्चों को रिजल्ट कार्ड वितरित किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय में इंद्रवीर सिंह, सहायक अध्यापक लवि त्यागी, सहायक अध्यापक राकेश कुमार, शशांक कौशिक शिक्षामित्र बीना देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सर्वेश देवी, आंगनबाड़ी सहायिका योगेश कुमार, पंचायत सहायक सोनू कुमार, राजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# नई नवेली दुल्हन प्रेमी के साथ फरार

## पति ने लगाई पत्नी को वापस दिलाने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र में प्रेमी जोड़े अपने मां बाप की इज्जत को तार-तार करने में लगे हुए हैं। आये दिन मां बाप की आंखों में धुल झोक कर रूफू चक्कर हो रहे है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब प्रेमी जोड़े घर से फरार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। नई नवेली दुल्हन अपनी सुसराल वालों की आंखों में धूल झोंककर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई हैं। जब सुबह उठकर देखा, तो वो कमरे में नहीं थी। उनको इधर-उधर तलाश किया, तो उसका कोई कुछ अता-पता नहीं चल पाया। ऐसा लगता है, उसका प्रेमी बहला-फुसला कर भगा ले गया। पति ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। अपनी पत्नी को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नंगली जाजू निवासी एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी गत 11 मार्च को जनपद अमरोहा के थाना क्षेत्र रजबपुर के ग्राम काला खेड़ा निवासी युवती के साथ हुई थी। पीड़ित युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी गत सोमवार को बगैर बताए घर से कहीं चली गई है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित युवक का आरोप है कि अमरोहा के मौहल्ला वासुदेव निवासी युवक लक्की उसकी पत्नी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए अपनी पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। उसका पति अपनी पत्नी को वापस दिलाने के लिए अधिकारियों के दरबार में चक्कर काट रहा है। वहीं यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। हर कोई इस घटना के बारे में चुस्की लेकर मजा ले रहे हैं।

## एक नजर

### युवती सहित पांच बाइक सवार घायल

**नहटौर।** पैजानिया मार्ग पर गांव सदरूद्दीननगर के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवती सहित पांच बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। नजीबाबाद के सुहेल व सैफ अपने रिश्तेदार कासिम गांव सदरूद्दीन नगर निवासी के साथ ईद मिलकर बाईक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बुधवार को नहटौर पैजानिया मार्ग पर गांव सदरूद्दीन नगर के पास चांदपुर के मौहल्ला सराय रफी निवासी आदित्य की बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें आदित्य व युवती प्रियांशी सैनी और कासिम सुहेल व सैफ घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएंगी।

### मनोज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**नहटौर।** मिशन गरीब परिवर्तन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश गिरी ने नहटौर क्षेत्र के गांव टपरौला निवासी एडवोकेट मनोज कुमार गिरी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिसको लेकर मनोज कुमार गिरी के समर्थकों में खुशी का माहौल है। मनोज कुमार गिरी ने बताया कि पार्टी की ओर से जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका निर्वाह वह पूरी मेहनत और लगन के साथ करेंगे।



# जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में शैक्षिक सत्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर से अम्हेड़ा को जाने वाले मार्ग पर स्थित जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में बुधवार को नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम अध्यापकों का विद्यालय प्रबंधन ने तिलक वंदन कर सम्मानित किया गया। उसके उपरांत स्कूल पहुंचे बच्चों का शिक्षकों ने तिलक और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं शुभाशीष प्रदान किए। स्कूलों के परिसर को रंगोली और गुब्बारों से विद्यालय को सजाया गया। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। प्रार्थना सभा में प्रवक्ता विकास पंकज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित कर सभी बच्चों से अनुशासित रहने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर नीता राजपूत, अरुण डबास, अर्जुन कुमार, ललित शर्मा, विक्रांत कुमार, विशाल चाहल, नीरज कुमार, अपूर्व चौहान, सागर चौधरी, स्वाति पाराशर, निशा राजप. ूत, मानसी, पलक, प्रियंका, पूजा, महिमा आदि मौजूद रहे।

# त्यौहारों को लेकर पुलिस अलर्ट

## शांति व्यवस्था के लिए संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन चैकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। रामनवमी, अंबेडकर जयंती और परशुराम जयंती के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सक्रिय हो गई है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर बुधवार से विशेष अभियान शुरू किया गया तथा देर शाम अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में नगीना उपजिलाधिकारी आशुतोष जयसवाल, नगीना क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने नगर में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस अभियान के तहत पुलिस टीमें चिंहित हॉट स्पॉट और आसपास के क्षेत्रों में विशेष नजर रख रही हैं। संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की गहन चैकिंग की जा रही है। पैदल गश्त के जरिए आम लोगों में



सुरक्षा का भरोसा पैदा किया जा रहा है और आवश्यकतानुसार पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है।

# जंगल घूमने गए दो बच्चों पर गुलदार का हमला

## एक बच्चा गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बुधवार शाम 3:30 बजे जंगल घूमने गए दो भाइयों पर गुलदार ने हमला बोल दिया। पड़ोस की खेत पर काम कर रहे व्यक्ति ने बामुश्किल गुलदार से बचाया। लेकिन एक बच्चा घायल हो गया। जिसको परिजनों ने सीएचसी भर्ती कराया। जहां पर प्राइमरी उपचार करने के बाद बच्चे को घर वापस भेज दिया। ग्राम मेवला माफी निवासी 10 वर्षीय लक्षित पुत्र भीमराज अपने तहेरे भाई लव कुश के साथ बुधवार शाम जंगल घूमने के लिए गया था। वहीं खेत पर छुपे गुलदार ने अचानक



उन पर हमला बोल दिया। बच्चों की चीख पुकार सुनकर पास के ही खेत पर काम कर रहे राजेश पुत्र मानसिंह व मुनीम पंडित ने भाग कर गुलदार को भगाया। हमले में बच्चा घायल हो गया। जिसको स्वजनों द्वारा सीएचसी में लाया गया। जहां पर बच्चे का प्राथमिक उपचार करने के बाद वापस घर भेज दिया।

## खोया पाया सूचना

मैं 10 मार्च, 2025 को हाईस्कूल की सनद रोल नम्बर 785661 और इंटरमीडिएट की सनद रोल नम्बर 471313 की फोटो कापी कराने के लिए स्योहारा जा रहा था। रास्ते में उक्त दोनों सनद कही पर गिर गई। जिनका पता नहीं चल सका है। काफी तलाश करने व पूछताछ करने पर भी वह नहीं मिल पाई है। **सुभाष कुमार पुत्र रमेश निवासी ग्राम रामपुर दुल्ली ( झिल्ला ), पोस्ट व थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर।**

# युवक का शव मिलने से हड़कंप

## परिजनों में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** 3 माह पूर्व घर से गए युवक का शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

धामपुर स्थित एसपी पूर्वी कार्यालय के निकट युवक का शव मिलने और उसकी शिनाख्त शेरकोट के मोहल्ला नौंधना निवासी टोनी पुत्र रामगोपाल के रूप में होने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने बताया कि मृतक ब्रश बनाने का काम करता था तथा शेरकोट से बाहर भी अन्य शहरों के ब्रश कारखानों में काम कर चुका था। लेकिन नशे का आदी था। इसी के चलते उसकी पत्नी डोली भी लगभग एक वर्ष पूर्व उसे छोड़कर अपने मायके कंदला शाहकोट चली गई थी। परिजनों के अनुसार फिलहाल लगभग 2 माह पहले ही घर से बिना बताए गया था। परिजनों ने सोचा कि कहीं बाहर काम करने गया होगा। लेकिन अब धामपुर पुलिस से उसका शव पड़े होने की सूचना मिली। मृतक का एक भाई गोविंद लगभग 20 वर्ष से लापता है, जिसका कोई पता नहीं चल सका है। पहले से ही एक भाई के लापता होने का गम झेल रहे परिजनों पर अब एक और दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा।



# प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस मनाया

## बैंक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक द्वारा अपना सातवां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय, बिजनौर परिसर में किया गया। इस महत्वपूर्ण और सारगर्भित आयोजन की अध्यक्षता बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक राजेन्द्र सिंह ने की।

स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक के सम्मानित ग्राहकों की उपस्थिति में केक काटने से हुआ। बैंक के साथ बरसों से जुड़े सम्मानित एवं महत्वपूर्ण ग्राहक निर्देश शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, योगेश कुमार, वरुण अग्रवाल इस मौके पर मंच पर मौजूद रहे। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक राजेन्द्र सिंह ने बैंक की गत वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा क्षेत्र के सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अपने सम्मानित ग्राहकों के भरोसे के बिना हमारे लिए प्रथमा यूपी बैंक को इन ऊंचाइयों पर पहुंचाना संभव नहीं था। उन्होंने ग्राहकों को सम्मान देने व उनके साथ अच्छा व्यवहार करने पर जोर दिया। प्रबंधक कनक रस्तौगी, राजीव कुमार शर्मा, प्रियांशु त्यागी, जितेन्द्र कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किये और बैंक के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर कनक रस्तौगी, राजीव कुमार शर्मा, प्रियांशु त्यागी, जितेन्द्र कुमार, रवि कुमार, अभय प्रताप, विनीत कुमार, रजत पवार, श्रीमती शिखा, श्रीमती प्रीति शर्मा, श्रीमती दिव्या खन्ना, श्रीमती नेहा शर्मा, श्रीमती प्रतिभा सिंह, सुश्री आयुषी, श्री आशीष कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, कार्तिक कुमार रोी. हताश सिंह, राजू आदि बैंक कर्मी उपस्थित रहें। बैंक के सम्मानित ग्राहकों में निर्देश शर्मा, योगेश कुमार, वरुण अग्रवाल, राजू, संजीव कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन रवि कुमार और संचालन विनीत कुमार ने किया।

# टोल प्लाजा की समस्या को लेकर रणनीति तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दौर।** बिलाई मिल गन्ना भुगतान व पानीपत खटीमा मार्ग पर शादीपुर के निकट प्रस्तावित टोल प्लाजा की समस्याओं को लेकर आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा आयुषी सिंधु तेवतिया व मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद नफीस मेवाती ने ग्राम बधावा जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी के निवास पर पहुंचकर रणनीति तैयार की।



बैठक के दौरान संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुषी सिंधु तेवतिया ने कहा कि पिछले कई सालों से बिलाई मिल के किसान गन्ना भुगतान समय से न होने के कारण भारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। बार-बार आंदोलन होने के बावजूद भी शासन-प्रशासन बिलाई मिल गन्ना भुगतान पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। बैठक के दौरान संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि इस समय बच्चों के एडमिशन, शादी समारोह और आगामी फसल की बुवाई का कार्य चल रहा है। जिसके लिए किसानों को गन्ना भुगतान की सख्त आवश्यकता है, लेकिन बिलाई मिल द्वारा गन्ने का भुगतान नहीं किया गया है। इसी दौरान पानीपत खटीमा मार्ग पर शादीपुर के निकट प्रस्तावित टोल प्लाजा को लेकर आयुषी सिंधु तेवतिया ने कहा कि शादीपुर पंचायत में वार्ता के दौरान उप जिलाधिकारी नगीना व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से एसडीओ ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नियमावली के अनुसार टोल प्लाजा स्थापित करने का आश्वासन दिया था। लेकिन जिला प्रशासन वार्ता के दौरान किए गए वादे से मुकर रहा है। और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कानून के नियमावली को ताक पर रखते हुए अपनी मनमर्जी से टोल प्लाजा की नियमावली के विरुद्ध टोल प्लाजा स्थापित करने हेतु कार्य कराया जा रहा है। बिलाई मिल गन्ना भुगतान व टोल प्लाजा को लेकर आयुषी सिंधु तेवतिया ने युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी व जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी को शीघ्र आंदोलन करने की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया।

संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि इन मामलों को लेकर जल्द ही जिला मुख्यालय पर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन युवकों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** नहटौर थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवकों की मौत हो गई। इसके अलावा नहटौर के मौहल्ला पौंगजान के युवक की मौत मुंबई में ट्रेन से गिरकर हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शादीपुर निवासी 24 वर्षीय जितेंद्र शर्मा पुत्र सुरेंद्र शर्मा सोमवार की रात को थाना क्षेत्र के ग्राम मुकर्रमपुर में आयोजित जागरण के कार्यक्रम में आया था। करीब 11 बजे वह बाइक द्वारा अपने घर वापस जा रहा था। नहटौर-नूरपुर मार्ग पर ग्राम समसपुर भट्टे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जितेंद्र नहटौर में कपड़े की दुकान पर नौकरी करता था। शव को पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इसके अलावा ग्राम बैरमाबाद गढ़ी निवासी 23 वर्षीय सोहेल पुत्र शमीम सोमवार को ईद मिलने के लिए ग्राम ज्ञानपुर, थाना नगीना अपने रिश्तेदारों के यहां गया था। बताया जाता है कि सोमवार की रात को घर वापस आ रहा था। ग्राम बल्लाशेरपुर के पास किसी आज्ञत वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ईद की सभी खुशियां मातम में तब्दील हो गई। उसके परिजनों ने कोई भी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर बिना कार्रवाई किए उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक सोहेल दिल्ली में रहकर गाड़ी चलाने का कार्य करता था और वह ईद मनाने के लिए ग्राम आया था। लेकिन उसे यह नहीं पता था। यह उसकी आखिरी ईद होगी। ग्राम में युवक की मौत को लेकर मातम छाया हुआ है।

इसके अलावा मौहल्ला पौंगजान निवासी सगीर सोमवार को मुंबई में लोकल ट्रेन से सफर कर रहा था। उसके परिजनों के अनुसार ट्रेन से गिरने पर कटकर उसकी मौत हो गई। पता चलने पर उसके परिजन उसके शव को लेने के लिए रवाना हो गए।

# ससुर ने की पुत्रवधू की शिकायत, मुकदमा दर्ज

**नगीना।** मोहल्ला अंबेडकर नगर नगीना निवासी मदन सिंह ने सीओ को दिए एक प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पुत्र पारुल की शादी एक मार्च को ग्राम बसेड़ा कुंवर थाना धामपुर निवासी एक युवती के साथ हुई थी। उनकी पुत्रवधू 6 मार्च तक उनके घर रही। 7 मार्च को उसके घर वाले, जिनमें उनके पिता सुरेश, भाई राजन, राजा, अमित, सुमित चाचा संजीव व विनोद व कई महिलाएं और बच्चे उनके घर आए और पुत्रवधु को अपने साथ लिवा ले गए। शादी में चढ़ाया गया सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत करीब 10 लख रुपए है के अलावा 03 लाख रुपए नकद वह अपने परिजनों के साथ लेकर चली गई। यह सब उसने जेवर और नकदी हड़पने का लिए उसके पुत्र के साथ शादी की थी। उसके पश्चात वह सभी सामान लेकर किसी अन्य लड़के के साथ फरार हो गई। पुलिस ने इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# व्यापारी नेता नईम टाटा की हार्टअटैक से मौत

## व्यापारी जगत में शोक की लहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला दरोदग्रान निवासी रेलवे स्टेशन मार्ग पर रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाने वाले प्रसिद्ध व्यापारी नेता समाजसेवी व सभी के सुख-दुख में काम आने वाले हंसमुख, नेक व शरीफ इंसान नईम टाटा (48 वर्ष) की हार्ट-अटैक से मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार व्यापारी नेता कई दिनों से सीने में दर्द की शिकायत के चलते बीमार चल रहे थे। उन्होंने नजीबाबाद में कई अस्पतालों में इलाज कराया मगर उनके सामने हार्ट की किसी तरह की कोई प्राब्लम नहीं आई। काफी पहले से उनकी नसों में दर्द के कारण उनके कई बार सीने व कमर में पेन की शिकायत हो जाती थी। मगर मौहल्ले में फैमली डॉक्टर से इलाज के बाद ही सही हो जाती थी। बुधवार को नईम टाटा को देहरादून इलाज के लिए जाना था तथा इसके लिए उनके भाई ने ट्रेन के टिकट बुक कराने के साथ हार्ट के चिकित्सक से समय ले रखा था। बीती रात करीब साढ़े 11 बजे नईम टाटा खाना खाने के बाद अपने बिस्तर पर बैठे धेवती आदि बच्चों को खिला रहे थे, अचानक वह बेहोश होकर बैड पर ही पीछे को गिर पड़े, तुरंत परिजन उन्हें उपचार के लिए कई नर्सिंग होम पर ले गए। मगर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उनके इंतकाल से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा तथा घर में कोहराम मच गया। उधर, नगर के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। रात से ही उनके निवास पर व्यापारियों व शहर के लोगों का तांता लग गया। उनके इंतकाल की खबर सुनते ही सभी को झटका लगा। नईम टाटा व्यापारियों के बहुत बड़े हमदर्द थे। साथ ही हिंदू-मुस्लिम एकता के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। प्रशासन को नगर के सभी धार्मिक आयोजनों को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में पूरा सहयोग देते थे। वह काफी लोगों को अपना खून तक दे चुके थे। काफी बार उन्होंने अपना ब्लड डोनेट किया। वह करीब 25 साल से व्यापार मंडल से जुड़कर व्यापारी हित की आवाज उठाते हुए उनकी लड़ाई लड़ रहे थे। वह व्यापारियों की आवाज स्थानीय प्रशासन के साथ जिला प्रशासन तक पहुंचाने के लिए काफी आगे रहते थे। नईम टाटा काफी नेकदिल व दूसरे के काम आने वाले इंसान थे। वह हर व्यक्ति के दुख सुख में उसके साथ खड़े हो जाते थे। वह व्यापार मंडल स्टेशन रोड के युवा अध्यक्ष रहने के साथ नवाब नजीबुद्दौला स्थित मस्जिद कमेटी के महामंत्री रहे। पूरे रमजान उन्होंने रोजे रखने के साथ मस्जिद पर रहकर नमाजियों की खिदमत की। व्यापारी नेता नईम टाटा के अचानक इंतकाल से व्यापारी व शहर के लोगों को बड़ा झटका लगा है।



व्यापारी नेता कपिल सर्राफ व व्यापारी नेता शिव कुमार माहेश्वरी का कहना है कि नईम टाटा व्यापारियों के काफी मजबूत नेता था। उनके निधन से व्यापार मंडल का बड़ा नुकसान हुआ है। जिसकी क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती है।

# वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह

## सावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** सावित्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर बल्लाशेरपुर में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह का प्रारंभ मां सरस्वती के सम्मुख रामलाल सिंह और यशपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया।

जानकारी के अनुसार प्रधानाचार्य अर्जुन कुमार शर्मा द्वारा सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई, जिसमें कक्षा पंचम में प्रथम स्थान पर तृषा चौहान, द्वितीय स्थान पर रिया चौहान, तृतीय स्थान पर महक चौहान रही। कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान पर तेंजल, द्वितीय स्थान पर सलोनी, तृतीय स्थान पर शौर्य रहे। कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान पर नमन चौधरी, द्वितीय स्थान पर सुनिधि, तृतीय स्थान पर प्रियल व दक्ष। द्वितीय कक्षा में प्रथम स्थान पर वेदांश, द्वितीय स्थान पर घनिष्ठ, तृतीय स्थान पर माधव चौहान रहे। कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान पर वंश, द्वितीय स्थान पर प्रियांशु, तृतीय स्थान पर भैया तरुण रहे। प्रभात में प्रथम स्थान पर युवी, द्वितीय स्थान पर शिविका और आरुष, निधि भारती रही। तृतीय स्थान पर अनिरुद्ध और आर्यन रहे।



उदय में प्रथम स्थान पर आरुषि धोलियान, द्वितीय स्थान पर अनुष्का, तृतीय स्थान पर वेदिका और जिया रही। अरुण में प्रथम स्थान पर वृष्टि, द्वितीय स्थान पर कनक, तृतीय स्थान पर दीपिका रही। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनपद धामपुर के सम्मानित जिला संपर्क प्रमुख हिमांशु राजपूत ने अपने संबोधन से भैया बहनों को जीवन में आने वाली चुनौती रूपी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने हेतु प्रेरणादायक उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष थम्मन सिंह एवं प्रबंधक जसवंत सिंह भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार आचार्य द्वारा किया गया।

## एक नजर

### सपा सर्वसमाज की पार्टी : मोहसिन



**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला महासचिव हाजी मोहसिन अंसारी ने कहा कि सपा सर्वसमाज की पार्टी है। सपा की सरकार में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते योग्य और पात्र परिवार लाभान्वित हो रहे थे। आज अनेको योजनाएं बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में सर्व समाज का हित सुरक्षित रहा और आज उसमें एक वर्ग विशेष को ज्यादा अहमियत दी जा रही है। उन्होंने सर्वसमाज से सपा से जुड़ने की अपील की और कहा कि जिलेभर मे सपा लगातार मजबूत हो रही है और सपा जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन के नेतृत्व में युवा वर्ग सपा से जुड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र ही चांदपुर में सपाइयो की एक मीटिंग बुलाने और बूथ स्तर पर सपा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अगली रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के हाथों को और अधिक मजबूत बनाने के लिए जनता के बीच जाकर सपा की नीतियों और सपा सरकार मे सर्वसमाज के लिए चलाई गई अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की भी अपील की है।

### पंचायत में किसानों की समस्या का समाधान



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन बरूकी की क्षेत्र की मासिक पंचायत शादीपुर 33 केवीके बिजली घर पर संपन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता विक्रम सिंह और संचालन धर्मवीर सिंह ने किया, जिसमें किसानों की बिजली की समस्याओं पर चर्चा हुई। मासिक पंचायत में क्षेत्र के किसानों ने कहा कि नलकूपों की बिजली 12 घंटे लगातार दी जाए और कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया और कुछ का एक्सईएन बिजनौर व किरतपुर एसडीओ ने 15 दिन का आश्वासन दिया। क्षेत्र की ढीले लाइनों को 15 दिन में खिंचवा दिया जाएगा। गलत बिलों को सही कर दिया जाएगा और बिलाई मिल के किसानों ने मांग की के जब तक उनका गन्ना भुगतान न हो उनके कनेक्शन न काटे जाए। पंचायत में जई और एक्सईएन बिजनौर व किरतपुर एसडीओ को मौके पर बुलाया गया और वहां पंचायत में मौजूद किसानों के बीच में समाधान कराया गया। जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के बिजली किसानों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। पंचायत में बृजेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी, अमरदीप सिंह, तिलकराम खौबे, कार्मेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, बेगराज सिंह, नरपत सिंह, धर्मपाल सिंह, चमन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सौरभ, सुखेंद्र सिंह, राजवीर सिंह कपाली, महेसो देवी, परम सिंह, सुभाष सिंह आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### एमडी इंटरनेशनल का परीक्षाफल घोषित




**राजा का ताजपुर।** निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के प्रतिष्ठित विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सैकंडरी स्कूल वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कार्यक्रम की शुभारंभ प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम में प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय परिसर में होने वाले आगामी विकास कार्यक्रम को संक्षेप में बताया तथा भविष्य में होने वाली गतिविधियों के बारे में भी बताया। प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कुछ विद्यार्थियों को प्रदर्शन के आधार पर प्रोत्साहन पुरस्कार भी वितरित किए गए। उप प्रधानाचार्य अनूप त्यागी ने विद्यार्थियों को दो अप्रैल से शिक्षण कार्य प्रभावी रूप से शुरू करने के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में सभी सम्मानित अभिभावकों को जल-पान कराने के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर प्रिंस कुमार राणा ने प्रभावी रूप से किया।

### नवीन सत्र के शुभारंभ पर हवन-यज्ञ



**नूरपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में विद्यालय का नवीन सत्र प्रारंभ होने के उपलक्ष में ज्ञान की देवी मां सरस्वती के मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के यजमान अंकित जोशी धर्मपत्नी सहित उपस्थित रहे। यज्ञ में विशिष्ट अतिथि के रूप में चेयरमैन डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। यज्ञ में विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ. हर्षवर्धन, अध्यक्ष मेला राम गंभीर, जगेंद्र दत्त शर्मा, आचार्य कृपाल सिंह, गंभीर सिंह, दिनेश कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, गोविंद शरण शर्मा, विक्रांत कुमार एवं समस्त विद्यालय परिवार ने आहुति देकर शांति की प्रार्थना की। यज्ञ के उपरांत विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय के स्थान प्राप्त भैया/बहनों को विद्यालय प्रबंध तंत्र द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया।

### परीक्षाफल देख छात्राओं के चेहरे खिले



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक तथा कोषाध्यक्ष गौरव माहेश्वरी द्वारा पुरस्कार दिया गए। कक्षा 11 में सना प्रवीन, नजफ, अल्फिया, यशिका शर्मा आलिया प्रवीण कक्षा 9 में तुबा, कक्षा 8 में प्रिया राजपूत, गौरी, कक्षा 7 में आरजू, कक्षा 6 में पायल, कक्षा 5 में बरिन, कक्षा 4 में कनिका, कक्षा 3 में आहिला, कक्षा 2 में गौरी तथा कक्षा 1 में गुंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। श्रीमती सविता रानी, नीरज, प्रीती रानी, अमृता चौहान, विनीता रानी आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### रालोद की मासिक बैठक कल



**चांदपुर।** राष्ट्रीय लोकदल की नवजिला कार्यकरिणी व मासिक बैठक व कार्यकर्ता सम्मेलन 4 अप्रैल को दोपहर 11 बजे चांदपुर डाक बंगले पर होगा। यह जानकारी देते हुए युवा रालोद वरिष्ठ नेता हनी तोमर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार होंगे। हनी तोमर ने समस्त रालोद कार्यकर्ताओं से चार अप्रैल को चांदपुर स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले में समय पर पहुंचने की अपील की है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन

**हल्दौर।** चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2082 को डॉक्टर फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में सत्र 2025-26 के शुभारंभ व नववर्ष के उपलक्ष पर हवन यज्ञ के साथ किया गया। यज्ञ में पंडित चंद्रप्रकाश शर्मा, विद्यालय के व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तौगी, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार रस्तौगी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह, समस्त आचार्य, आचार्या एवं विद्यालय के समस्त भैया बहन सम्मिलित रहे। सभी ने यज्ञ में आहुतियां दी। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने यज्ञ में अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी भैया बहनों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

### गन्ना खरीद में तोड़ा पिछला रिकॉर्ड



**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने गन्ना सत्र 2024-25 के फरवरी माह तक लगभग 61 लाख 90 हजार कुंतल गन्ना पैराई कर दिया, जबकि पिछले गन्ना सत्र 2023-24 में लगभग 57 लाख कुंतल गन्ना पैराई किया था। यह जानकारी देते हुए मिल के ही केन डिपार्टमेंट के अधिकारी दीपक कुमार सोलंकी ने बताया कि अभी मार्च माह और अप्रैल माह में गन्ना खरीद जारी है। उन्होंने बताया कि मिल के सकुशल संचालन से क्षेत्रीय गन्ना किसान भाईयों को मिल में गन्ना लाने मे कोई असुविधा नहीं होने दी, जिसके लिए मिल प्रसाशन बधाई का पात्र है।

### सीडी पेश नहीं करने पर अदालत ने चार अप्रैल की तिथि की नियत

# जफर अली को फिर नहीं मिल सकी बेल

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली अदालत ने आज भी राहत नहीं मिल सकी है। पुलिस द्वारा सी डी नहीं भेजने पर जमानत अर्जी पर सुनवायी की तिथि चार अप्रेल नियत की गयी है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को हुई हिंसा में चार माह बाद पूछताछ के लिए बुलाय गए शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली को पुलिस ने 23 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आदित्य सिंह ने जफर अली की जमानत याचिका को खारिज कर

**○ 23 मार्च से जेल में बंद**

दिया था। इस मामले में बीते 24 मार्च को सुनवाई हुई थी, जिसमें अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने जफर अली की जमानत याचिका पर बहस की थी। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने सीडी जमा करने के लिए 27 मार्च की तिथि नियत की थी। लेकिन पुलिस ने सी डी पेश नहीं की थी। जिस पर अदालत ने दो अप्रेल की तिथि सुनवायी के लिए नियत की थी। बुधवार को अदालत में जफर अली के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवायी की जानी थी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया कि शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली की परमानेंट जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, जिस पर उनके अधिवक्ता ने केस डायरी उपलब्ध न होने के कारण उन्हें अंतरिम जमानत देने की मांग की। जिस पर उनके द्वारा यह तथ्य प्रस्तुत किए गए कि उनकी अंतरिम जमानत पहले ही खारिज हो चुकी है. इसीलिए आज भी अंतरिम जमानत याचिका खारिज की जाए. जिस पर न्यायालय ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी और केस डायरी 4 अप्रैल तक उपलब्ध कराने के आदेश दिए। अब परमानेंट जमानत आवेदन पर 4 अप्रैल को ही सुनवायी होगी।

# गंगा स्नान को आए युवक का शव मिला

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गंगाघाट राजघाट पर मंगलवार को स्नान करते समय गहरे पानी में पैर फिसल जाने पर एक युवक गंगा मे डूब गया था। जिसकी तलाश एसडीआरएफ टीम द्वारा जारी रहा।

विदित हो कि मंगलवार को जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर के सिठोली निवासी कुलदीप (26) पुत्र नरेंद्र व अभिषेक (24) पुत्र योगेंद्र यादव राजघाट गंगा स्नान करने को आये थे। दोनों लोग गंगा स्नान करने लगे। तभी कुलदीप का पैर गहरे पानी में चला गया। जिससे वह डूबने लगा। तभी साथ आये अभिषेक ने शोर मचाया तो लोग दौड़ कर पंहुचे और गंगा पर रहने वाले गोताखोर में तलाश में जुटे गये, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ टीम भी शाम आकर लगी रही। बुधवार को टीम वोट के साथ तलाश करती रही। तब करीब 1:30 बजे शव मिला। शव परिजन बिना किसी अग्रिम कार्यवाही के घर ले गये। बबराला गंगाघाट राजघाट पर परिजनों ने बताया कि कुलदीप का परिवार बरेली रहता है।उनकी पत्नी पूजा बैंक कर्मी हैं।उनके एक 4 वर्ष की बेटी है। जबकि उनका भाई नोएडा में प्राइवेट नोकरी करता है। कुलदीप के पिता नरेन्द्र लखीमपुर खीरी में इंस्पेक्टर हैं।कुलदीप के पिता,चाचा व अन्य परिजन मौके पर आ गये थे।



सम्भल-ग्राम भवानीपुर में स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते।

# किताबों के नाम पर हो रही खुली लूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नया शिक्षण सत्र शुरू होते ही स्कूल संचालकों एवं पुस्तक विक्रेताओं ने अभिभावकों की जेबे काटने का अभियान छेड़ दिया है। कमीशन खोरी के इस युग में स्कूल संचालक एवं पुस्तक विक्रेता चांदी काट रहे है, जबकि कुछ स्कूलों में कोर्स के नाम पर लूट बड़े पैमाने पर की जा रही है, मगर अभिभावक खामोशी के साथ लुटने पर मजबूर है।

**○शिक्षा विभाग की मिली भगत से अभिभावकों से लूट**

नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों में पब्लिक स्कूलों की बाढ़ आई हुई। मान्यता प्राप्त हो या गैर मान्यता प्राप्त अधिकांश स्कूल तो मानकों को ही पूरा करने में नाकाम हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की मिली भगत से इन पर काई फर्क पड़ता दिखाई नही दे रहा। इतना ही नही इंगलिश मीडियम के नाम के सहारे चल रही स्कूली दुकानों पर भवन तो होना दूर स्टाफ भी अंग्रेजी के ए का मतलब समझाने में बगले झांकते नज़र आता दिखाई दे जाता है। हद तो यह हो रही है कि शासन की पाबंदी के बावजूद स्कूलों में ही कोर्स की दुकाने खुलवा दी गई हैं। जहां न कोई हिसाब है और न ही कोर्स के रूपयों का बिल बस किताबें थैली में बांधी और मनमानी कीमत हथियाली। शिक्षा विभाग की मिली भगत से हो रहे इस गोरखधंधे में लुट रहा है तो अभिभावक। प्रशासनिक अधिकारी भी इसे लेकर चुप्पी साधे हुए है।

### स्कूल चलो रैली अभियान जागरूकता रैली को बीएसए ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# हर बच्चे को स्कूल भेजना हमारी नैतिक जिम्मेदारी: अलका शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकास क्षेत्र पंवासा के भवानीपुर में न्याय पंचायत स्तरीय नामांकन जागरूकता अभियान के तहत स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी एम.एल. पटेल एवं जिलाध्यक्ष अमीर जहां तुर्की ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस रैली में दतावली, मोहम्मदपुर टांडा, दहेली, हिण्डोली, नसीरपुर, चंदायन, हैबतपुर, आलम सराय, गोविन्दपुर, शेर खां सराय, जोगीपुर,

**○ चहुमुंखी विकास को संकल्पित रहने पर ज़ोर**

आढौल, अल्लीपुर से शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने कहा कि संपूर्ण भारत को साक्षर बनाने एवं देश को आगे बढ़ाने के लिए, हर बालक को विद्यालय में नामांकित कर, उसके चौमुखी विकास हेतु हमें संकल्पित रहना होगा। खंड शिक्षा अधिकारी एम एल पटेल ने उपचारात्मक शिक्षण पर बल देते हुए, नव प्रवेशित छात्रें को अधिक प्यार देने और उनको मुख्य धारा से जोड़ने की आवश्यकता बताई। इसके पश्चात न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों से आए, सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को बीएसए एवं खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं परीक्षाफल वितरित किए एवं सदैव मन लगाकर पढ़ाई करने का आहवान किया। बी एस ए तथा खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में नये प्रवेश लेने वाले नौनिहालों को पाठय पुस्तकों का वितरण किया गया। उधर रैली में सेवाराम सिंह, सुबोध कुमार गुप्ता, तृषा लोधी, गुलाम अब्बास, वसीम अख्तर, इशरत अब्बास, जण्डेल सिंह, राजीव कुमार, सुरजीत सिंह, मौहम्मद जीशान, अरविन्द कुमार, पंचम सिंह, मुनब्बर तविश, रमेश कुमार, सुरजीत सिंह, अमित कुमार,सत्यपाल सिंह, निरुपमा गोयल,मनाजिर हुसैन, पंचम सिंह, वसीउद्दीन, भगवान सिंह, राकेश कुमार, मामराज सिंह, श्यामभवी मिश्रा, हिना नाज, शिवानी शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। रैली का संचालन सेवाराम सिंह और अतुल कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।



सम्भल। मुकदमें में फैसले का दबाव बनाने को दादा की हत्या का कत्ल करने के आरोपी की जानकारी देते एसपी।

## आंगनबाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती के नियुक्ति पत्रों का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों आंगनबाड़ी केन्द्र शिशुशाला, संस्कार शाला एवं पाठशाला होता है। जो बच्चे आगे चलकर कक्षा एक में अध्यन करने के लिए जाते हैं। उनको यहाँ तैयार किया जाता है। उन्होंने नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कहा कि वह बच्चों को अच्छे से पढाएं। पंचतत्व से बच्चों को जोड़ें तथा उन्होंने भारतीय संस्कृति तथा संस्कार सिखाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। आंगनबाड़ी केन्द्र बाल वाटिका का रूप हैं उनको बच्चों के लिए आनंद का स्रोत बनायें। बच्चों को बच्चों की रुचि के अनुसार तथा बच्चा बन कर पढाये तथा बच्चों को क, ख, ग, घ के नियम के आधार पर शिक्षा दें।आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां स्वाध्याय भी करें।

# मानव देह के अनहद नाद चक्र में त्रिगुणात्मक ध्वनि की निर्माता है मां कुष्मांडा: श्रीमाली

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर, श्रंखला के तहत, माँदुर्गा स्तवन की 90 वीं कड़ी, के चौथे दिन आध्यात्मिक गुरू पं. राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में वरिष्ठ प्रतिनिधि आनंद सैनी व बविता सैनी द्वारा माँ दुर्गा को पान फल फूल ध्वजा नारियल शहद दूध पंचमेवा मिश्री अष्टगंध घृत आदि इक्यावन पदार्थो से दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान कर भारत राष्ट्र की प्रगति, श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय,व सभी भक्तो के आनंद को पांचो संध्याओ मे प्रार्थना, नवार्ण महामंत्र, जाप, आरती कर, यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन मोहन श्रीमाली ने कहा की वृह्म की चौथी महा विध्या माँ कुष्मांडा मानव देह के कोढ़ी प्रदेश में स्थित अनहद नाद चक्र में उठने बाली त्रिगुणात्मक ध्वनि की निर्माता है। माँ कुष्मांडा की तपोशक्ति से ही प्रकाश ध्वनि और ताप मानव जीवन को जीवन प्रदान करने का एक मात्र साधन है। इस मौके पर समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली साधना प्रतिनिधि आनंद सैनी प्रचार मंत्री लोकेश श्रीमाली सहित समिति सभी पदाधिकारी व सदस्य व साधक साधिकाएं उपस्थित रहे

# पोते ने ही की थी दादा की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** छप्पर मे सोये वृद्व की गोली मारकर हत्या कांड का पुलिस ने अनावरण कर दिया है। नामजद किए गए हत्यारोपियों को फंसाने के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी जबकि हत्या के मामले में कथित आरोपियों पर दबाव बनाकर समझौता करने के लिए पोते ने ही वृद्व को गोली मारकर मौत की नींद सुलाया गया था। पुलिस ने दूध का दूध पानी का पानी करते हुए हत्यारोपी को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महोरा लखूपुरा निवासी राजेन्द्र सिंह को छप्पर में सोते गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया गया था। हत्या की रिपोर्ट मृतक के पुत्र रवेन्द्र सिंह की और से गांव के ही करूं पुत्र शंकर सिंह व पप्पू पुत्र अमरपाल, रंगरेश पुत्र

**○मुकदमें से बचने को फैसले का दबाव बनाने के लिए पोता बना कातिल**

शंकर सिंह के खिलाफ नामजद दर्ज करायी गयी थी। हत्या का अनावरण करते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि थाना प्रभारी थाना हयातनगर चमन सिंह के नेतृत्व में की गई विवेचना में विरलेश पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम महोरा लखुपुरा प्रकाश में आया। पुलिस ने हत्यारोपी विरलेश को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल तमंचा 315 बोर सहित ससुराल ग्राम रहटोल थाना हजरतनगर गढी से गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि करूं पुत्र शंकर सिंह, पप्पू पुत्र अमरपाल, रंगरेश पुत्र शंकर सिंह निवासी गण महोरा लखुपूरा हत्या करना नही पाया गया। एसपी ने बताया कि पूर्व से थाने पर दर्ज हत्या के के मुकदमा अ. सं. 89/24 में तेजपाल पुत्र राजेन्द्र, विकेश पुत्र तेजपाल, विरलेश पुत्र तेजपाल रंजिश मानते हुए दूसरे पक्ष से समझौता करने को लेकर विरलेश मृतक के (पोता) ने ही अपने बाबा राजेन्द्र पुत्र हजारी (72)की छप्पर मे सोते हुए गोली मारकर हत्या की थी। ताकि दूसरे पक्ष को मुकदमे में फंसाकर समझौता किया जा सके। पुलिस ने आला कत्ल एक तमंचा 315 बोर नाजायज, एक मोबाइल हीरो कम्पनी कीपैड वाला, एक थैला बरामद किया है। गिरफ्तारी करने में थानाध्यक्ष चमन सिंह, उ. नि. जितिन कुमार, है.का. विपिन कुमार, पवन कुमार, हरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# बेटियां होती हैं दो-दो घर की रोशनी: तेवतिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हमारी बेटी ट्रस्ट की के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कार वितरित किए गए।

विकास क्षेत्र पंवासा के जूनियर हाईस्कूल भवानीपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा, अरविन्द सिंह एवं अजय कुमार शर्मा ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम में बेटियों को जागरुक करते हुए, हमारी बेटी ट्रस्ट के संपादक देवेन्द्र तेवतिया ने कहा कि आज बेटियॉ हर क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर हैं। हमें उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि उनके कदम ठहर न जाएं। उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने कहा कि शिक्षा वह संजीवनी है जो हमें उड़ना सिखाती है समाज में सम्मान दिलाती है और हमारे जीवन

**○बेटियों को पुरस्कार देकर किया गया प्रोत्साहित**

के रास्तों को सरल बना देती है। इसलिए एक कुशल नागरिक बनने के लिए, प्रत्येक बालक को भलीभॉति शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिलाधयक्ष अजय कुमार शर्मा ने हमारी बेटी ट्रस्ट की प्रशंसा में कहा कि जरूरतमंद बालिकाओं को साइकिल प्रदान करना, उनको अग्रिम शिक्षा प्राप्त करने में बहुत बड़ी मदद है, यह क्रम निरंतर चलते रहना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष अरविन्द सिंह एडवोकेट ने ट्रस्ट की आगामी योजनाओं को बताते हुए कहा कि आगे भी जरूरतमंद छात्राओं को पाठय सामग्री का वितरण समय-समय पर किया जाएगा, ताकि उन बेटियों की शिक्षा में कोई अवरोधउत्पन्न न हो। ट्रस्ट के संपादक देवेन्द्र तेवतिया ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्र निगहत और कल्पना को साइकिल सौंपी तथा अन्य छात्रओं को भी डिक्शनरी, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठय-सामग्री सौंप कर उनका सहयोग किया।




सम्भल- यूनिटि चिल्ड्रेन एकेडमी में कार्यक्रम में पत्रकार नादिर रजा जैदी को सम्मानित करते।

# दो अधिवक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज करने से वकीलों में रोष गहराया

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** अभी वरिष्ठ अधिवक्ता जफर अली की गिरफ्तारी पर चल रहा अधिवक्ताओं का रोष थमा भी नहीं है कि दो और अधिवक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज करने पर वकीलों में रोष गहरा गया है। बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के महासचिव हरिओम यादव ने बताया कि गुन्नौर बार के सदस्य हरीश चंद्र एडवोकेट और पुष्पेंद यादव एडवोकेट पर थाना धनारी पुलिस द्वारा एक झूठी एफआईआ धारा 103 बीएनएस में दर्ज की गयी है। जो पूर्ण रूप से गलत है। इसका बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर विरोध करती है। इसके चलते अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। जब तक हमारे बार के अधिवक्ता को न्याय नहीं मिल जाता। कल (आज) से पूर्ण रूप से हड़ताल पर रहेंगे। इसके साथ ही जरूरत पड़ी तो धरने पर भी बैठेंगे। कल (आज) एक प्रतिनिधि मण्डल सहसवान सीओ से जाकर मिलेगा। बताते हैं कि मामला थाना जरीफनगर बदायूं का है, लेकिन थाना धनारी में जीरो एफआईआर अधिवक्ताओं के विरुद्व दर्ज की गई है।

**○बार वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक में दी गई आन्दोलन की चेतावनी**



सम्भल-अक्रूर जी शोभायात्रा को व्यापारियों को निमंत्रण देते।

# सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र किए गए पुरस्कृत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** यूनिटि चिल्ड्रैन एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर कक्षा एवं विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र पुरस्कृत किए गए।

कार्यक्रम में हजरत नगर गढ़ी थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंधक दीपक कौशल ने अपने विचार व्यक्त कर शिक्षा हासिल करने को ज़रूरी बताते हुए कहा कि शिक्षा के बिना इन्सान पशु समान होता हैं एकेडमी के अली मुर्तजा, मौहम्मद साहिल, टॉपर रहे। जबकि ज्यान रजा, साहिर अब्बास, मीसम, फाजिल, दिव्यांका, मौहम्मद राहिल व शजर आलम को अपनी-अपनी कक्षा मे सर्वोच्च अंक पाने के लिए पुररूकृत किया गया। इस अवसर पर अली अब्बास, शम्स मेंहदी, अयान असगर, परवीन, शगुफ्ता और मुस्कान आदि ने प्रतिभाग किया। एकेडमी के संस्थापक शबीह अब्बास नकवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उधर कार्यक्रम में मान्तया प्राप्त पत्रकार नादिर रज़ा जैदी को थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

**○यूनिटि चिल्ड्रेन एकेडमी के वार्षिक परीक्षाफल समरोह में मान्यता प्राप्त पत्रकार नादिर रज़ा जैदी सम्मानित**

# बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज में हुआ हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज बबराला में शैक्षिक सत्र को लेकर विगत वर्षो की भांति हवन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री शक्ति पीठ बबराला के रविन्द्र पाल सिंह ने हवन पाठ करवाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धक सुमित यादव एवं प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह ने हवन में आहुति दी। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र- छात्राओं को बताया कि हवन पूजन पूजा पाठ का स्वास्थ्य एवं उनकी मंगल कामना के लिए किया जाता है। इस मौके पर प्रबन्धक सुमित यादव, प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह, उपप्रधानाचार्य राधेश्याम शर्मा, हरीश कुमार, मोहित सक्सेना, अपयश कुमार यादव, शिवप्रकाश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, हरीश चंद गुप्ता, दीपक कुमार आवेश कुमार, ललतेश, वेदप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अक्रूर जी शोभायात्रा को व्यवसायियों को दिया निमंत्रण

**बबराला।** नगर के व्यवसायियों को चन्दौसी के वार्ष्णेय बंधुओ ने 11 अप्रैल को चन्दौसी में निकलने वाली श्री अक्रूर जी शोभायात्रा का निमंत्रण दिया। बुधवार को वार्ष्णेय यूथ संगठन चन्दौसी के सदस्यों का नगर में स्वागत किया। उन्होंने 11 अप्रैल को चन्दौसी में निकाली जा रही श्री अक्रूर जी की शोभायात्रा में शामिल होने को कलेंडर रूप में छपे निमंत्रण पत्र नगर के व्यवसायियों को जनसंपर्क कर वितरित किये। उनसे शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। इस दौरान देवेन्द्र कुमार उर्फ मोनू, तुषार,विनय वार्ष्णेय, मणिकांत वार्ष्णेय, नितिन,मुकेश गुप्ता,प्रशान्त वार्ष्णेय आदि रहे।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम यासमीन के स्थान पर यासमीन अहमद है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

**यासमीन अहमद पत्नी मुनीश अहमद**
कस्बा सैफनी तहसील शाहबाद
जिला रामपुर

# अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत स्कूलों में कराएं पंजीकरण: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई के समस्त बहजोई विकास खंड क्षेत्र के प्रधनाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में का आयोजन किया गया। गया। कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीपीएमयू की टीम ने विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि एक से 5 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान प्रदेश में चलाया जा रहा है और उन्होंने सात प्रकार के पुरस्कारों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

जबकि तीन मुख्य बिंदु पंजीकरण एवं उपस्थित तथा नीति आयोग के प्रमुख बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। डीपीएमयू की टीम ने शिक्षक को गुरु कैसे बनना है, बच्चों की उपस्थिति को शत प्रतिशत कैसे सुनिश्चित किया जाए, विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की अच्छी गुणवत्ता स्कूल में रहे एवं अभिभावकों के साथ लगातार समन्वय रहे साप्ताहिक एसएमसी की बैठक की जाए जिससे बच्चों के पंजीकरण में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बुलावा टोलियों के साथ-साथ दरवाजा खटखटाओ अभियान भी चलाया जाए।

जिससे बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थित जनपद विद्यालयों में रहे। उन्होने ग्राम कुल की बैठक लगातार करने पर ज़ोर देते हुए कहा कि अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने और शिक्षा की गुणवत्ता को युद्व स्तर पर सही किया जाए। उन्होंने बताया कि अध्यापकों को बच्चों के नामांकन एवं बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक होने पर सात प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। डीपीएमयू की टीम ने प्रशिक्षण के 17 बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षित किया। उन्होंने पंजीकरण को कैसे बढ़ाएं एवं उपस्थित शत-प्रतिशत कैसे सुनिश्चित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि जितने भी जनपद में प्राइवेट स्कूल चल रहे हैं उसको सभी अध्यापक अपने स्तर से देख लें और उन्होंने कहा कि अपने स्कूल में भौतिक वातावरण के विषय में भी देखें जिससे बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय में एक शिकायत पेटिका भी लगाई जाए जिससे जो भी शिकायत हो वह शीघ्र प्राप्त हो सके और उसका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चें को आदर पूर्वक स्कूल में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए और उसे अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत स्कूलों में पंजीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि पंजीकरण एवं उपस्थिति के मापन के स्तर पर ही अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। अध्यापक मिशन मोड पर रहें लापरवाही संज्ञान में न आए। जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह बाद पुन: बैठक बुलाई जाए। जिलाधिकारी ने अध्यापकों की समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुना जिसमें अध्यापकों द्वारा बताया गया कि पंजीकरण के समय बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र की अधिक आवश्यकता रहती जबकि तत्काल एक पत्र जारी संबंधित सचिव ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में जन्म प्रमाण पत्र बच्चों के बने हैं या नहीं अगर नहीं बनते हैं तो तत्काल बनवाने का आदेश निर्गत करने के निर्देश दिए।

# सड़क दुर्घटना में लड़की की मौत, परिजनों ने कार्रवाई से इंकार करते हुए किया सुपुर्दे खाक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सड़क दुर्घटना में आज एक 18 साल की लड़की की मौत हो गई पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शब को कब्जे में लिया लेकिन परिजनों के किसी प्रकार की कार्यवाही से इंकार करने पर शब परिजनों को सौंप दिया गया जिसे सुपुर्दे खाक कर दिया गया है घटना सुबह ११:३० बजे की है सिकंदराबाद की रहने वाली इरम पुत्री अली हसन कांठ में अपनी बहन के घर आई हुई थी आज उसका बहनोई राशिद उसे बाइक पर बैठा कर घर छोड़ने जा रहा था जैसे ही बाइक गढ़ी के सामने पहुंची पीछे से आ रही बस ने उसे टक्कर मार दी टक्कर लगते ही लड़की सड़क पर गिर गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के आला अधिकारी और एसडीएम भी अस्पताल पहुंचे और शब को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवाया। लेकिन मृतक के पिता ने किसी भी कार्यवाही से इंकार करते हुए इस घटना को हादसा करार दिया। मृतका के पिता का कहना था की बाइक के सामने



कुत्ता आ गया जिसे बचाने के चक्कर में बाइक फिसल गई और बस चालक ने काफी बचाने की कोशिश की लेकिन लड़की बस की चपेट में आ गई पीड़ित पिता का कहना था कि इसमें बस चालक की कोई गलती नहीं है। इसलिए वह किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं चाहता उसके लिखित में कार्रवाई से इनकार करने पर पुलिस ने शब परिजनों को सौंप दिया जिसका शाम को दफन किया गया है।

## परवाने को लेकर हरकत में आया राजस्व विभाग

**चन्दौसी।** बगैर परवाना आये तहसील में कार्यरत संविदाकर्मी को आदेश मोबाइल में दिखाकर खतौनी में आदेश चस्पा कर दिया गया। जब खतौनी निकाली गई तो मामला संज्ञान में आया। यहां बताते चलें कि थाना बनियाठेर स्थित गांव मऊ अस्सू में पूर्व प्रधान गुमथल में गाटा सं० 328 की जमीन वर्ष 2024 में लल्लू सिंह से क्रय की और फाइल दाखिल खारिज को लगा दी परंतु भगवंती पत्नी मुरारी द्वारा आपत्ति लगा दी गई और आनन-फानन में आपत्ति का निस्तारण भी नहीं हुआ। केवल मोबाइल पर परवाना दिखाकर। तहसीलकर्मी को विश्वास में लेकर भगवंती का नाम तहसील पोर्टल पर चढ़ गया लेकिन क्रेता विनय शर्मा ने आपत्ति जताई जिस पर एसडीएम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मंगलवार को भगवंती का नाम हटा दिया गया और पुन: खतौनी को सही करके पुन: नयी खतौनी जारी की गयी।

# सहसपुर जा रही महिला से फिर उचक्कों ने ठगे कुंडल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सहसपुर जा रही महिला आज फिर कांठ में ठगी का शिकार हो गई ठगों ने अपने झांसे में लेकर उसके कुंडल उतरवा लिए और नौ दो ग्यारह हो गए। पुलिस हर बार की तरह अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है घटना दोपहर बाद की है उमरी कला के मोहल्ला पछियान निवासी फोजिया पुत्री मोहम्मद आजम सहसपुर जा रही थी जैसे ही वह कांठ में करनपुर अड्डे पर पहुंची तभी पीछे से आए दो बाइक सवारों ने महिला को रोक कर दरगाह के बारे में जानकारी की महिला के इनकार करने पर उन्होंने उसे थोड़ा आगे चलकर रोक लिया और एक व्यक्ति को बहुत बड़ा आमिल बताकर उसे कुछ जानकारी हासिल करने का आग्रह किया। महिला कुछ देर बाद अपने होश खो बैठी और कुंडल उतार कर उन्हें दे दिए, बताया गया कि ठगों ने कुंडल पुड़िया में रखकर महिला के बैग में रख दिए लेकिन बाद में देखा तो कुंडल गायव थे महिला रोती हुई परेशान हालत में अपने घर पहुंची और परिजनों को उसने बात बताई परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को घटना से अवगत कराया। बतादे कि इससे पहले भी बस स्टैंड से स्टेशन रोड मोड़ के बीच इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी



हैं लेकिन किसी भी घटना का खुलासा न होने के कारण ठगो के हौसले बुलंद है पुलिस सीसीटीवी खंगालने के बाद शांत हो जाती है कुल मिलाकर लोगों ने इस तरह के लोगो पर नजर रखते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### डिजिटल उपवास अभियान में खूब रूचि दिखा रहे हैं लोग, जमकर मिल रहा समर्थन...

**मुरादाबाद।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर प्राचीन सिद्धपीठ श्री नौ देवी काली माता जी मंदिर लालबाग के महंत श्री राम गिरि महाराज के द्वारा वर्तमान समय में इंटरनेट ओर मोबाइल के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए ओर बच्चों में




बढ़ती हुई इसकी लत को देखते हुए शुरू किए गए डिजिटल उपवास अभियान को जनमानस का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में दर्शन हेतु आने वाले अधिकतर श्रद्धालुओं के द्वारा इस अभियान की सराहना करते हुए संकल्प बोर्ड पर हस्ताक्षर करके इस अभियान को अपना समर्थन दिया जा रहा है। प्रथम नवरात्रि से अब तक भर जाने के कारण दो बार चेंज किया जा चुका है संकल्प बोर्ड,नवरात्रि के बाद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर इसका प्रचार प्रसार स्कूलों में कराए जाने की भी योजना है।

### नव संवत्सर पर छात्रों ने किया श्रमदान पेड़ पौधों को जीवंत रखने का लिया संकल्प

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में आज छात्र छात्राओं ने 2 दिन की छुट्टी के बाद कॉलेज पहुंचे छात्रों ने दूसरों को चौत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर पर बधाइयां दी तथा छात्रों ने नव वर्ष पर आचार्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। छात्र



विद्यालय पहुंचे और वहां से प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव के निर्देशन में विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई कर पेड़ पौधों को पानी दिया। बुधवार को सनातन हिंदू नव वर्ष चैत्र नव संवत्सर के अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने सभी छात्र छात्राओं को नववर्ष की बधाई दी और बताया नव संवत्सर अपने साथ प्रकृति में नया उत्साह और उमंग लेकर आता है । चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष शुरू होता है। जिसे गुड़ी पड़वा भी कहते हैं। रंजीत, सौरव, कृष्णपाल, उमेश ,गौरव, अंकल, अंकुश ,पंकज,मनवीर आदि सहित अन्य छात्रों ने पेड़ पौधों की निराई गुड़ाई कर उन्हें पानी दिया और पेड़ पौधों को जीवंत रखने के लिए निरंतर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव,आदित्य राघव, मनोज कुमार सागर, प्रदीप कुमार,सुषमा राघव, कुमारी ज्योति, सजल राघव आदि स्टाफ के साथ छात्र छात्राएं भी उपस्थित रही।

### ई-श्रम पोर्टल पर प्लेटफार्म वर्कर्स के लिए पंजीयन प्रारम्भ

**मुरादाबाद।** उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किसी ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से कार्यशील श्रमिक, जिसे अनुबंध की गयी शर्तो के अधीन पारिश्रमिक प्राप्त होता है किन्तु उन वर्कर्स और उनके नियोक्ता में कर्मचारी सेवायोजक का पारम्परिक संबंध नहीं होता है। यह वर्कर मात्र डिजिटल माध्यम से जुडे होते ऐसी श्रेणी के श्रमिकों के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार ने ई-श्रम पोर्टल पर प्लेटफार्म वर्कर्स के लिए पंजीयन प्रारम्भ कर दिये गये है। उन्होंने बताया कि राइड शेयरिंग सर्विस के अन्तर्गत ओला, उबर, क्विक राइड, कूबो, टैक्सी फोर्सर, फूड एण्ड लॉजिस्टिक डिलीवरी के अन्तर्गत जोमेंटो, स्वीगी, ब्लिंकिट, फुड पाण्डा, बिग बॉस्केट, जैपटो, ग्रोफर्स, लॉजिस्टिक सर्विस के अन्तर्गत एक्सप्रेसबीस, एक्सप्रेस लॉजिस्टिक, ब्लू डार्ट, फिडेक्स, ट्रेक्कॉन, शिप रॉकेट, पॉर्टर, ई-मार्केट प्लेस के अन्तर्गत टमजेन, फिल्पकार्ट, स्नैपडेल ई-वे, शॉप क्लू, होम शॅप 18, मिंत्रा, मीसो, प्रोफेशनल के अन्तर्गत टरबन कम्पनी, जेरोधा, एरेजल ब्रोकिंग, प्रेक्टो लाइक, बाइजूस बेटर हेल्थ, टॉक्स पेस, वेडान्टू, टॉपरस, लीगल रा, हेल्थकेयर के अन्तर्गत प्रेस्टो, नाइका, टाटा 1 एमजी, नेटमेडस, मेडलाइफ फिटविट, टैवर्ल्स एण्ड हास्पिटेलिटी के अन्तर्गत रेड बस, मेक आई ट्रिप गोइबो, यात्रा, अगोडा तथा कन्टेन्ट मिडिया सर्विस के अन्तर्गत यूटयूब, फेसबुक, नेटफिल्कस, स्पोटीफाई, गुगल अडवर्ड व गेन एग्रीगेटर्स श्रेणी में आते है और यह ई-श्रम पंजीयन के लिए पात्र है। ई-श्रम पोर्टल पर प्लेटफार्म वर्कर्स/गिग वर्कर्स अपना पंजीयन कराने हेतु वांछित अभिलेख आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक मोबाइल नम्बर आवश्यक है। प्लेटफार्म वर्कर्स/गिग वर्कर्स अपना पंजीयन सीएससी के माध्यम से या स्वयं भी कर सकते है।

### आज बंद रहेगा रेलवे फाटक 37बी

**चन्दौसी।** आज 03 अप्रैल को संभल रोड स्थित ३७बी रेलवे फाटक मरम्मत कार्य के कारण बंद रहेगा जिसके चलते गुरुवार को सुबह ०८ बजे से सायं 05 बजे तक रेलवे फाटक बंद रहेगा।

उत्तर रेलवे के सेक्शन इंचार्ज विपिन राज के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से चन्दौसी संभल रोड गांव जनैटा के नजदीक रेलवे फाटक पर मरम्मत का कार्य किया जायेगा जिसके रेलवे फाटक को निर्धारित समय के लिय बंद किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सड़क यातायात को डायवर्ट करने की व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा गया है।

# टिमिट में टैक्सेशन सिस्टम इन इंडिया पर एक्सपर्ट टॉक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्व. विद्यालय के प्रबंधन संस्थान (टिमिट) द्वारा टैक्सेशन सिस्टम इन इंडिया विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान (एक्सपर्ट टॉक) का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में इंस्टीटयूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के अध्यक्ष श्री सागर अग्रवाल ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया और छात्रों को भारत की कराधान प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी दी। इस सत्र का उद्देश्य बीबीए (सेमेस्टर चतुर्थ) और बीबीए आईबी एवं ई के छात्रों को भारतीय कर प्रणाली (इंडिया टैक्सेशन सिस्टम) की विस्तृत समझ प्रदान करना था, जिससे वे व्यावसायिक जगत में कर नीतियों को बेहतर तरीके से समझ सकें और उनका अनुपालन कर सकें। श्री सागर अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों का परिचय - उन्होंने बताया कि किस प्रकार आयकर, कॉरपोरेट टैक्स, जीएसटी कस्टम डयूटी और अन्य कर भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं जीएसटी (जीएसटी) की भूमिका उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर (गुडस एण्ड सर्विस टैक्स एण्ड जीएसटी) के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट, जीएसटी फाइलिंग और विभिन्न स्लैब की विस्तार से जानकारी दी। आयकर और कर नियोजन उन्होंने यह भी समझाया कि व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए कर नियोजन क्यों आवश्यक है और कैसे वे उपलब्ध कर कटौती और छूटों का लाभ उठा सकते हैं। कर अनुपालन और कानूनी आवश्यकताएं कैसे व्यवसायों को कर नियमों का पालन करना चाहिए और डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत कर भुगतान और फाइलिंग को आसान बनाया गया है। व्याख्यान के बाद एक इंटरएक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने श्री सागर अग्रवाल से कराधान से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया। छात्रों ने स्टार्टअप टैक्सेशन, जीएसटी रिफंड, कॉरपोरेट टैक्स, और कर बचत की रणनीतियों जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका श्री अग्रवाल ने व्यावहारिक उदाहरणों और केस स्टडीज के माध्यम से उत्तर दिया। कार्यक्रम के समापन पर टिमिट के प्रिंसिपल प्रो. विपिन जैन ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज का सत्र केवल एक अकादमिक चर्चा नहीं थी, बल्कि यह हमारे छात्रों के व्यावसायिक भविष्य को एक नई दिशा देने वाला मंच भी था। कर प्रणाली की समझ केवल कॉमर्स या वित्त क्षेत्र के छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के लिए आवश्यक है। श्री सागर अग्रवाल ने आज हमें कराधान प्रणाली की बारीकियों को समझने और कर प्रबंधन में विशेषज्ञता हासिल करने की प्रेरणा दी। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप कर प्रणाली और व्यावसायिक अनुपालन के प्रति जागरूक रहें, क्योंकि यह आपके




भविष्य के व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करेगा। मैं श्री सागर अग्रवाल का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर हमारे छात्रों को इस महत्वपूर्ण विषय पर शिक्षित किया।

इस एक्सपर्ट टॉक के माध्यम से छात्रों को भारतीय कराधान प्रणाली की व्यावहारिक और कानूनी जटिलताओं को समझने का अवसर मिला। इस तरह के सत्र न केवल छात्रों के ज्ञान को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें कर नियोजन और अनुपालन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं को भी सिखाते हैं। टिमिट भविष्य में भी छात्रों के लिए इसी तरह के उद्योग विशेषज्ञों और विषय विशेषज्ञों के साथ सत्र आयोजित करता रहेगा, जिससे वे अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अंतर्दृष्टि भी प्राप्त कर सकें।

# मार्केट में तारों का जाल बना लोगों के जी का जंजाल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मार्केट में खम्बो पर लगा तारों का जाल कहीं किसी के जी का जंजाल ना बन जाए इसको लेकर व्यापारी चिंतित है और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं। बतादे की मुख्य बाजार में लगे खम्बो पर तारों की भरमार होने के कारण यह जी का जंजाल बन गया है जो की खंबो से दुकानों तक इधर से उधर बड़ी संख्या में निकल रहा है।

इसके अलावा भी अन्य कई संसाधनों के लिए इस्तेमाल होने वाले केबिलों के कारण भी यह जाल जी का जंजाल बन रहा है आए दिन फाल्ट होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और मामूली सा अगर कोई शोभा यात्रा सड़क से गुजरती है तो बिजली विभाग बिजली बंद कर देता है व्यापारी मनजीत सिंह का कहना है कि अगर विभाग इन तारों को ठीक कर ले तो लोगों को विद्युत कटौती का सामना न करना पड़े उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल ढाई घंटे प्रतिदिन विद्युत कटौती के आदेश किए थे मगर विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण यह कई घंटो में परिवर्तित हो जाती हैं। उनका कहना है कि किसी भी धार्मिक आयोजन के बाद यदि कोई शोभायात्रा बाजार से गुजरती है तो बिजली विभाग उन तारो ठीक करने के स्थान पर विद्युत सप्लाई काट देता है। जिससे व्यापारियों और आम लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने बिजली विभाग के आला अधिकारियों से इन तारों के जंजाल से बचाए जाने की मांग की है।



# डॉ अंजना बनी बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्य

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या श्रीमती शिक्षा देवी के 31 मार्च को सेवानिवृत होने पर विद्यालय की वरिष्ठतम सहायक अध्यापिका डॉ अंजना शर्मा को कार्यवाहक प्रधानाचार्या बनाया गया है। श्रीमती शिक्षा देवी के सेवानिवृत होने पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। शिक्षकों ने उनके साथ बिताए गए समय और उनके कार्यकाल की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक सुशील कुमार शिक्षा देवी अंजना शर्मा नीरज यादव रेनू गौतम सुनीता आर्य सुदेश वाला नसीम बानो वेदांत सिंह सतीश कुमार दिग्विजय सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए तथा शिक्षा देवी के प्रधानाचार्य के रूप में एवं अध्यापन के रूप में कार्यकाल की सराहना की।

पहली अप्रैल से विद्यालय की प्रधानाचार्य का प्रभार डॉक्टर अंजना शर्मा को सौंप दिया गया विद्यालय के समस्त स्टाफ ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा को बुके भेंट कर बधाई दी । इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अन्य उपस्थित रहे।



# परीक्षाफल वितरण समारोह में बाटे प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर में स्टेशन रोड स्थित रिच लुक्स किड्स प्ले स्कूल में बुधवार को परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन हुआ जिसमें छात्रों को प्रमाण पत्र पुरस्कार बांटे गए स्कूल प्रबंधक मगन लांबा ने बताया कि सभी कक्षाओं के छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास की है उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।

स्कूल के एल के जी कक्षा की छात्रा मिशिता जैन पुत्री शशांक जैन बिलारी ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान तथा नियमित उपस्थिति में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



**अपने बाबा कौशल जैन संरक्षक व्यापार मंडल बिलारी के साथ प्रसन्न होती मिशिता जैन**

## परीक्षा परिणाम पाकर परीक्षार्थी हुए प्रसन्न

**चन्दौसी।** अप्रैल माह में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है। नगर के शिव शांति आदर्श जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। परीक्षा मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कुमार द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। वहीं सभी छात्र-छात्राओं से अग्रिम कक्षाओं में जाने पर अधिक परिश्रम करने को कहा। विद्यालय में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंधक एस.के. सक्सैना द्वारा मैडल पहनाकर व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक एस.के. सकसैना ने बच्चों से कहा कि आगे की कक्षाओं सभी मेहनत करें और एक बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

# बीज व भूमि उपचार गन्ने की खेती के महत्वपूर्ण अवयव, फसल सुरक्षा को बीज व भूमि उपचार के बाद ही गन्ना बुवाई करें किसान: उप गन्ना आयुक्त

**मुरादाबाद।** उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने गन्ना विकास परिषद अगवानपुर/चीनी मिल अगवानपुर के ग्राम पचोकरा मे गन्ना कृषक श्री उस्मान पुत्र श्री मुस्तकीम के खेत में चल रही बसंतकालीन गन्ना बुवाई में गन्ना किस्म को.शा. 13235 की बुवाई का निरीक्षण किया। उपस्थित कृषक/कृषकों से वार्ता की उन्हें पेडी गन्ने के खेत में हो रहे कम फुटाव पर जरूरी सुझाव दिये। उन्होने किसानों से कहा कि बीज एवं भूमि उपचार गन्ने की खेती के सबसे महत्वपूर्ण अवयव हैं। परिक्षेत्र के समस्त गन्ना किसान फसल सुरक्षा हेतु बीज एवं भूमि उपचार के बाद ही गन्ना बुवाई करें तथा चोटी बेधक के नियंत्रण के लिये लाईट ट्रेप भी लगायें। उन्होने गन्ना विकास परिषद अगवानपुर/चीनी मिल अगवानपुर के ही ग्राम छज्जुपुरा में कृषक श्री साबिर पुत्र श्री छिददा के खेत में चल रही बसंतकालीन गन्ना बुवाई में गन्ना किस्म को.शा. 13235 की बुवाई का भी निरीक्षण किया। कृषक से वार्ता करने पर कृषक श्री साबिर द्वारा बताया गया कि बुवाई से पूर्व भूमि उपचार हेतु ट्राईकोडर्मा का प्रयोग किया गया है तथा बीज गन्ने को थायोफिनेट मिथाईल से उपचारित कर बुवाई की जा रही है। उन्होने कृषक को पेडी गन्ने के खेत में हो रहे कम फुटाव पर जरूरी सुझाव भी दिये। भ्रमण के दौरान ही उप गन्ना आयुक्त, ने गन्ना विकास परिषद अगवानपुर/चीनी मिल रानीनांगल के ग्राम मौढी हजरतपुर में कृषक श्री हरप्रकाश के खेत में चल रही बसंतकालीन गन्ना बुवाई का भी निरीक्षण किया। मौके पर श्री विक्रम सिंह राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, गन्ना बुवाई कराते हुये पाये गये। कृषक श्री हरप्रकाश पुत्र श्री कनक सिंह द्वारा बताया गया कि बुवाई से पूर्व भूमि उपचार हेतु ट्राईकोडर्मा चीनी मिल रानीनांगल द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान पर दिया गया है तथा हैक्साटॉप चीनी मिल द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया है। उन्होने कृषक को बीज उपचार एवं बीज की छँटाई करने का सुझाव दिया गया। उन्होने गन्ना विकास परिषद अगवानपुर/चीनी मिल रानीनांगल के ग्राम बेगमपुर में कृषक श्री मदनपाल सिंह पुत्र श्री हेतराम के पेडी के खेत एवं उसमें टॉप बोरर की रोकथाम हेतु पावर-स्प्रेयर से किये जा रहे ईमिडाक्लोरोपिड के साथ हैक्साटॉप एवं यूरिया के स्प्रे का भी निरीक्षण किया। उप गन्ना आयुक्त ने उक्त खेत में पाइरिला के आंशिक प्रकोप की रोकथाम हेतु किसान को आवश्यक सुझाव भी दिये। इस अवसर पर श्री विक्रम सिंह राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, श्री वीरेन्द्र कुमार विकास कर्मी चीनी मिल रानीनांगल, श्री टी.एस.यादव महाप्रबन्धक (गन्ना) चीनी मिल रानीनांगल, महेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, राजीव कुमार, श्री संजीव कुमार एवं अन्य कृषक भी उपस्थित रहे।

**खोया-पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन संख्या 2/1054 स्थित बुद्धि विहार तहसील व जिला मुरादाबाद के मूल कब्जा पत्र व मूल आवंटन पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। जिनका प्रयोग अवैध होगा।

**जयपाल सिंह पुत्र हेमराज सिंह निवासी हरथला सब्जी मंडी तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# जल निगम की लापरवाही का खामियाजा उठा रहे लोग, फूटा गुस्सा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जल निगम के कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा नगर के लोग उठा रहे हैं आज लोगों का गुस्सा फूट गया उन्होंने नारेबाजी करते हुए सड़के ठीक कराए जाने की मांग उठाई। बतादे की नगर में जल निगम द्वारा पेयजल योजना को संचालित करने के लिए सड़कों के नीचे पाइपलाइन डाली जा रही है जिसके कारण सड़के टूट गई हैं और कहीं-कहीं महीनों से पाइपलाइन टूटी सड़कों के ऊपर पड़ी हुई है जिसके कारण लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है यही हाल नगर के मोहल्ला घोसीपुरा की अंबेडकर कॉलोनी का भी है वहां पर पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई लेकिन उस कार्य को पूरा करने के बाद सड़क को ठीक नहीं कराया गया आज लोगों का गुस्सा फूटा तो उन्होंने सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया और सड़कों को ठीक कराए जाने की मांग उठाई। इस मौके पर रमेशचंद जोशी, खेमसिंह, मुकेश जोशी, सचिन कुमार एडवोकेट, संजय शर्मा, प्रियांशु जाटव, जागेश कुमार जाटव आदि मौजूद रहे।



**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र फरीउद्दीन उर्फ अयान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

मौ0 अशरफ पुत्र शमशुद्दीन, निवासी निकट मदरसा अंजुमन, मौहल्ला अंसारियान बिलारी, थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद।

# नशे में धुत दरोगा ने बीच बाजार आते जाते लोगों को दीं गालियां

■ गुस्साए लोगों ने किया हंगामा बवाल होने से बाल-बाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नशे में धुत दरोगा ने बीच सड़क पर किया हंगामा, आते जाते लोगों के साथ कि गाली गलौच, मौके पर एकत्र लोगों ने दरा. ेगा की इस हरकत का विरोध करते हुए विधायक को दी सूचना, बाद में कोतवाली पुलिस दरोगा को साथ लेकर चली गयी। बीती रात नगर कोतवाली में तैनात दरोगा रवींद्र कुमार अपने साथ दो कॉन्स्टेबलों के साथ मेन बाजार स्थित राजीव ज्वेलर्स की दुकान के सामने ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान उक्त दरोगा नशे में बुरी तरह धुत होकर आते जाते लोगो को गालियां दे रहे थे।काफी देर तक ये सब चलता रहा तो दोनों ओर से आने जाने वाले लोग दोनो साइड में ही रुक गए और हर आने जाने वाले को रोकते रहे कि आगे मत जाओ, काफी देर तक हंगामा होता रहा उसके बाद कुछ लोगों ने फोन कर मामले की शिकायत सपा विधायक नवाब जान खां से की तब उन्होंने इस बात की शिकायत कोतवाली प्रभारी विवेक शर्मा से की।

इसके बाद कोतवाली पुलिस की गाड़ी आयी और लड़खड़ाते दरोगा जी को अपने साथ ले गयी उक्त दरोगा को अस्पताल ले जाया गया जंहा उनका मेडिकल कराया गया है जिसमे बाकायदा शराब की पुष्टि भी की गई है। बताते चलें कि नशे में धुत दरोगा द्वारा लोगो के साथ अभद्रता किये जाने के बाद मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए थे और दरोगा की हरकतों को लेकर



काफी नाराज भी थे लेकिन कुछ समझदार लोगों ने उन्हें शांत कर मामले को निपटा दिया। बीती रात हुई इस घटना से कोतवाली पुलिस की छवि को जो छति पँहुची है वो तो अलग बात है ही लेकिन इसके अलावा और भी कोई बड़ी घटना घट सकती थी और ये एक बड़ा कारण बन सकती थी किसी बवाल का।

जैसा कि बताया गया है कि नशे में धुत दरोगा का मेडिकल कराया जा चुका है और अब ये देखना होगा कि इस मामले में आगे कोई कार्यवाही होती है या फिर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# गले मिलने से बढ़ती है मोहब्बत: रामवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कुंदरकी ब्लाक प्रमुख निवास पर ईद मिलन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि की रूप में बोलते हुए कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि गले मिलने से आपसी मोहब्बत बढ़ती है। उन्होंने कहा कि ईद एक ऐसा त्यौहार है जो मोहब्बत का पैगाम देता है और आपस में मिठास पैदा करता है। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि के 30 दिन के रोजे रखने के बाद ईद हमें तोहफे के रूप में मिलती है। जिसे हमें आपस में मिलकर मानना चाहिए। भाजपा की संख्या का मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नफीसुल हसन फौजी ने कहा कि गले मिलते वक्त हमें अपने दिल के अंदर की सारी बुराइयों को दूर कर देना चाहिए। क्योंकि जब दिल हमारा साफ होगा तभी आपस में भाईचारा बढ़ेगा । इस अवसर पर कुंदरकी



विधायक रामवीर मुस्लिम समुदाय के लोग गले मिले और एक दूसरे मुबारकबाद दी। इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद थे। कुंदरकी ब्लाक प्रमुख नगमा जिलानी व ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, गुलाम रब्बानी ने वहां पर मौजूद सभी लोगों का इस्तकबाल किया और आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### कार चोर को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**कांठ( शाह टाइम्स )** पिछले महीने छजलैट से की गई स्कॉर्पियो के चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर गाड़ी बरामद कर ली और जेल भेज दिया। लोकेन्द्र पुत्र ब्रहम्पाल सिँह नि० ग्राम रायपुर थाना स्योहारा के पास 18 मार्च को शाम करीब 5.00 बजे फोन आया फोन पर उसने ने अपने आप



को सदाकत का निवासी बताया और उसकी स्कोरीपियो न० UK17 7500 को बुकिंग पर स्योहारा से मुरादबाद जाने को तय किया। १९ मार्च को उसने अपने मामा के पुत्र योगेश सैनी निवासी पीपलसाना थाना धामपुर जिला बिजनौर को गाड़ी लेकर भेज दिया योगेश छजलैट तिराहे पर पेशाब करने को रूका तो कार चोरी हो गई। पुलिस ने आज चोर को गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से गाड़ी भी बरामद हो गई चोर ने अपना नामअति कुमार पुत्र मोदेश्वर सिंह निवासी ग्राम गोहावर जैत थाना नूरपुर जिला बिजनौर बताया पुलिस ने चोर को जेल भेज दिया है।

### संदिग्ध परिस्थिति में अधेड ने गटका जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**ठाकुरद्वारा।** थाना भगतपुर क्षेत्र के अधेड़ ने संदिग्ध परिस्थिति मे जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनो ने आनन फानन में उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव वीरपुर निवासी 40 वर्षीय अधेड़ ने संदिग्ध परिस्थिति में घर में रखा जहरीला पदार्थ बुधवार को गटक लिया। अधेड़ की हालत बिगड़ती देखकर परिजन उपचार के लिए ठाकुरद्वारा के सरकारी अस्पताल लेकर पंहुचे। जहां पर चिकित्सक ने अधेड़ की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

### एसएसपी के आदेश पर महिला सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** मायके में आकर विवाहिता के साथ गाली गलौज व मारपीट कर किया घायल के मामले में पीडिघ्ता की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने महिला सहित 4 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपीवाला निवासी हसनेन अली की पुत्री गुलशाना की शादी वर्ष 2021 में डिलारी थाना क्षेत्र के ग्राम हाजी नगला तिगरी निवासी अलाउद्दीन पुत्र शब्बीर के साथ हुई थी।

जिसमें विवाहिता का आरोप है कि उसके पति अलाउद्दीन, ससुर शब्बीर पुत्र सद्दीक, सास मेसर जंहा व देवर जुल्फिकार ने मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इस घटना की शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से की थी। इसी रंजिश के चलते 25 मार्च 2025 को जब वह अपने मायके में थी और दो माह की गर्भवती थी, तभी उक्त लोग उसके मायके में घर मे आ घुसे और उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसके द्वारा की गई शिकायत पर आग बबूला हो गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने दुपट्टे से गला घोंटने का भी प्रयास किया। शोर मचाने पर मौके पर लोग एकत्र हो गए तो उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। मारपीट के बाद उसे ब्लीडिंग हो गयी । पीडिघ्ता का आरोप है कि उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसपर पीडिघ्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दर्ज कराई थी जिसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने महिला मेसर जहाँ, अलाउद्दीन , शब्बीर, जुल्फिकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन युवक को मारपीट कर किया घायल, तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** घर से किसी काम से जा रहे युवक के साथ गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। घायल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

नगर के वार्ड निवासी आजम खां पुत्र खुर्शीद खां ने बताया कि मंगलवार की देर शाम किसी काम से नगर के मोहल्ला जमनावाला में जा रहा था। तभी नगर निवासी एक दर्जन युवक बाइक से आए और बंदे की पुलिया के पास गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारने पीटने लगे। चींखपुकार पर मोहल्ले लोगों को आता देखकर मारपीट कर रहे युवक जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट में आजम खां गंभीर से घायल हो गए। घायल ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# श्रीरामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** श्री रामनवमी कमेटी की एक बैठक आहूत की गई। बैठक श्री रामनवमी कमेटी के अध्यक्ष राजेश रस्तौगी ने कहा की प्रभु श्री राम जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में श्री रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन दिनांक ०६ अप्रैल को किया जाना है।सर्वप्रथम शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए सभी के सुझाव लिए गये एवं व्यवस्थाओं के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया।श्री रामनवमी कमेटी अध्यक्ष राजेश रस्तौगी ने बताया कि इस बार कुछ झाकियां में परिवर्तन किया गया है भव्य झांकियां निकाली जाएगी।श्री रामनवमी कमेटी अध्यक्ष राजेश रस्तौगी ने कहा कि सर्वप्रथम भगवान वाल्मीकि जी की झांकी लव कुश के साथ फूलों से सुसज्जित भव्य झांकी प्रस्तुत की जाएगी साथ ही माता महाकाली की भव्य झांकी, खाटू श्याम जी की झांकी ओरिजिनल फूलों से सुसज्जित,माता का ढोल बहुत ही भव्य,भगवान गणपति जी की झांकी,राधा कृष्ण जी की झांकी,महाकाल जी की झांकी, इस बार भगवान विष्णु जी के दसों भगवान के अवतार की झांकी मन मोहक का केंद्र रहेगी जिन भगवानों के अवतार लिए हैं। पहली बार माता वैष्णो देवी के दरबार की भव्य झांकी, बांके बिहारी जी की झांकी जो वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में बनी हुई है बांके बिहारी जी के द्वारा प्रसाद वितरण करते हुए ओरिजिनल फूलों से सुसज्जित, अशोक वाटिका की झांकी प्रभु हनुमान जी फल वितरण करते हुए, माता शबरी की झांकी,केवट संवाद की झांकी, प्रभु ब्रह्मा विष्णु महेश जी की झांकी,प्रभु शिव पार्वती की झांकी,सभी झांकियां भव्य रूप से ओरिजिनल



फूलों से सुसज्जित होगी 23 झांकियां शोभायात्रा में शामिल है महाकाल वाले ढोल बाजे ताशे, दो बैंड बाजे आगे पीछे चलेंगे महानगर का वातावरण प्रभु मय होगा।प्रभु की प्रत्येक झांकी से प्रसाद का वितरण किया जाएगा।तदोपरांत श्री रामनवमी कमेटी की ओर से प्रभु श्रीराम जी के कैलेंडर का विमोचन किया गया।बैठक में श्री रामनवमी कमेटी अध्यक्ष राजेश रस्तौगी, डा. पराग अग्रवाल,रामलीला कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता (जुगनू जादूगर) महामंत्री पियूष गुप्ता, धवल दिक्षित,अजय कट्टा राजीव गुप्ता, विकास गुप्ता, उपदेश अग्रवाल, सुनील कुमार गुप्ता, प्रेमनाथ यादव, सुधांशु कौशिक, विनीत गुप्ता, अनुज अग्रवाल,श्याम कृष्ण रस्तौगी, अजय गुप्ता,अनुज शर्मा,अनूप महरोत्रा, उमेश कुमार अग्रवाल, नीतू सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, अर्चित गुप्ता, डॉ गौरव सिंह,श्याम किशोर रस्तोगी, शिवांश गुप्ता, सागर गुप्ता, प्राकुल गुप्ता, श्याम सुंदर गौड़ आदि शामिल रहे।

# घर मे महिला ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा नगर के कहारों वाला मंदिर मोहल्ला बार्ड 3 में मंगलवार की रात एक महिला ने रूपट्टा के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई के साथ फोरेंसिक टीम को भी सूचना देकर बुलाया गया फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष इकट्ठा किए पुलिस ने परिवार के लोगों के साथ साथ पड़ोसियों से भी पूछताछ की।

थाना क्षेत्र के कहारों वाला मंदिर मोहल्ला निवासी अनिल बाजारो मे मछली बेचता हैं। अनिल की शादी नौ साल पहले रजनी के साथ हुई थी। अनिल के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। साथ में एक बुजुर्ग मां भी रहती है मंगलवार की देर रात करीब साढ़े दस बजे रजनी उम्र (27) बच्चों के साथ घर पर थी। अनिल बाहर गया था। रजनी ने कमरे में बंद कर आत्महत्या की दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई कर ली।

रजनी को फंदे पर लटका देखकर बच्चे चीखने लगे। की चीकने की आवाज सुनकर आसपास की महिलाएं घर आ गई। सूचना पर पाकबड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार फोर्स के साथ के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की।

पुलिस का दावा है कि पति द्वारा शराब पीकर विवाद करने से आहत होकर महिला ने आत्महत्या कर ली है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिय भेजा आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी महिला के परिजनों को भी सूचित किया गया है।

# योगी सरकार के सफलतापूर्वक आठ वर्ष पूर्ण होने पर नगर में भाजपाइयों ने चलाया घर घर संपर्क अभियान

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के सफलता पूर्वक 8 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व भाजपा से चेयरमैन पद प्रत्याशी रहे पवन पुष्पद के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के सफलता पूर्वक 8 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में घर-घर जनसंपर्क अभियान किया गया। जिसमें केंद्र की प्रधानमंत्री मोदी की सरकार, एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदेश में 8 वर्षों में किए गए कार्य का लेखा-जोखा का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा। इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी पवन पुष्पद ने पार्टी पदाधिकारियों एवं



कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जन सम्पर्क कर भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही लोककल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न उपलब्धियों का लेखा जोखा रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से जनता के बीच रखा एवं कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को नवीन ऊचाईयों तक पहुँचाने के लिए भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। साथ ही जनता से 2027 के चुनाव में फिर से भाजपा को वोट करने का अनुरोध करते हुए फिर भाजपा सरकार बनाने की अपील की गई। इस दौरान , आशुतोष अग्रवाल, हेमेंद्र कुमार, यश अग्रवाल सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी वार्षिक उत्सव परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम टांडा आलम के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में शारदा संगोष्ठी वार्षिक उत्सव व परीक्षाफल वितरण किया गया ब्लाक क्षेत्र के गांव टांडा आलम के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में शारदा संगोष्ठी वार्षिक उत्सव व परीक्षाफल वितरण किया गया अध्यक्ष एसएमसी अध्यक्षा मंजू देवी ने की वही मुख्य अतिथि एआरपी सतीश मोहन रहे,जिन्होंने बच्चों को मेडल और प्रगति पत्र वित. रित किए। विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा नीरज कुमारी,कक्षा सात की खुशी त्यागी,कक्षा छह में अंश कुमार,कक्षा पांच में अमृता और अनन्या त्यागी व कक्षा चार में दिव्या कुमारी को कक्षा में प्रथम आने पर शील्ड प्रदान की गई जिसमें अन्य सभी बच्चों को प्रधानाध्यापक व एआरपी सतीश मोहन द्वारा मेडल और उनका प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया। एआरपी सतीश मोहन और प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार चौहान ने




बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की व अप्रैल माह में उपस्थित ग्राम वासियों से अधिक से अधिक अपने बच्चों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश करने का अनुरोध किया। वही बताया कि अब सरकारी स्कूलों के बच्चे नवोदय विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय,विद्या ज्ञान विद्यालय तथा विज्ञान क्विज और खेलों में बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे हैं। सरकारी विद्यालयों में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम होता है और समस्त स्टाफ प्रशिक्षित होता है। साथी विद्यालयों में निशुल्क भोजन, पुस्तकें ,जूता मौज, ड्रेस, फल ,दूध स्नैक्स आदि भी मिलता है। इस दौरान शिक्षक नरेश चंचल,मोहिनी व्यास, अनिल कुमार,रवि चौधरी, कुलदीप कुमार, कपिल राजपूत, रवि चौधरी ,रामपाल सिंह, कवींद्र पाल,कस्तूरी देवी हेमलता आदि मौजूद रही।

# ट्रांसफार्मर बदले जाने के कार्य के कारण बिलारी में बाधित रही बिजली

## सवेरे से शाम तक बिजली न मिलने से मचा हाहाकार, भीषण गर्मी में मिलेगा ट्रांसफार्मर बदले जाने का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के लोगों को बुधवार के दिन भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। सवेरे से लेकर शाम तक नगर को बिजली नहीं मिल पाई। जिसकी वजह से हाहाकार मच गया। घरों में पानी की कमी हो गई। इसके अलावा नगर पालिका से भी पानी लोगों को नहीं मिल पाया। वहीं इनवर्टर बेटरा जवाब दे गया। बिलारी के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर 5 एमबीए परिवर्तक वृद्धि करके उसके स्थान पर 10 एमबीए परिवर्तक स्थापित करने का कार्य सवेरे से किया गया। जिसकी वजह से टाउन 1,2 व 3 की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सवेरे 8 बजे से ही विद्युत आपूर्ति को बंद कर दिया गया। जिसके बाद देर शाम 7:30 बजे लोगों को विद्युत आपूर्ति मिल सकी। इसके साथ ही बिलारी की टाउन 3 की आपूर्ति देर रात तक सुचारू नहीं हो पाई। बिजली न मिलने की वजह से घरों में पानी के टैंक खाली हो गए, जिसकी वजह से पानी की किल्लत बरकरार रही। वहीं इनवर्टर भी जवाब दे गए। बिजली के ना मिलने से लोग बुरी तरह से परेशान दिखाई दिए। विद्युत विभाग के अवर अभियंता शिवम् वाष्णेय ने बताया कि ट्रांसफर बदले जाने का लाभ भीषण गर्मी में देखने को मिलेगा।



# सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल कराया अस्पताल में भर्ती

■ मनकुआ अड्डे के पास हुआ हादसा

**कांठ (शाह टाइम्स)** मनकुआ अड्डे के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है मनकुआ अड्डे के पास दो बाइक सवार आपस में टकरा गये जिसमे एक बाइक सवार सानिब पुत्र नासिर ग्राम धनौरी मीर थाना नोगवा जिला अमरोहा के गंभीर चोट आयी घायल के परिजन मोहम्मद मोशीन पुत्र इरशाद व परवेज पुत्र जाकिर उसे सरकारी अस्पताल ले गए जहां से उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। दूसरा बाइक सबार आफताब पुत्र जाकिर कस्बा उमरी थाना काँठ को फोटोन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शवा हायर सेकेंडरी स्कूल में साइंस ओलंपियाड का रिजल्ट हुआ घोषित

**मुरादाबाद।** 23 मार्च 2025 को हुए साइंस ओलंपियाड का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें चार ग्रुप में ग्रुप ए, ग्रुप बी, ग्रुप सी और ग्रुप डी में बच्चों को इनाम दिए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती मां को दीप प्रज्वलित करके किया गया। ग्रुप ए में लक्ष्य नैन कक्षा 10 ने कंप्यूटर जीता, कनिक चौहान कक्षा 10,बॉबी चौहान कक्षा 10 अफसा कक्षा 9 और प्रिंस कक्षा 9 ने स्पोर्ट्स किट जीती। ग्रुप बी में अंश कक्षा 7 ने कंप्यूटर जीता और मोहम्मद रिहान कक्षा 7 ,चंद्र मोहन कक्षा 7, तरुण कक्षा 8 और मणिका कक्षा 8 ने स्पोर्ट्स किट जीती। ग्रुप सी में अभिनव कक्षा 5 ने साइकिल और प्रज्ञा कक्षा 5 ने स्मार्ट वॉच जीती। साथ ही साथ रिहान कक्षा 4 ,भैरवी कक्षा ३ और परी कक्षा 3 ने स्पोर्ट्स किट जीती। ग्रुप डी में सचिन पाल कक्षा 1, दक्ष कक्षा 1,अभी यूकेजी आइन यूकेजी और मानवी एलकेजी ने स्पोर्ट्स किट जीती। बच्चों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का दिल जीत लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अलीमा कक्षा 7, जिया कक्षा 7, अलवीरा कक्षा 7, निदा कक्षा 8, वंशिका कक्षा 6 और अन्य बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन विदित सर ने किया। स्कूल प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई अध्यक्ष मनोज कौशल और प्रधानाचार्य विवेक बिश्नोई ने सभी मेधावी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहि. हत चौहान, विशाल कुमार, विपिन कुमार, सुरेश सिंह पुखराज सिंह नीलाक्षी, शाजिया परवीन, रिंकी चौहान और नाहिद परवीन आदि अध्यापकों ने सहयोग किया।




**बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पत्नी निशा बानो पत्नी नफीस अहमद पुत्री सादुल हसन नि० ग्राम औरंगाबाद तहसील व जिला अमरोहा गलत संगत में पड़ गई है ओर मेरी गैर मर्जी से किसी के साथ निकाह कर लिया है ओर मेरे घर से चीज जेवर ओर रूपए लेकर दिनांक 14.03. 2025 को घर से फरार हो गयी हैं जिसे मैंने अपने रिस्ते से आजाद कर दिया है। तथा इससे अपनी बीबी का रिश्ता खतम कर दिया हैं। इसके गलत व्यवहार व चलन की वजह से में इसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व कानूनी फौजदारी कार्यवाही के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगी। मेरा व मेरे परिवार का उक्त निशा बानो से कोई मतलब वास्ता ना होगा। **नफीस अहमद पुत्र रसीद अहमद निवासी ग्राम औरंगाबाद, जिला अमरोहा।**

# केकेआर और हैदराबाद की नजर जीत पर

**केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिंता का विषय है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है**




**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 15वें मैच में ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें जीत के साथ फॉर्म में वापसी करना चाहेंगी। इस सीजन केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिता का विषय रही है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है। क्विटन डी कॉक एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, जबकि सुनील नरेन अभी भी सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह और आंद्रे रसेल प्रभावशाली पारी खेलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की हालिया हार, जहां वे सिर्फ 116 रन पर ढेर हो गए, ने उनकी कमजोरियों को और उजागर कर दिया है। दूसरी ओर, एसआरएच के पास एक शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो कुछ ही ओवरों में खेल को अपने कब्जे में ले सकती है। हालांकि, पिछले दो मैचों में उनके आक्रामक रवैये ने उलटा असर दिखाया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की भूमिका इस मैच में महत्वपूर्ण होगी, जबकि हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा ने मध्य और निचले क्रम में तेजी लाने की अपनी क्षमता दिखा चुके है। एसआरएच आईपीएल 2024 के फाइनल में केकेआर से अपनी दिल तोड़ने वाली हार के बाद हिसाब चुकता करने के लिए उत्सुक होगा। उस हार की याद पैट कमिस की टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगी, जो शुरू से ही मैच पर हावी होने की कोशिश करेगी। अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं के बावजूद, केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण एक मजबूत पक्ष बना हुआ है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण होंगे। ईडन गार्डन्स में नरेन का रिकॉर्ड 6-33 की इकॉनमी से 60 मैचों में 71 विकेट उन्हें एक दुर्जेय खतरा बनाता है। स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने भी विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया है

**हैदराबाद के पास शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो खेल को अपने कब्जे में ले सकती है**

जबकि एसआरएच की बल्लेबाजी उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है, उनके गेंदबाजी आक्रमण में निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा है। मोहम्मद शमी और पैट कमिस को केकेआर के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोकने के लिए जल्दी ही अपनी लय हासिल करनी होगी। पिछले मैच में प्रभावित करने वाले युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ईडन गार्डन्स की पिच पर अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। हर्शल पटेल एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने डेथ ओवरों में अपनी विविधता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। ईडन गार्डन्स में पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों को तरजीह मिलती है, जहां पहली पारी में औसत स्कोर 167 रन रहा है। हालांकि, हाल के उच्च स्कोर वाले मैचों से पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को 190-200 के बीच स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। छोटी बाउंड्री पावर हिटर्स के लिए अतिरिक्त लाभ प्रदान करती हैं। बारिश की रुकावट के बिना मौसम गर्म रहने की उम्मीद है।

दोनों टीमें जीत के लिए बेताब हैं, इसलिए मुकाबला काफ़ी करीबी होने की उम्मीद है। अगर केकेआर हेड, अभिषेक शर्मा और क्लासेन को जल्दी रोक लेता है, तो उनके पास वापसी करने का एक अच्छा मौका है।

हालांकि, अगर एसआरएच की बल्लेबाज़ी लय में आ जाती है, तो वे जीत सकते हैं। एसआरएच का संभावित एकादश: ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेढी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिस (कप्तान), जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी इम्पैक्ट प्लेयर: एडम ज़म्पा/वियान मुल्डर **केकेआर का संभावित एकादश:** क्विटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती इम्पैक्ट प्लेयर: अंगकृष रघुवंशी।

# डफी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर



**दुबई, वार्ता।** वेलिगटन में पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी मैच में अपनी टीम की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। डफी ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील होसेन को शीर्ष स्थान से हटाकर यह मुकाम हासिल किया। डफी ने पिछले सप्ताह सात पायदान की छलांग लगाई थी और एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए थे और इस सप्ताह उन्होंने होसेन के अलावा वानिदु हसरंगा, आदिल राशिद और वरुण चक्रवर्ती को पीछे छोड़ दिया।

उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिसमें सलामी बल्लेबाज हसन नवाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ का विकेट शामिल है। बेन सीयर्स भी गेंदबाजों की सूची में 21 पायदान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों पर छह चौकों और 10 छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की पारी खेलकर बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिग हासिल की है। उनके सलामी जोड़ीदार फिन एलन एक पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर सूफियान मुकीम 25 पायदान की छलांग लगाकर 86वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिग में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच नेपियर में खेला गया पहला वनडे भी शामिल है, जिसे घरेलू टीम ने 73 रन से जीता था। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों पर 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 132 रन की मैच विजयी पारी खेली, जिससे वह 24 पायदान की छलांग लगाकर 78वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पाकिस्तान के बल्लेबाज सलमान आगा 58 रन की पारी के बाद छह पायदान की छलांग लगाकर 37वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिग में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ 38 रन देकर दो विकेट चटकाने के बाद नौ पायदान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि नसीम शाह एक पायदान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एलएसजी के गेंदबाज दिग्वेश पर जुर्माना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर मंगलवार रात भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। दिग्वेश सिंह ने अनुच्छेद 2-5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। इस बीच पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया। उन्होंने 172 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 16-2 ओवर में हासिल कर लिया। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर ने तेज अर्धशतक जड़कर 22 गेंद शेष रहते आसान जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ, पंजाब किंग्स ने लीग में अपना अपराजेय क्रम जारी रखा और सीजन की शुरुआत में खुद को मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया।

### ब्रिटेन की जोन्स कोलंबिया में कोर्ट पर गिर कर चोटिल

**बोगोटा, वार्ता।** ब्रिटेन की खिलाड़ी फ्रैन जोन्स को कोलंबिया में मैच के दौरान गिर गई जिसके बाद व्हीलचेयर पर उन्हे कोर्ट से बाहर निकाला गया। 24 वर्षीय खिलाड़ी बोगोटा में निर्णायक तीसरे सेट के नौवें गेम में सर्विस करने का प्रयास कर रही थीं, तभी वह फर्श पर गिर गईं। ब्रिटिश नंबर पांच खिलाड़ी जोन्स कोलसैनिटास कप के पहले दौर के मैच को पूरा नहीं कर पाईं। कोलसैनिटास कप के बयान में कहा गया कि शारीरिक समस्या के कारण फ्रांसेस्का जोन्स ने जूलिया रीरा के खिलाफ मैच से नाम वापस ले लिया है। हम ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस बीच, हीथर वॉटसन पहले दौर में इरीना श्यामनोविच से सीधे सेटों में हारने के बाद चार्ल्सटन ओपन से बाहर हो गई हैं। ब्रिटिश नंबर सात को बेलारूसी विश्व नंबर 215 ने 7-6 (10-8) 6-4 से हराया।

### धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर लगा जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** ाकिस्तान पर नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गये पहले एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान की टीम निर्धारित समय सीमा में दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाये जाने पर यह जुर्माना लगाया है। आईसीसी मीडिया बयान में कहा गया कि रिजवान ने अपराध और जुर्माना स्वीकार कर लिया है इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं रह गई।

# हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए की 40 संभावितों की घोषणा




**मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है**

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने यहां साई में चल रहे सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिग शिविर के लिए बुधवार को 40 सदस्यीय कोर समूह की घोषणा की। 23 मार्च को शुरू हुए इस शिविर में शुरू में 65 संभावित खिलाड़ी शामिल थे। पिछले दो सप्ताह के उनके प्रदर्शन के आधार पर अब समूह को घटाकर 40 खिलाड़ी कर दिया गया है।

मौजूदा कोर समूह की 28 खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है, वहीं 15वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन और शुरुआती राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उनके प्रयासों के आधार पर कोर समूह के बाहर से 12 नए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। गोलकीपिग विभाग में सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी और माधुरी किडो जैसे चार जाने-पहचाने नाम हैं, जिन्होंने कोर समूह में अपना स्थान बरकरार रखा है। उनके साथ असम हॉकी की समीक्षा सक्सेना भी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। डिफेंस में, मौजूदा कोर ग्रुप के आठ खिलाड़ियों महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरामबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति और अक्षता अबासो ढेकाले को बरकरार रखा गया है। इस बीच, हॉकी बंगाल से अंजना डुंगडुंग और मणिपुर हॉकी से सुमन देवी थौदाम को टीम में शामिल किया गया है। मिडफील्ड इकाई में वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और बलजीत कौर जैसे अनुभवी नाम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, चार नए खिलाड़ियों- हॉकी बंगाल से सुजाता कुजूर, हॉकी झारखंड से महिमा टेटे और अलबेला रानी टोप्पो और यूपी हॉकी से पूजा यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद शिविर में अपनी जगह बनाई है। फॉरवर्ड में टीम ने दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान को बरकरार रखा है, जिन्होंने लगातार दमदार प्रदर्शन किया है। उनके साथ पांच नई आक्रामक प्रतिभाएं ओडिशा से दीपिका टोप्पो, हॉकी मध्य प्रदेश से ऋतिका सिंह, हॉकी कर्नाटक से अन्नू और चंदना जगदीश और हॉकी महाराष्ट्र से काजल सदाशिव अटपडकर शामिल है।

# बेंगलुरु ने गुजरात को 170 रन का टारगेट दिया

**लियम लिविंगस्टन 54 रन बनाकर आउट सिराज को 3 विकेट मिले**




**बेंगलुरु, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबीद्ध ने आईपीएल 2025 के 14वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटीद्ध को 170 रन का टारगेट दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियंम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी।

बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बनाए। लियम लिविंगस्टन (54 रनद्ध ने अर्धशतकीय पारी खेली। जितेश शर्मा ने 33 और टिम डेविड ने 32 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके। साई किशोर को 2 विकेट मिला। अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा और ईशांत शर्मा ने एक-एक विकेट झटके। पारी की आखिरी बाल पर प्रसिद्ध कृष्णा ने टिम डेविड (32 रन) को बोल्ड कर दिया। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 169 रन बनाए। 19वें ओवर में बेंगलुरु ने 7वां विकेट गंवाया। यहां लियम लिविंगस्टन (54 रन) को मोहम्मद सिराज ने जोस बटलर के हाथों कैच कराया। उन्होंने फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड किया। 18वें ओवर में लियम लिविंगस्टन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने राशिद खान के ओवर में 3 छक्के मारे। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने छठा विकेट गंवाया। यहां क्रुणाल पंड्या (5 रन) को साई किशोर ने काट एंड बोल्ड किया। 14वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। राशिद खान के ओवर की दूसरी बाल पर जोस बटलर स्टंपिंग करने से चूक गए। यहां लिविंगस्टन 21 रन पर खेल रहे थे। इस ओवर की आखिरी बाल पर क्रणाल पंड्या ने चौका लगाकर टीम को 100 पार पहुंचाया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। साई किशोर ने जितेश शर्मा को लान्ग आन पोजिशन पर कैच कराया।

जितेश ने 33 रन बनाए। 13वें ओवर में जितेश शर्मा और लियम लिविंगस्टन ने पांचवें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। ओवर की पहली गेंद पर लिविंगस्टन ने सिंगल लिया और 50 रन की साझेदारी पूरी की। बेंगलुरु का चौथा विकेट 42 रन के स्कोर पर गिरा था। 11वें ओवर में लियम लिविंगस्टन को जीवनदान मिला। साई किशोर के ओवर की चौथी बाल पर लिविंगस्टन ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला। लान्ग आन पर खड़े राहुल तेवतिया के पास बाल गई, लेकिन उन्होंने आसान-सा कैच छोड़ दिया।

# पंजाब किंग्स ने लखनऊ को आठ विकेट से हराया

**अर्शदीप ने तीन विकेट लिए, प्रभसिमरन ने 69 व अय्यर ने नाबाद 52 रन बनाए**




**लखनऊ, वार्ता।** अर्शदीप सिंह (तीन विकेट) के बाद प्रभसिमरन सिंह (69), कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 52) और नेहाल वढेरा (नाबाद 43) रनों की आतिशी पारियों के दम पर पंजाब किग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 13वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। पंजाब किग्स की यह लगातार दूसरी जीत है और वह अंक तालिका में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में प्रियांश आर्य (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तार श्रेयस अय्यर ने प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 11वें ओवर में दिग्वेश राठी ने प्रभसिमरन को आउटकर मैच का अपना दूसरा विकेट लिया। प्रभसिमरन ने 34 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (69) रनों की पारी खेली। पंजाब किग्स ने 16-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। श्रेयस अय्यर ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 52) रन बनाए। वहीं नेहाल वढेरा ने 25 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 43) रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए। इससे पहले निकोलस पूरन (44) और आयुष बडोनी (41) के जानदार पारियों के बाद अब्दुल समद के फर्राटा प्रदर्शन की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किग्स के खिलाफ सात विकेट पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत का बल्ला आज भी नहीं चला। एडम मार्करम (32) के बाद क्रीज पर आये कप्तान पंत का इस्तकबाल लखनऊ के दर्शकों ने खड़े होकर और शोर मचा कर किया मगर पंत आज भी प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मात्र दो रन के निजी स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल के हाथों अपना विकेट गंवा बैठे। इससे पहले भी मौजूदा सत्र के दो मैचों में पंत सस्ते में आउट हुए थे। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की शुरुआत फीकी रही। पहले पॉवर प्ले में मेजबान टीम के तीन अहम विकेट मिचेल मार्श (0), एडन मार्करम (32) और ऋषभ पंत (2) मात्र 35 रन के कुल स्कोर पर पवेलियन की राह पकड़ चुके थे। ऐसे कठिन समय में निकोलस पूरन और बडोनी ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए पिच पर टिके रहने की रणनीति अपनाई।

# उम्मीद नहीं थी अंतिम एकादश का बनूंगा हिस्सा: नेहल वढेरा




**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पंजाब किग्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले नेहल वढेरा को मंगलवार को मैच से पहले उम्मीद नहीं थी कि वह अंतिम एकादश में अपनी जगह बना पाएंगे। पंजाब किग्स (पीबीकेएस) ने मंगलवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से शानदार जीत के साथ टाटा आईपीएल 2025 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी है। एलएसजी को 171/7 के कुल स्कोर पर रोककर, पीबीकेएस ने केवल 16-2 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया था। लगातार दूसरी जीत ने उन्हें अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। 25 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले नेहल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जिस तरह से प्रभसिमरन और अय्यर बल्लेबाजी कर रहे थे, वह जबरदस्त था। वे एक ही प्रवाह के साथ आगे बढ़े और गेंद लगातार कनेक्ट होती रही और बाद में, जब मैं आया, तो मेरे मन में एक स्पष्ट विचार था कि अगर गेंद मेरी रेंज में है, तो मैं 100 प्रतिशत खेलूंगा। और अगर गेंद मेरी रेंज में नहीं है, तो मैं बस एक या दो रन लूंगा।

# कोवेंट्री का आईओसी अध्यक्ष चुना जाना सराहनीय: वोस

**लॉज़ेन, स्विटज़रलैंड, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) के अध्यक्ष इंगमार डी वोस ने मंगलवार को क्रिस्टी कोवेंट्री के नए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) अध्यक्ष के रूप में चुनाव की सराहना करते हुए इसे दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश बताया।

दो दिवसीय एफईआई फ़ोरम के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डी वोस ने कहा कि पहले दौर में चुनाव जीतने के लिए क्रिस्टी कोवेंट्री को बधाई, जो मुझे लगता है कि यह बाहरी दुनिया को एक बहुत ही स्पष्ट संदेश देता है कि आईओसी में एक तरह की आम सहमति है। जिम्बाब्वे की ओलंपियन कोवेंट्री 20 मार्च को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में अपने चुनाव के बाद आईओसी की पहली महिला अफ्रीकी अध्यक्ष बनीं। डी वोस ने कहा कि उन्होंने मतदान से पहले कोवेंट्री के साथ व्यापक चर्चा की। हमने नए अध्यक्ष के लिए हमारी प्राथमिकताओं के बारे में बात की। वह मूल रूप से इस बात पर सहमत थीं कि ध्यान फिर से खेल पर आना चाहिए। आईओसी का मुख्य पेशा ओलंपिक खेलों का आयोजन करना है और हमारा मानना है कि लोगों को इस दिशा में और अधिक आगे बढ़ना चाहिए। 2025 एफईआर फ़ोरम ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए योग्यता प्रणाली, जंपिग, इवेंटिग, ड्राइविग और पैरा-ड्राइविग के लिए नियम अपडेट और एक रणनीतिक ड्रेसेज एक्शन प्लान सहित प्रमुख विषयों को संबोधित किया। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक और पैरालिपिक टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए योग्यता अवधि जर्मनी के आचेन में 2026 एफईआर विश्व चैंपियनशिप के साथ शुरू होगी और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगी। एफईआई महासचिव सबरीना इबानेज़ ने कहा कि हमने इस बारे में अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों के साथ स्पष्ट परामर्श किया है, और फिर हम इस वर्ष योग्यता के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे और अगले वर्ष नियमों के लिए हमारे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय महासंघों द्वारा हमारी आम सभा 2026 में में अनुमोदन किया जाएगा। 2026 तक एफईआई अध्यक्ष के रूप में अपना तीसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा कर रहे डी वोस ने संगठन की स्थिरता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। 61 वर्षीय बेल्जियम निवासी ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात एफईआई को अच्छे हाथों में छोड़ना है।

### रॉब वाल्टर ने दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच का पद छोड़ा

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वाल्टर ने आज सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटियाज को कोचिग देना एक अविश्वसनीय सम्मान की बात है और हमने साथ मिलकर जो हासिल किया है, उस पर मुझे बेहद गर्व है। खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट समुदाय इस पूरी यात्रा में शानदार रहे हैं। हालांकि अब मेरे लिए पद छोड़ने का समय आ गया है, लेकिन मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि टीम आगे बढ़ती रहेगी और और भी ऊंचाइयों को छुएगी। वाल्टर के कार्यकाल के दौरान दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा था। दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरान लगातार आठ मैच जीत थे।

# रोनाल्डो ने गार्डियोला के लिए किया आग्रह

**रोनाल्डो ने राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है**




**कियारियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो ने ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) से राष्ट्रीय टीम के प्रबंधक पद के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला के कार्यकाल को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है।

उधर, गार्डियोला ने बार-बार खुद को सेलेकाओ से जोड़ने की अटकलों का खंडन किया है। उन्होने पिछले साल नवंबर में दो साल के लिए मैनचेस्टर सिटी से जुड़ने के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि रोनाल्डो ने सीबीएफ से 54 वर्षीय गार्डियालो को न छोड़ने का आह्वान किया, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान प्रबंधकों में से एक माना जाता है। रोनाल्डो ने ब्राजील के बैंड टीवी से कहा कि मैं कोशिश करूंगा, लेकिन यह वास्तव में सीबीएफ की तुलना में बहुत तेजी से किया जाना चाहिए। मैं गार्डियोला, जॉर्ज जीसस और एबेल फेरेरा को लक्ष्य बनाऊंगा। उन्होंने कहा कि ग्रेमियो के पूर्व प्रबंधक रेनाटो गौचो के नाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। रोनाल्डो ने कहा कि यदि उनमें से कोई भी काम नहीं करता है, तो मेरे पास रेनाटो गौचो को लाने की योजना होगी, जो मुझे लगता है कि विश्व कप तक एक तत्काल समाधान प्रदान कर सकता है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो बहुत आसानी से टीम के विश्वास को जीत सकते हैं और मौजूदा स्थिति को बदल सकते हैं। ब्राजील पिछले शुक्रवार से प्रबंधक के बिना है, जब विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना से टीम की 4-1 की हार के बाद डोरिवल जूनियर को बर्खास्त कर दिया गया था। पांच बार के विश्व कप विजेता वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र क्वालीफाइंग स्टैंडिग में चौथे स्थान पर हैं।

# एक ही समुदाय के दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 12 लोग घायल

■ थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रहोली में सोमवार को ईद की नमाज के बाद मदरसे में बच्चों में हुआ था विवाद



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव रहोली में एक ही समुदाय के दो पक्षों में कहासुनी को लेकर लाठी डंडे चल गए जिसमें दोनों पक्षों की ओर से बारह लोग घायल हो गए जिनका पुलिस ने मेडिकल कराया है। सोमवार की सुबह ईद की नमाज के बाद मदरसा में बच्चों-बच्चों में झगड़ा हो गया था जिसको लेकर एक-दूसरे को समझा-बुझाकर मामला शांत कर दिया गया था। अगले दिन मंगलवार को दोपहर फिर से दोनों पक्षों में कहा सुनी के बाद लाठी-डंडे चल गए जिसमें एक पक्ष से दस तथा दूसरे पक्ष से दो लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई हैं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। एक पक्ष से बिट्टन खां का आरोप है कि उसका चचेरा भाई अफजल खेतों से फसल देखकर लौट रहा था। तभी गांव के ही पांच लोगों ने अफजल के साथ गाली-गलौंज करते हुए मारपीट की बचाव में आये सलमान सहित दोनों लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं एहसान पुत्र फरजंद अली का आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडों से घर पर हमला किया जिसमें तपेश, खालिद, हसनैन, अरमान, उवैस, उमर, गुल बहार, संजीदा, सुल्तान, सद्दाम सहित दस लोग घायल हुए हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक पक्ष से दो तथा दूसरे पक्ष से पांच लोग सहित सात लोग घायल हुए हैं जिनका मेडिकल कराया जा रहा है।

## सड़क हादसे में दो युवतियों की मौके पर मौत

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र चौकी जीरो पॉइंट दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर दिल को दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। आपको बता दें कि, मंगलवार रात्रि के 11:30 नैनीताल से घूम कर अपनें घर रोहतक लौट रहे थे कि,उसी समय एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक कार को 50 मीटर तक घसीटते ले गया।और चौकी जीरो पोइंट के पास फर्म की दिवार से टकरा कर रुका। और आग पर काबू पाकर दोनों मृतक युवतियों को बाहर निकाला। और गंभीर रूप से घायल युवकों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भिजवायाकार सवार चार लोगों के परि. जनों को भी सूचना दी पुलिस ने मृतक दोनों युवतियों क पंचनामा भरकर शबों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। और ट्रक को अपनें कबजे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

# फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के एक वांछित अभियुक्त आराम सिंह पुत्र असफर्री सिंह निवासी अलापुर उर्फ रामपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त आराम सिंह को कुढफतेहगढ जनपद सम्भल में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया गया कि अलापुर उर्फ रामपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद में वह एक ऐसे गिरोह का सदस्य है। जिसमें काफी लोग जुडे है, जो सुनियोजित तरीके से गरीब लोगों को माध्यम बनाते हुए फर्जी बीमा पॉलिसी करके विभिन्न जीवन बीमा कंपनी जैसे आईसी आईसीआई प्रूडिंशयल, पीएनबी मेटलाईफ, बजाज एलाईन्स, एसबीआई जीवन बीमा इत्यादि को आर्थिक हानि पहुंचाते हैं और बीमा का सारा पैसा हडप लेते हैं। आगे उसने बताया कि यह लोग निरंतर ऐसे लोगों की तलाश में रहते हैं जो कि बीमारी की वजह से मरणासन्न स्थिति में होते हैं। ऐसे व्यक्तियों के परिवार वालो से बात कर मरणासन्न व्यक्तियों को स्वस्थ दिखाते हुये फर्जी तरीके से इनकी जीवन बीमा पॉलिसी करवायी जाती है क्योंकि यह लोग अक्सर गरीब होते हैं इनका प्रीमियम इन लोगों के द्वारा ही भरा जाता है। इन लोगों को ज्यादा प्रीमियम नहीं भरना पडता क्योंकि यह लोग जल्दी मर जाते हैं और मरने के बाद ये सभी क्लेम का पैसा बांट लेते हैं। जो व्यक्ति खत्म हो गया है उनकी बैंक डेट में फर्जी तरीके से पॉलिसी कराकर उनका जो बीमा क्लेम का रूपया मिलता था उसे भी आपस में बांट लेते थे। नॉमिनी का जो खाता खुलवाया जाता था उन खातों का संचालन भी गिरोह के सदस्यों द्वारा ही किया जाता था। मोबाइल नम्बर भी इनके ही लगे होते थे। पुलिस द्वारा जांच करने पर आराम सिंह पुत्र असफर्री सिंह निवासी अलापुर उर्फ रामपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को टी-पाईंट ग्रीन चन्दौसी के पास से गिरफ्तार किया गया।



## एक नजर

### उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीमपुर ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

**कांठ ( शाह टाइम्स )** उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीमपुर (कम्पोजिट) में बुधवार को ष्स्कूल चलो अभियानष को सफल बनाने हेतु जागरूकता रैली निकाली स शिक्षक, व बच्चों के द्वारा शत प्रतिशत



नामांकन हेतु स्कूल चलो रैली गांव में निकाली गईसरैली को संबोधित करते हुए डॉ कपिल सिरोही( अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट) ने कहा की 06-14 वर्ष के सभी बच्चों का शत प्रतिशत विद्यालय में नामांकन होना है, इसके लिए समस्त ग्रामवासियों का सहयोग जरूरी है उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अभिभावकों से बच्चों का दाखिला विद्यालय में कराने का आह्वान किया स और शासन द्वारा बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं से अवगत कराया ।रैली में प्रधानाध्यापक सर्मेन्द्र सिंह, मोनिका विश्नोई, किरण बाला, ब्रजबाला,रामचंद्र, रजनी अरोरा, मिनाक्षी वर्मा, अंजू चौधरी,शिक्षा मित्र हरपाल सिंह, आँगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम विश्नोई, सहायिका रिंकू, अभिभावक शामनती, मीनू आदि उपस्थित रहें।

### भाजपा नेता विशाल चौहान ने पूर्व सीओ पर लगाए आरोप

**चन्दौसी।** पूर्व भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष डा० विशाल चौहान ने वीडियो जारी कर कहा है कि मेरे खिलाफ साजिशन अभियोग पंजीकृत



कराये गये हैं। पूर्व में चन्दौसी में क्षेत्राधिकारी रहे के०के० सरोज पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सपा वाली मानसिकता है। वह जब चन्दौसी रहे तो भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट किया। ऐसे लोगों के लिंक काफी ऊपर तक होते हैं जिसके कारण इनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती। भाजपा नेता ने कहा कि उन पर सीओ के समय में झूठे अभियोग पंजीकृत कर अपराधी बनाने का प्रयास किया गया, इस संबंध में उनके पास पुख्ता प्रमाण हैं। समय आने पर प्रत्यक्ष करेंगे। ऐसे अधिकारियों ने सीधे-साधे लोगों को जीवन दूभर कर दिया जिससे ऐसे लोग अपराधी बनने को मजबूर हो जाते हैं।

### वक्फ बिल का किया समर्थन, बिल के लागू होने से होगा विकास

**मुरादाबाद।** राष्टीय सयोजक मुस्लिम राष्टीय मंच मदरसा छात्र मजाहिर रुहैला पठान ने कहा कि एक तारीखी दिन साबित होगा हिंदुस्तान के लिये मुसलमानो के लिये वक्फ बिल बहुत बड़े समर्थन से पास होगा। जो हिंदुस्तान के गरीब मुस्लिमो का एक सुनहरा दौर शुरु होगा ।यह



वक्फ बोर्ड जो बनाया गया था यह उस वक्त के हुकुमरान पार्टी कांग्रेस जनता दल जनता कॉमनिस्टो ने अपने मुस्लिम नेताओं को मजबूत करने ओर मुसलमानो पर हकूमत करने के लिये बनाया। ओर उनको इसका मूतवाली मंत्री। लाखो एकड जमीन का मालिक बनाया।किया आज तक वक्फ बोर्ड ने कोई यूनिवारसिटी। हॉस्पिटल लड़को लड़कियो का हॉस्टल बेवाओं को बसाने के लिये कॉलोनी बनाई किसी गरीब के बच्चो की शादी तालीम का जरीया बने। अब इस बिल के पास होने पर जनाब नरेंदर मोदी वजीरीये आजम के नेतर्त्व मे एक सुनहरी डौंर शुरु होगा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गुरुवर श्री इन्द्रेश कुमार जी के मार्गदर्शन मे यह काम बिल आने के वक्त से हि कर रहा है मजाहिर रुहैला पठान ने भारत के रश्वादी मुस्ल्मो से अपील की है के वह इसका समर्थन करे और भड़काऊ मुस्लिम नेताओं का बहिष्कार करे।



**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था व जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त की गई।

# राजस्थान की संस्था मां माधुरी बृजवारिस सेवा सदन के संस्थापक के साथ डीएम ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में सार्वजनिक स्थानों पर बहुत ही अस्वच्छ, गंभीर रूप से रुग्ण और पीडिघ्त स्थिति में पाये जाने वाले बेघर, निराश्रित, उत्पीडित, असहाय, परित्यक्त, मानसिक और शारीरिक रूप से रुग्ण, घायल, संक्रमित, वृद्ध, और मरणासन्न अवस्था में पड़े लोगों की सेवा के लिए राजस्थान के भरतपुर की संस्था माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर संस्था के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ बृजमोहन भारद्वाज का सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा पुष्प एवं पुस्तक देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा माँ माधुरी बृज वारिस सेवा सदन अपना घर संस्था के माध्यम से सेवा किये जाने, बचाव, किये जाने, आश्रय दिये जाने, देखभाल किये जाने के संबंध में उक्त संस्था द्वारा सेवा के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य, ऐसे लोगों की सेवा, आश्रय, भोजन, चिकित्सा उपचार, घर जैसी देखभाल, पुनर्वास आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि इस संस्था का शुभारंभ 29 जून 2000 ई को राजस्थान के भरतपुर से 08 किमी दूर ग्राम बझेड़ा जिला भरतपुर में अपना घर के प्रथम आश्रम की स्थापना की गयी। अपना घर आश्रम एक ऐसा सेवा मंदिर है जहाँ सेवा को पूजा एवं मानव सेवा को माधव सेवा माना जाता है। अंजान असहाय पीडिघ्त लोगों को अपना घर संस्था द्वारा अपनाया जाता है तथा उन्हें जीवनयापन की सभी मूलभूत आवश्यक्ताओं से परिपूर्ण अपना घर उपलब्ध कराया जाता है जहाँ उन्हें सेवा के साथ साथ नि:शुल्क आश्रय, चिकित्सा, भोजन, वस्त्र, शिक्षा, सुरक्षा के साथ-साथ अपना. पन एवं ममतामई सेवाएं उपलब्ध होती हैं। उनकी संस्था देश के १२ राज्यों में अपनी सेवा दे रही है। उन्होंने बताया कि संस्था को जहाँ पर भी देश में भवन मिल जाता है। वहीं पर संस्था द्वारा अपना घर आश्रम का शुभारंभ कर दिया जाता है तथा जहाँ पर 21 सदस्य मिल जाते हैं वहां पर अपना घर सेवा समितियों का शुभारंभ कर दिया जाता है। देशभर में संस्था के 63 आश्रम चल रहे हैं, उत्तर प्रदेश में 15 आश्रम स्थापित हैं। उन्होंने बताया कि सेवा में परमानंद है सेवा सामान्य कार्य नहीं है। श्रेष्ठ कार्य में संसाधन जुटाने पडते हैं जबकि सेवा में संसाधन जुटाने नहीं पड़ते हैं। जहाँ धन्यवाद की भी चाह न हो वह सेवा है। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि अपना घर





संस्था ने सेवा की परिभाषा परिवर्तित की है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि एक समिति बनायी जाए तथा चंदौसी में भी इसी प्रकार की संस्था की स्थापना हो। ईश्वर की क्रीड़ा स्थली के दर्शन अपना घर में जाकर देखे जा सकते हैं। हम सभी अपनी दृष्टि को परिवर्तित कर सृष्टि की नयी रचना कर सकते हैं। सभी विभागीय लोग सेवा की दृष्टि रख कर कार्य करें तथा शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। मानव सेवा ही माधव सेवा है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उपजिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, उपजिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर शुभि गुप्ता, एवं संस्था से आये वीरपाल सिंह, शैलेंद्र त्यागी, जीके गुप्ता सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आठ साल बेमिसाल अभियान के अन्तर्गत भाजपाईयों ने किया जनसम्पर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को चन्दौसी नगर के शक्तिकेन्द्र लोधियान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये 08 साल बेमिसाल अभियान के तहत व्यापारिक प्रतिष्ठान और घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान नागरिकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 08 वर्षों के ऐतिहा. सिक कार्यकाल की उपलब्धियों से अवगत कराया। नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार के बीते 08 साल उत्तर प्रदेश के विकास, सुशासन और जनता के उत्थान के प्रतीक बन चुके हैं। इन वर्षों में प्रदेश ने माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्त होकर सुशासन की नई पहचान बनाई और एक सशक्त, सुरक्षित व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नींव रखी। कार्यक्रम संयोजक तरुण नीरज ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों पर कठोर कार्रवाई हुई, जिससे अपराध दर में भारी गिरावट आई और आम जनता को सुरक्षित माहौल मिला। कार्यक्रम सहसंयोजक अभिनव शर्मा ने बताया कि हर गाँव और हर घर तक बिजली पहुंचाई गई, हाईवे और एक्सप्रेसवे से प्रदेश को नई रफ्तार मिली। गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से करोड़ों गरीबों और किसानों को सीधा लाभ मिला। नगर मंत्री शीला सागर ने कहा कि आज नए उद्योगों, स्टार्टअप्स और एमएसएमई योजनाओं से लाखों युवाओं को रोजगार मिला है जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। जनसंपर्क में नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल,सभासद तरुण नीरज, अभिनव शर्मा, शीला सागर, सभासद मोहित दिवाकर, लेखवती सागर बूथ अध्यक्ष विकास मिश्रा, प्रियांशु मिश्रा, मोहनलाल मौर्या, दीपक मौर्य आदि सम्मलित रहे।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



**चन्दौसी/बनियाठेर।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल नव संवत्सर के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पारंपारिक तरीके से पथ संचलन का आयोजन किया। यह पथ संचालन गुंमथल गांव के बाहर बने वनखंडी संत आश्रम श्रीचौधरानाबाबा से प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान संघ के बौद्धिक सत्र में संघ की शाखाओं को नियमित रूप से लगाने पर जोर दिया गया। गणवेश में उत्सव के साथ स्वयंसेवकों ने सिर पर संघ की काली टोपी, सफेद कमीज, फुल पैंट और काले जूते पहनकर हाथों में लाठी लिए राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ पथ संचालन किया। पथ संचालन में संघ के स्वयंसेवकों के अलावा गांव के भी लोगों ने भाग लिया। साथ ही बाल स्वयंसेवक भी शामिल रहे। पथ संचालन के दौरान संघ घोष की लय पर अनुशासित स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए आगे बड़े जहां जगह-जगह उनका स्वागत फूलों की वर्षा करके किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यवाहक चरनसिंह, राजू पासी, राजपाल खागी, अमित कुमार, संदीप कुमार प्रजा. पति, पूर्व प्रधान विनय कुमार शर्मा, सुनील कुमार, मोहित उपाध्याय, सतेन्द्र पाठक, दीपक दिवाकर, नंदकिशोर, विनय कुमार, रवि, विवेक कुमार आदि उपस्थित है।

# आईएफटीएम में आयोजित क्रिकेट मैच में शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण टीम की हुई 70 रन से रोमांचकारी जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता ''शौर्य- 2025'' के तहत बुधवार को शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण की टीमों के बीच 20 ओवर के क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने टॉस उछालकर मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार जीत किसी की भी हो, सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। उन्होंने यह भी कहा कि हारकर ही जीत का मार्ग प्रशस्त होता है। कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि खेल का नाम सुनते ही मन रोमांचित हो जाता है, साथ ही खेल से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर शानदार 248 रन बनाए।

इसके जवाब में शिक्षक टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 178 रन पर ही सिमट गई। इस बेहद रोमांचकारी मैच में शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण टीम ने 70 रनों से जीत दर्ज की। शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण टीम के श्री जे.पी. सिंह सर्वाधिक 113 रन बनाकर 'मैन ऑफ द मैच' रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए खेल निदेशक व खेल संयोजक प्रो. त्रिवेदी ने बताया कि शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हो रहा है तथा इसके प्रति दोनों टीमों के खिलाड़ियों में खासा उत्साह है।

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच के दौरान परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुज श्रीवास्तव, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह समेत विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# नगर के नरेंद्र भूषण स्कूल में किया गया वार्षिक परीक्षा फल घोषित





**कुंदरकी।** नगर के श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इस अवसर नगर के सम्मानित अतिथियों ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रस्तुत कर उनकी हौसला अफजाई की इस अवसर पर कुंदरकी लाइव ग्रुप के संरक्षक प्रवीन भूषण अग्रवाल ने कहा कि हम सबको निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए तभी हम जीवन में प्रगति कर सकते हैं बाल जीवन में हमें जो सीखने को मिलता है वही बड़े होकर काम आता है, दूसरी और अतिथि राष्ट्रीय खिलाड़ी मोहम्मद रफी ने कहा कि स्कूली बच्चों के माता-पिता को स्कूल के अध्यापक गण का सम्मान करना चाहिए क्योंकि यही अध्यापक बच्चों को जीवन की दिशा प्रदान करते हैं, बाल जीवन बार बार नहीं मिलता है। इस अवसर पर यासीन पठान आमिर कूलन शोएब साबरी दानिश पाशा आजम राणा रेहान खान हाजी मोहम्मद इमरान अफजाल अहमद अख्तर अहमद विपुल जैन आजादर अली सभी ने मिलकर पुरस्कार वितरण किया। नर्सरी कक्षा में रिफत अरहान सदिया एलकेजी में फेबिया शिफा असद यूकेजी में सिदरा आवेश अली, हिबा जेहरा फर्स्ट में अरहान आमिर रजा इमरान सेकंड में भावना चंद्र अहमद राजा निशा थर्ड में अनु अफीफा प्रियांशी फोर्थ ओमान गोसिया फिफ्थ में लता मोहम्मद रयान सदिया सिक्स में कृष्ण हमजा जोया ७जी मे फेबिया तन श 8 जी क्लास में दीक्षा देव अभिषेक ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य फजले अब्बास नकवी, बुशरा, सदिया, सोफिया हाफिज आदि ने बच्चों को उत्साहित किया।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

## वक्फ बिल पर रार

आज बुधवार को वक्फ संशोधन बिल लोक सभा पटल पर रखा गया। अगर यह बिल दोनों सदनों से पारित हो जाता है, तो इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा और वक्फ बोर्ड के प्रबंधन, संपत्तियों के नियमन और अन्य प्रस्तावित बदलाव लागू हो जाएंगे। आज इस बिल को पटल पर रखने के बाद बीजेपी के किरण रिजिजू ने इसकी उपलब्धियां गिनाई, तो विपक्ष ने इस पर हंगामा कर दिया। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका विरोध किया, तो एक बार संसद में हंगामा हो गया। इस बिल के जरिये बीजेपी यह जताने का प्रयास कर रही है कि वह गरीब मुसलमानों की हितैषी है। इससे पहले कभी सरकार का ध्यान इन पर नहीं गया। न तो इनकी शिक्षा का कोई अच्छा इंतजाम है और न ही रोजगार का। इन्हें इनके हाल पर जीवन जीने के लिए छोड़ रखा है। अब सरकार को इनका ख्याल कैसे आ गया, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सरकार का मानना है कि मालदार मुसलमानों ने गरीब मुसलमानों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। यदि यह बिल पास हो जाता है, तो उनकी जमीन उनको वापस मिल जाएगी। मोदी सरकार के पिछले दस साल और वर्तमान में अभी तक गरीब मुसलमानों के लिए क्या किया गया है, इस बात को ये गरीब लोग ही अच्छा जानते हैं। सरकार और विपक्ष दोनों ने इस मुद्दे पर अपनी कमर कस ली है, जिससे संसद में तीखी बहस और हंगामे की संभावना जताई जा रही है। आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। हालांकि, विपक्ष ने 12 घंटे की मांग की थी, जिसे सरकार ने ठुकरा दिया। लोकसभा से पारित होने के बाद, विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। राज्यसभा में एनडीए के पास अभी बहुमत नहीं है, इसलिए वहां इसे पास कराने के लिए सरकार को सहयोगी दलों और कुछ अन्य सांसदों का समर्थन जुटाना होगा। यहां देरी या संशोधन की संभावना बढ़ सकती है। विपक्षी इस बिल का कड़ा विरोध कर रहे हैं। विपक्ष इसे असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बता रहा है। क्या यह बिल मुस्लिम समुदाय को कमजोर करने की साजिश है। आज सरकार इन गरीबों की जमीन के बारे में सोच रही है, लेकिन भारत की जो जमीन चीन ने हथिया रखी है, उसके बारे में सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। इसके बावजूद इस बिल को लाकर उथल-पुथल पैदा करना चाहती है। आज देश में गरीब मुसलमान दयनीय हालत में जी रहे हैं। उनके रहने के लिए मकान नहीं हैं। स्कूलों में उनके बच्चों के एडमिशन नहीं हो पाते, जिसके कारण उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं और इसके बाद उनके सामने मजदूरी करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता। गरीब मुसलमानों की चिकित्सा के लिए अच्छे अस्पताल नहीं हैं। जिला चिकित्सालयों में इतनी अव्यवस्थाएं हैं कि मरीज के साथ गए तीमारदार खुद मरीज हो जाते हैं। भारत में वक्फ बोर्ड के पास 9.40 लाख एकड़ जमीन है।

## सरकार देश में भय का माहौल बना रही



मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है, आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025 का कांग्रेस विरोध करती है, इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा, यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है, व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है, यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है, यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है, उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है, यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी।

**अभिषेक मनु सिंघवी**
**राज्यसभा सदस्य, कांग्रेस**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं...



**विनीत नारायण**

**2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसमें भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया, 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था**

भारत के इतिहास में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस रामस्वामी पर अनैतिक आचरण के चलते 1993 में संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। पर कांग्रेस पार्टी ने मतदान के पहले लोकसभा से बहिर्गमन करके उन्हें बचा लिया। 1997 में मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जे एस वर्मा के अनैतिक आचरण को उजागर किया तो सर्वोच्च अदालत, संसद व मीडिया तूफान खड़ा हो गया था। पर अंततः उन्हें भी सज़ा के बदले तत्कालीन सत्ता व विपक्ष दोनों का संरक्षण मिला।

2000 में एक बार फिर मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ. एएस आनंद के छह ज़मीन घोटाले उजागर किए तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये मामला चर्चा में रहा व तत्कालीन क़ानून मंत्री राम जेठमलानी की कुर्सी चली गई। पर तत्कालीन बीजेपी सरकार ने विपक्ष के सहयोग से उन्हें सज़ा देने के बदले भारत के मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बना दिया। इसलिए मौजूदा विवाद जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले नोटों के बोरे मिले, कोई चौंकाने वाली घटना नहीं है। न्यायपालिका को देश के लोकतांत्रिक ढांचे का आधार माना जाता है, जो संविधान की रक्षा और कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों की एकीकृत प्रणाली के साथ यह संस्था स्वतंत्रता और निष्पक्षता के सि(ांतों पर खड़ी है। दुर्भाग्य से हाल के दशकों में न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने इसकी साख पर सवाल उठाए हैं। किसी न्यायाधीश के घर पर बड़ी मात्रा में नगदी मिलना एक गंभीर मुद्दा है। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ़ न्यायपालिका पर कई सवाल उठते हैं बल्कि न्याय की आशा रखने वाली आम जनता का न्यायपालिका से विश्वास भी उठने लगता है।

भारत की न्यायपालिका का आधार संविधान में निहित है। अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय को शक्तियां प्रदान करते हैं, जबकि अनुच्छेद 214 से 231 उच्च न्यायालयों को परिभाषित करते हैं। यह प्रणाली औपनिवेशिक काल से विकसित हुई है, जब ब्रिटिश शासन ने आम कानून प्रणाली की नींव रखी थी। स्वतंत्रता के बाद, न्यायपालिका ने संवैधानिक व्याख्या, मूल अधिकारों की रक्षा और जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी प्रगतिशील भूमिका निभाई है। 1973 के केशवानंद भारती मामले में मूल संरचना सि(ांत और 2018 के समलैंगिकता की अपराधमुक्ति जैसे फैसले इसकी उपलब्धियों के उदाहरण हैं। हालांकि न्यायपालिका की छवि आमतौर पर सम्मानजनक रही है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप इसकी विश्वसनीयता को चुनौती दे रहे हैं। 2010 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद उन पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई। यह स्वतंत्र भारत में पहला ऐसा मामला था। हाल के वर्षों में कुछ निचली अदालतों के न्यायाधीशों के घरों से असामान्य मात्रा में नकदी बरामद होने की खबरें सामने आई हैं। 2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसने भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया। 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था। हालांकि ये आरोप सि( नहीं हुए, लेकिन इसने संस्थान की छवि को काफ़ी हद तक प्रभावित किया। कई मामलों में वकील और कोर्ट स्टाफ पर पक्षपातपूर्ण फैसलों के लिए पैसे लेने के आरोप भी लगे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या न्यायाधीश भी इसमें शामिल हो सकते हैं। ये घटनाएं अपवाद हो सकती हैं, लेकिन इनका प्रभाव व्यापक है।

भ्रष्टाचार के ये आरोप न केवल जनता के भरोसे को कम करते हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता पर भी सवाल उठाते हैं। न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियां भी हैं जो भारत की न्यायपालिका की वर्तमान स्थिति को परिभाषित करती हैं। आँकड़ों की मानें तो मार्च 2025 तक, देश भर में 4.7 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 80,000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 60 लाख से अधिक मामले विचाराधीन हैं। यह देरी भ्रष्टाचार के लिए अवसर पैदा करती है, क्योंकि लोग त्वरित न्याय के लिए अनुचित साधनों का सहारा ले सकते हैं। देश भर में न्यायाधीशों के स्वीकृत 25,771 पदों में से लगभग 20: रिक्त हैं। इससे मौजूदा जजों पर दबाव बढ़ता है और पारदर्शिता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी विवाद हुए हैं। कोलेजियम प्रणाली, जो न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, पर अपारदर्शिता और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते रहे हैं। 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक ठहराने के बाद भी इस मुद्दे पर बहस जारी है। इतना ही नहीं न्यायिक जवाबदेही की कमी बाई एक गंभीर मुद्दा है। क्योंकि न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया जटिल है और महाभियोग दुर्लभ है। इसके अलावा, आंतरिक अनुशासन तंत्र कमजोर है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता। देखा जाए तो बड़ी संख्या में ग्रामीण और गरीब आबादी को कानूनी सहायता और जागरूकता की कमी का सामना करना पड़ता है। यह असमानता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है।

न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का समाज पर प्रभाव बहुआयामी है। समय समय पर होने वाले सर्वेक्षण और सोशल मीडिया पर चर्चाएँ यह दर्शाते हैं कि लोग न्यायपालिका को पक्षपाती और भ्रष्ट मानने लगे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि न्यायपालिका पर भरोसा कम होने से कानून का सम्मान घटता है। जब किसी फैसले पर पैसे या प्रभाव से प्रभावित होने की आशंका उठती है, तो यह निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार के आरोप सरकार और अन्य संस्थानों के लिए हस्तक्षेप का बहाना बन सकते हैं, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ती है। कई लोग मानते हैं कि 'न्याय बिकता है' और गरीबों के लिए यह पहुंच से बाहर है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पारदर्शिता और तकनीक पर जोर दिया गया है। डिजिटल साक्ष्य और समयब) सुनवाई से भ्रष्टाचार के अवसर कम हो सकते हैं। वर्चुअल सुनवाई और ऑनलाइन केस प्रबंधन से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम हो सकती है।सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता को सख्त करने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे लागू करने में चुनौतियां हैं।



# वैज्ञानिकता से परिपूर्ण भारतीय पंचांग की कालगणना



**डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

**इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुन्दर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 का हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा, इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों का त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिसमें पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है**

धन्य है ऋषियों की ज्ञान परंपरा और उसकी परिणति है कालगणना की वैज्ञानिक दृष्टि से सटीकता एवं शुद्धता और उसी का आधार है भारतीय पंचांग जिसका संबंध ऋतु परिवर्तन, नव संवत्सर के शुभागमन पर विभिन्न धार्मिक पर्वों के आयोजन से है। पंचांग परंपरागत भारतीय कालदर्शक है। पंचांग दो शब्द पंच+अंग से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है पांच अंग अर्थात पंचांग में वार, तिथि, नक्षत्र, करण और योग पांच चीजों का विशेष रूप से उल्लेख होता है। इसके अलावा पंचांग से त्योहार, ग्रहण आदि घटनाओं और शुभ मुहूर्त की जानकारी प्राप्त होती है। वैदिक साहित्य-ऋग्वेद, यजुर्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथो में वर्ष के लिए संस्कृत शब्द संवत्सर का प्रयोग किया गया है।

संवत्सर नाम वत्स से पड़ा है क्योंकि प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। ऋतु परिवर्तन का कारण सूर्य है इसलिए भारत में छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर होती है। इसी वत्स के कारण वर्ष का नामकरण संवत्सर हुआ। नव संवत्सर का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुंदर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 को हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों को त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिससे पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है। गांव-देहात में महिलाएं वसंत ऋतु के गीत गुनगुनाकर हृदयस्थ खुशी के भावों को प्रकट करती हैं। नव संवत्सर से नवरात्रि का श्रीगणेश होता है। नवरात्रि शक्ति जागरण का पर्व है जिसमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्तियों को जाग्रत कर ऋतु परिवर्तन के साथ अनुकूलन करने की क्षमता का विकास होता है ताकि हम हर क्षेत्र में प्रगतिपथ पर आरुढ़ हो सकें।

भारतीय ऋषियों ने पंचांग की रचना की जो पूर्णतः वैज्ञानिक है क्योंकि समय निर्धारण के लिए ऋषियों ने सटीक समय मापन पद्धति को विकसित कर अपनाया जिससे आज के खगोलविज्ञानी भी सहमत है और वे भी मानते हैं कि हजारों वर्ष पहले विकसित ऋषियों की समय मापन पद्धति पूर्णतः शुद्ध व सटीक है क्योंकि भारतीय कालगणना का सूक्ष्मतम अंश परमाणु है तथा महत्तम ब्रह्मा की आयु है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि नई पीढ़ी तक नववर्ष पर पंचांग की वैज्ञानिकता और महत्ता का ज्ञान पहुंच रहा है। भारत के महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने आज से हजारों साल पहले लिखे अपने ग्रंथ में भारतीय ईकाइयों की विशद विवेचना की है।

उनके अनुसार एक विपल आज के 0.4 सेकंड के बराबर है तथा त्रुटि का मान सेकंड का 33750वां भाग है। एक पल में 60 विपल अर्थात 24 सेकंड होते हैं। 60 पल में एक घटी अर्थात 24 मिनट होते हैं। ढाई घटी का एक होरा होता है जिसका मान एक घंटा है। 2 घंटे की एक लग्न होती है ए3 होरा का एक प्रहर होता है। 24घंटे अर्थात एक अहोरात्र में 60 घटी या 12 लग्न या 24 होरा या 8 प्रहर होते हैं। इस होरा से ही अंग्रेजी का हावर बना है। दिन के प्रथम होरा और उसके स्वामी ग्रह के आधार पर दिनों का नामकरण हुआ। सृष्टि का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार के दिन हुआ। इस दिन के प्रथम होरा का स्वामी ग्रह सूर्य था इसलिए इस दिन का नाम रविवार, उसके अगले दिन के प्रथम होरा का स्वामी चंद्रमा तो सोमवार और अगले दिन प्रथम होरा का स्वामी मंगल था तो मंगलवार हुआ।

इसी प्रकार शेष वारों के नाम प्रथम होरा के स्वामी ग्रह के आधार पर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार निर्धारित हुए। पंचांग का निर्माण भूत, भविष्य, वर्तमान की गणना के लिए किया गया जैसे 7 दिनों को मिलाकर सप्ताह, चार सप्ताह का एक मास, दो मास की एक ऋतु, 6 ऋतुओं का एक वर्ष, 100 वर्षों की एक शताब्दी, 360 वर्ष का एक दिव्य वर्ष, 12,000 दिव्य वर्ष का एक महायुग होता हैं। चारों युग-सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग को मिलकर एक महायुग बनता है। 71 महायुग से 1 मन्वंतर और 14 मन्वंतरों से एक कल्प बनता है। एक कल्प ब्रह्मा का एक दिन है। धार्मिक एवं शुभ कार्यों के समय हम संकल्प मंत्र पढ़ते हैं--ऊं विष्णु र्विष्णुर्विष्णुः द्वितीय परार्ध श्री श्वेत वाराहकल्पेवैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे कलियुगे कलि प्रथमचरणे भारतवर्षे भरत खण्डे जम्बूद्वीपे आर्यावर्तेक देशान्तर्गते सिद्धार्थ संवत्सरे। इस मंत्र से हमें ज्ञात होता है कि इस समय 28वीं चतुर्युगी के कलियुग का प्रथम चरण, ब्रह्मा का द्वितीय परार्ध, श्वेतवाराह कल्प, वैवस्त मन्वंतर और सिद्धार्थ संवत्सर चल रहा है। 30 कल्प,14 मन्वंतर और 60 संवत्सर होते हैं। ब्रह्मा की 100 वर्ष की आयु 31नील10 खरब 40अरब वर्ष है। पंचांग में तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग इन पांच चीजों का मुख्य रूप से उल्लेख है। एक दिन को तिथि कहा गया है जो पंचांग के आधार पर 19 घंटे से 26 घंटे तक की होती है। चंद्र मास में 30 तिथियां होती हैं जो दो पक्ष-शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में बंटी है। शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और पूर्णिमा मिला कर 15 तिथि, वहीं कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और अमावस्या मिलकर 15 तिथि होती हैं। आकाश में तारामंडल के विभिन्न रूपों में दिखाई देने वाले आकार को नक्षत्र कहते हैं। मूलतः 27 नक्षत्र माने गए हैं-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी से लेकर रेवती तक 27 नक्षत्र हैं। चंद्रमा इन 27 नक्षत्र में भ्रमण करता है। 12 मासों के नाम आकाशमंडल के 12 नक्षत्रों के नाम पर रखे गए हैं जिस मास की पूर्णिमा को चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है उसी के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपती थी ब्रिटिश सरकार...



**26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टी जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की और हुआ, हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे**



**योगेश कुमार गोयल**

गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के ऐसे महान पुरोधा थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। उनके लेखों में ऐसी गजब की ताकत थी कि उनकी पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिल जाती थी। बेमिसाल क्रांतिकारी पत्रका. रिता के कारण ही गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार 'प्रताप' आज के दौर में भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श माने जाते हैं। वह एक निर्भीक पत्रकार, समाजसेवी, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा और ट्रेनिंग दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरुद्ध 'प्रताप' में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार किया जाता तो उनकी अनुपस्थिति में 'प्रताप' का सम्पादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे।

26 अक्तूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टर जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते 'विद्यार्थी' उपनाम अपना लिया और गणेश शंकर से 'गणेश शंकर विद्यार्थी' हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखनशैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' में उपसम्पादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया किन्तु विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने द्विवेदी जी का प्रस्ताव स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक 'अभ्युदय' में नौकरी ज्वाइन की। 9 नवम्बर 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं 'प्रताप' नामक पत्रिका निकालना शुरू कर दिया। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकद्दमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने 'प्रताप' का दैनिक संस्करण निकालना शुरू कर दिया, जो मूलतः किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने 'प्रताप' के अलावा 'प्रभा' नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया। घटना जनवरी 1921 की है, जब रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलवाई थी। 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने उस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा, जिसके लिए उन्हें तथा 'प्रताप' छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहा. नि का मुकद्दमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्टूबर 1921 को विद्यार्थी जी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 2022 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित 'जेल जीवन की झलक' नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और 'प्रताप' के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे।जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया था। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई। उसी दौरान उन्हें फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और गांधी-इरविन पैक्ट के बाद 9 मार्च 1931 को उनकी जेल से रिहाई हुई। स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिन्दू-मुस्लिम एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने दोनों समुदायों की भावनाओं को भड़काने का ऐसा खेल खेला कि जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे और देशभर में साम्प्रदायिक हिंसा फैलने लगी। कानपुर शहर भी साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस उठा। गणेश शंकर विद्यार्थी का मन इन दंगों से बड़ा व्यथित हुआ और वे स्वयं इन दंगों को रोकने तथा दोनों समुदायों में भाईचारा कायम करने के लिए लोगों को समझाते हुए घूमने लगे। कई जगहों पर वे लोगों को समझाने में सफल भी रहे और इन दंगों के दौरान उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई भी लेकिन वे स्वयं दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए। जो उन्हें पहचानते नहीं थे। उसके बाद उनकी बहुत खोज की गई किन्तु वे कहीं नहीं मिले। आखिर में उनका पार्थिव शरीर एक अस्पताल में लाशों के ढ़ेर में पड़ा मिला, जो इतना फूल गया था कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद गणेश शंकर विद्यार्थी स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए।

## माटी अब भी पूछती

पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से वीर
माटी अब भी पूछती, कब जागेगी पीर?
स्वप्न सिसकते रह गए, कहां गई वह बात
चिंगारी तो जल रही, राख हुई सौगात।
नारे मंच पर गूंजते, हुई जुबां है मौन
जोश बिखरकर रह गया, जज्बा लाए कौन।
होते हैं भाषण बहुत, पर खामोश ज़मीर
शब्द बचे हैं युद्ध के, गए कहां रणधीर?
भारत माता पूछती, कौन बने कुर्बान
लाल हुए थे जो कभी, लगते अब अनजान?
सबके हित की बात का, बुझने लगा उबाल
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं भूचाल।
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं तक़दीर
खुद को खुद से हारकर, भारत खड़ा अधीर।



**प्रियंका सौरभ**

# ईरान की परमाणु जिद हिला देगी अमेरिका के चूल

## यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे

**तेहरान।** अरब में महायुद्ध के सायरन बज रहे हैं। यहां किसी भी वक्त अमेरिका और ईरान की जंग शुरू हो सकती है, जिसकी वजह है ईरान की परमाणु जिद। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ कर दिया है, वो ट्रम्प से परमाणु वार्ता नहीं करेंगे। सिर्फ इतना ही नहीं ईरान ने ट्रम्प को धमकी दी है कि अगर यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने देश को संबोधित किया। संबोधन ईद पर था, लेकिन मंच से खामेनेई ने साफ कर दिया कि अमेरिका आग से खेल रहा है और ईरान वाशिंगटन को उसी के लहजे में जवाब देगा। उन्होंने कहा कि वो हम पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं, जिसकी हमें संभावना नहीं लगती, लेकिन यदि अगर वो कोई शरारत करेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से करारा जवाब मिलेगा। तेहरान से निकली इस धमकी और इन नारों की गूंज से वाशिंगटन तक में हड़कप है। डर है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो ईरान अमेरिकी को दहला सकता है और इसकी संभावनाएं खामेनेई के संबोधिन के बाद बेहद ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल, इसकी वजह देश को संबोधित करने के दौरान ईरानी सुप्रीम लीडर के हाथों में मौजूद ये राइफल है, जो साल 1980 के दशक की है। इससे पहले खामेनेई के हाथों में ये राइफल एक अगस्त 2024 को नजर आई थी। तब खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की मौत पर देश को संबोधित किया था, जिसके बाद एक अक्टूबर के दिन ईरान ने हानिया और नसरल्लाह की मौत का बदला इजरायल से लिया था। अब खामेनेई के पास ये राइफल अमेरिका की धमकियों के बीच एक बार फिर नजर आई है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान बहुत जल्द अमेरिका के खिलाफ बारूदी एक्शन ले सकता है। एक तरफ खामेनेई के रिएक्शन से अमेरिका पर एक्शन का रास्ता साफ हो गया है, तो वहीं ईरानी कमांडर्स के रुख से ऐसे सिग्नल मिल रहे हैं कि ईरान अमेरिकी हमले का इंतजार नहीं करना चाहता। माना जा रहा है कि ईरान अमेरिकी एक्शन से पहले ही उसे बारूदी संदेश भेज सकता है। दरअसल, आईआरजीसी के कमांडर अमेरिकी एयरबेस पर प्री एम्प्टिव स्ट्राइक की मांग कर हैं। आईआरजीसी कमांडर चाहते हैं कि ईरान डिएगो ग्रासिया एयरबेस के पास मिसाइल दागे, लेकिन इस मिसाइल से बेस को नुकसान नहीं होगा, बल्कि मिसाइल बेस के करीब समंदर में जाकर गिरेगी, अमेरिका के इस बेस की ईरान से दूरी 3846 किमी है। हाल ही में अमेरिका ने यहां 7बी-2 बॉम्बर तैनात किए थे। दरअसल, अमेरिकी बेस के पास मिसाइल दागकर ईरान ट्रम्प को अपनी क्षमता



और शक्ति का परिचय देना चाहता है ताकि ट्रम्प ईरान पर हमले के ख्याल को अपने जहन से निकाल दें। इधर, आईआरजीसी एयरफोर्स के कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने भी अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा है, जो शीशे के घर में रहते हैं, वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। अमेरिका के अरब में करीब 10 बेस हैं, 50 हजार से ज्यादा सैनिक मौजूद हैं। मतलब वो शीशे के घर में मौजूद हैं। साफ है ईरान के रडार में अमेरिका के कई बेस हैं। अगर ट्रम्प बारूदी कदम उठाते हैं, तो ईरान इन्हें दहलाकर अपना प्रतिशोध पूरा करेगा। ईरान की तैयारी इसपर मोहर भी लगा रही हैं। दरअसल, चीन ने मिसाइलों से लदा कार्गो शिप ईरान भेजा था, जो ईरान के बांदर अब्बास पोर्ट पहुंच चुका है। दावा है कि इसमें चीन की लॉन्ग रेंज मिसाइलें मौजूद हैं। आईआरजीसी ने नेवातिम एयरबेस पर मिसाइल ड्रिल शुरू कर दी है। सैटेलाइट तस्वीरें से खुलासा हुआ है कि ईरान मिसाइलों की एक्यूरेसी टेस्ट कर रहा है।

### ईरान खुद को कर रहा तैयार

ईरान की इन तैयारियों को अमेरिका से जोड़कर देखा जा रहा है। दावा है कि ईरान ट्रम्प के हर संभावित कदम के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इधर ईरान से आ रही खबरों के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान को बारूदी धमकी भेजी है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में कहा है कि अगर ईरान डील नहीं करता, तो बमबारी होगी और ऐसी बमबारी होगी, जो पहेल कभी नहीं देखी गई। दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ऐसे पहली बार है जब डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर स्पष्ट शब्दों पर बमबारी की बात की है। हालांकि ट्रम्प और ईरान के बीच अरब के देश एक दीवार की तरह खड़े हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सऊदी, कुवैत और कतर ने ईरान को गुप्त आश्वासन दिया है। वो ईरान पर हमले के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट में ये भी दावा है कि ट्रम्प ईरान पर हमला करने वाले थे, लेकिन इन तीनों देशों से अमेरिका को ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि ये देश ट्रम्प को कबतक रोक पाएंगे ये कहना बेहद मुश्किल है। इधर, 2 हफ्ते बाद भी हूती पर अमेरिका की स्ट्राइक जारी है। अमेरिका ने एक बार फिर सना और अल हुदैदा पर एयरस्ट्राइक की।

### अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह

दावा है कि अमेरिका की लेटेस्ट स्ट्राइक में 40 हूती लड़ाकों की मौत हो गई। वहीं, हूती के टॉप मिसाइल एक्सपर्ट अब्दुल खालिक बदरुद्दीन अल-हौथी के भी मारे जाने की खबर है। हूती ने भी अमेरिका पर जबरदस्त पलटवार किया है। हूती का दावा है कि उसके हमले में अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह हो गया। हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि हमारी सेना ने सफलतापूर्वक अमेरिका का डफ-9 ड्रोन मार गिराया है। वो हमें तबाह करने के मिशन पर था, लेकिन हमने उसे जहन्नुम पहुंचा दिया। ये दुश्मन का 16वां ड्रोन है, जिसे हमने तबाह किया है। हूती भले इसे बड़ी कामयाबी बता रहा है, लेकिन ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के मौजूदा हमले अभी सिर्फ शुरुआत भर है। अगर लाल सागर में हूती के मिसाइल अटैक बंद नहीं हुए, तो पहले असली तबाही हूती देखेगा और उसके बाद हूती का प्राजोयक ईरान। ट्रम्प के रुख से साफ है, वो किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति हासिल करने देना नहीं चाहते, फिर चाहे इसके लिए उन्हें अरब में महायुद्ध ही क्यों ना छेड़ना पड़े।

# गाजा में पर्याप्त भोजन का दावा खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजरायल के गाजा में पर्याप्त भोजन है, के दावे को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया। गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए जिम्मेदार इजरायली सैन्य एजेंसी सीओजीएटी ने दिन में पहले कहा कि अगर हमास नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराता है, तो लंबे समय के लिए पर्याप्त भोजन है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा ''हास्यास्पद। हम अपनी आपूर्ति के अंतिम चरण में हैं।'' उन्होंने कहा कि बेकरियों को ''मज़े के लिए'' बंद नहीं किया गया है क्योंकि मुख्य सामान गायब हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एक अप्रैल



इजरायली रक्षा मंत्री ने की गाजा पट्टी पर हमले तेज करने की घोषणा, पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी सेना

को घोषणा की कि उसके गोदामों में आटा खत्म हो गया है और जब तक इजरायल क्रॉसिग को फिर से नहीं खोलता और आपूर्ति की अनुमति नहीं देता तब तक उसकी बेकरियां संचालित नहीं हो सकतीं। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को सेना से गाजा पट्टी पर सैन्य हमले तेज करने की घोषणा की और इसके बाद सेना बफर ज़ोन स्थापित करने के लिए गाजा पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी। श्री काट्ज ने एक बयान में कहा, ह्इस विस्तार में युद्ध क्षेत्रों से गाजा की आबादी को व्यापक रूप से निकाला जाएगा। गौरतलब है कि इज़रायल ने 18 मार्च को दो महीने का युद्ध विराम के बाद हमले तेज कर दिए और फलिस्तीनी एन्क्लेव पर घातक हवाई और ज़मीनी हमले फिर से शुरू कर दिए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नए सिरे से किए गए इज़रायली हमलों में अब तक 1,042 फलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य 2,542 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से इजरायल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50,399 हो गई है।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी अस्पताल में भर्ती



**कराची।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने पर उन्हें मंगलवार शाम एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति अपने पैतृक शहर गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार श्री जरदारी अपने पैतृक शहर गए हुए थे और उन्हें बुखार और संक्रमण की शिकायत होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आगे की जांच के लिए कराची ले जाने का फैसला किया। डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। उनके परिवार के सदस्य भी अस्पताल में उनसे मिलने गए। प्रधानमंत्री शरीफ ने जरदारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## पाक ने अफगानों का सामूहिक निर्वासन टाला

**इस्लामाबाद।** पाक ने अवैध रूप से देश में घुसे अफगानिस्तान के नागरिकों के सामूहिक निर्वासन की शुरुआत को 10 अप्रैल तक के लिए टाल दिया है।

पाकिस्तान के अखबार डॉन ने यह रिपोर्ट दी। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक अप्रैल से दस अप्रैल तक के लिए स्थगन मुस्लिम त्योहार ईद के कारण है जो रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। पाकिस्तान में तीस लाख अफगानों को कथित तौर पर निर्वासन के लिए नामित किया गया है।






# नेपाल में प्रदर्शनों के बीच संवाद का दौर

**काठमांडू/रक्सौल।** नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बीच जांच, गिरफ्तारी और कूटनीतिक संवाद का दौर शुरू हो गया है। नेपाल की सरकार अबतक करीब चौबीस कथित आंदोलनकारियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सरकार ने गृह मंत्रालय को काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन की जांच का आदेश दिया है। इन्ही प्रतिकूल हालातों के बीच नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने भारतीय अधिकारियों से बात की है और भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल में प्रतिकूल राजीतिक हालातों के बीच भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। यह मुलाकात इस लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस वर्ष 12 मार्च को काठमांडू के त्रिभुवन



अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर अपने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के स्वागत में आंदोलनकारियों ने भारत के हिदूवादी पहचान वाले राजनेता योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ प्रदर्शन किया था। उस प्रदर्शन में राजशाही और हिदू राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। दूसरी तरफ नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने पहले भारतीय अधिकारियों से राजशाही समर्थक आंदोलन के मुद्दे पर बात की है। हालांकि भारत लगातार तटस्थ रह कर नेपाल में बदलते हालातों पर नजर रखे हुए है, फिर भी इस मुद्दे पर नेपाल द्वारा भारत से किए जा रहे इन कूटनीतिक संवादों के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इधर नेपाल की सरकार ने गृह मंत्रालय को हिसक तिनकुने विरोध प्रदर्शन की जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसमें लोग घायल हुए और हताहत हुए थे। जिला पुलिस रेंज के प्रवक्ता एसपी अपिल राज बोहरा के अनुसार, काठमांडू पुलिस ने राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा सहित 24 लोगों को राजशाही आंदोलन से संबंधित अराजकता, आगजनी और लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार किया है। ए गिरफ्तारियां जिला पुलिस रेंज काठमांडू द्वारा की गईं। इसके अलावा 41 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को हुए प्रदर्शनों के हिसक हो जाने पर कीर्तिपुर निवासी फोटो पत्रकार सुरेश रजक और सबिन महारजन की मौत और बड़े पैमाने पर आगजनी की घटनाएं हुईं थी।

नेपाल सरकार ने जनता से राजशाही समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने से बचने का आग्रह किया है। मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने भी मंगलवार को मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिग के दौरान इस आशय की घोषणा की थी।

## अमेरिकी आयात पर इजरायल ने शुल्क रद्द किए

**तेल अवीव।** इजरायल सरकार ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच और अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निर्देश पर इजरायल ने अमेरिका, इजरायल के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार से आने वाले उत्पादों पर अब तक लगाए गए सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं।'' बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल के बीच 1985 के मुक्त व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आयातित 99 प्रतिशत वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई थी।

